भाज

भाज ३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

१०७ वर्ष

दिखायी कातिल अदाएं

रश्मिका मंदाना

वाराणसी, गुरुवार २२ अक्तूबर, २०२६ सौर ५, आश्विन शुक्ल ११, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

यूपीमें मुख्यमंत्रीने पुलिसकर्मियों के लिए की तीन बड़ी घोषणाएं

मोटर साइकिल, वर्दी-सिम भत्तामें भारी बढ़ोतरी

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिसकर्मियों के भत्तों में बढ़ोतरी की घोषणा की। फील्ड ड्यूटी में तैनात सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर का मोटरसाइकिल भत्ता 700 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया। इसके अलावा पीपीएस अधिकारियों का यूनिफॉर्म भत्ता 6,400 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये और कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल का मोबाइल भत्ता 2,000 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये प्रतिमाह किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि एक दौर था, जब अपराधी खुली जीप में बैठकर ऑटोमेटिक (शेष पृष्ठ ९ पर)



भारतके बाहरसे भी प्रायोजित हैं दुष्प्रचार करने वाली ताकतें-मुख्यमंत्री

गोरखपुर (आससे.)। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को बांटने वाले और सामाजिक एकता को तोड़ने वाले निशाचर रावण से प्रेरित हैं क्योंकि रावण भी एकता को खंडित करता था। उन्होंने कहा कि जो लोग जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर समाज की एकता को खंडित करके भारत को कमजोर करना चाहते हैं, उनके अंदर रावण की आत्मा आ गई है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को भारत की एकता (शेष पृष्ठ ९ पर)

महिला आरक्षण लागू करें, परिसीमन का इंतजार क्यों-खड़गे



नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कर्नाटक के कलबुर्गी में महिला आरक्षण, परिसीमन और चुनाव सुधारों पर सरकार के रवैये पर सवाल उठाए। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस की लड़ाई सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है।उन्होंने कहा- सरकार लोकसभा की मौजूदा सीटों के आधार पर महिलाओं को 33ब आरक्षण अभी लागू कर सकती है। इसके लिए परिसीमन का इंतजार करने की क्या जरूरत है। उन्होंने पीएन नरेंद्र मोदी पर विपक्ष को बदनाम करने का आरोप लगाया।खड़गे ने केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पर टिप्पणी करते हुए कहा- प्रधानमंत्री विपक्षी नेताओं के पत्रों का खुद जवाब नहीं देते, बल्कि दूसरों के जरिए जवाब भिजवाते हैं। पीएम ने रिजिजू को असली अधिकार नहीं दिए हैं। ज्ञानेश कुमार की तरह मध्यस्थ की तरह उनका इस्तेमाल कर रहे हैं।1. श्रङ्खरूहटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग- खड़गे ने श्रङ्खरूकी जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने और मतदाता सूची में गड़बड़ी रोकने के लिए निगरानी बढ़ाने की मांग की।उन्होंने कहा कि निष्पक्ष चुनाव होना जरूरी है। संविधान यह तय नहीं करता कि कांग्रेस या किसी दूसरी पार्टी को ही जीतना चाहिए। कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है।2. परिसीमन विधेयक पर (शेष पृष्ठ ९ पर)

देशकी एकता, मान-सम्मान और संस्कृति के दुश्मनोंसे मिलकर लड़ना होगा-मोदी



नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजयादशमी के अवसर पर देश की एकता, मान-सम्मान और संस्कृति को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर मुकाबला करने का आह्वान किया। दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन स्थित डीडीए उत्सव ग्राउंड में रावण दहन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने देश के सामने मौजूद तीन प्रमुख चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश के मान-सम्मान को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों, समाज में फूट डालने वाले लोगों और भारतीय संस्कृति से नफरत करने वाली सोच का मिलकर सामना करना होगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। यह पर्व भगवान राम के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने राम राज्य की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका अर्थ ऐसा शासन है, जहां किसी के साथ भेदभाव न हो, सभी को न्याय मिले और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने गरीबों और वंचितों की सेवा को भी महत्वपूर्ण बताया। मोदी ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए देशवासियों से सामूहिक प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को अपनी क्षमता और संसाधनों पर भरोसा करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। लोगों की भागीदारी और मेहनत से बड़े लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का संदेश बुराई के खिलाफ खड़े होने, सही रास्ते पर चलने और चुनौतियों का सामना साहस व एकजुटता के साथ करने की प्रेरणा देता है।

पुलिस स्मृति दिवसपर शहीद जवानों को प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तव्य निभाते हुए प्राण न्योछावर करने वाले बहादुर पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्यों का पालन करने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति देश कृतज्ञ है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों से निपटने, आपात स्थितियों में सहायता पहुंचाने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिसकर्मियों का योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि शहीद पुलिसकर्मियों का साहस, समर्पण और सर्वोच्च बलिदान देश की स्मृतियों में हमेशा बना रहेगा। राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : शिक्षामित्रोंको ११५०८ सहायक शिक्षक भर्तीमें मिलेगी आयु की छूट

लखनऊ। 11508 सहायक शिक्षक भर्ती में शिक्षामित्रों को आयु सीमा में छूट प्रदान कर दी गई है। इसके लिए शिक्षामित्र लंबे समय से संघर्ष कर रहे थे। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में की जा रही 11508 सहायक अध्यापक भर्ती में शिक्षामित्रों को आयु सीमा में छूट देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत शिक्षामित्रों को अधिकतम आयु सीमा में 60 साल तक की छूट मिलेगी। वे 60 साल तक के होने पर भी आवेदन कर सकेंगे। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सचिव बेसिक शिक्षा परिषद को भेजे निर्देश में कहा है कि परिषद के अधीन नगर क्षेत्र के 11508 सहायक अध्यापक के पदों पर चल रही चयन व नियुक्ति प्रक्रिया में इसे शामिल किया जाए। उन्होंने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्र पहले नियमित शिक्षकों की भांति काम कर रहे थे। बाद में उन्हें शिक्षामित्र पद पर कर दिया गया था। वहीं उन्हें पूर्व में दो भर्तियों में भारांक व आयु सीमा में छूट भी दी जा चुकी है। इसी क्रम में 69000 शिक्षक भर्ती की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षामित्रों को अगली चयन प्रक्रिया में एक और देने पर सरकार से विचार करने को कहा था।



देवरिया : झोपड़ीमें आग लगने से पिता-दो बच्चों की मौत

देवरिया (आससे.)। उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार गांव में मंगलवार की रात झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। मृतकों में 32 वर्षीय जितेंद्र, बालकिशन और तीन वर्षीय बच्ची शनि शामिल हैं। हादसे में जितेंद्र की पत्नी लीला गंभीर रूप से झुलस गईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी मनोज कुमार ने बताया कि मंगलवार की रात करीब डेढ़ बजे नोनापार गांव में एक झोपड़ी में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही भटनी थाना पुलिस और अग्निशमन दल मौके पर पहुंच गए। टीम ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद झुलसे लोगों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भटनी पहुंचाया गया।

चुनावमें खेला हुआ तो चुपचाप नहीं बैठेंगे, एसआईआर विवादके बीच भड़का सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे.)। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश राज्य चुनाव आयोग से कहा कि वह नामांकन की समय-सीमा बढ़ाने के पार्टी के अनुरोध पर विचार करे और उम्मीदवारों की अंतिम सूची के प्रकाशन को 23 अक्तूबर तक के लिए



टाल दे। सीईसी ज्ञानेश कुमार और एसआईआर पर उपजे विवादों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रक्रिया को अवैध या असंवैधानिक तरीकों से बाधित करने की कोशिशों पर कड़ा रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा है कि हालांकि संवैधानिक अदालतें आमतौर पर चुनाव प्रक्रिया में दखल नहीं देतीं, लेकिन जब यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करना जरूरी हो कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव असंवैधानिक या अवैध तरीकों से दूषित न हों, तो अदालतों के हाथ बंधे नहीं होते। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी आंध्र प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी, युवजन श्रमिक रायतू कांग्रेस पार्टी को अंतरिम राहत देते

कहा-हमारे हाथोंमें हथकड़ियां नहीं बंधी हैं

हुए की। पार्टी ने आरोप लगाया था कि हिंसा और कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति के कारण उसके उम्मीदवारों को शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने से रोका गया। जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने माना कि पार्टी ने प्रथम दृष्टया ऐसा मामला पेश किया है, जिसमें नामांकन प्रक्रिया की शुचिता की रक्षा के लिए निर्देश देना जरूरी है।

थारने बाइक को मारी टक्कर ,पिता-पुत्र समेत तीन की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बिहार में दुर्गा पूजा का मेला देखकर बाइक से घर लौट रहे थार गाड़ी ने टक्कर मार दी। जहां पिता- पुत्र समेत एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बेगूसराय के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में शालिग्राम अंडरपास टोल प्लाजा के पास मंगलवार को घाटी। मृतकों में रघुनाथपुर बरारी पंचायत के संतोष यादव 45 वर्ष उनका पुत्र आयुष कुमार 7 वर्ष, परिवार की महिला सुलेखा देवी सरहज शामिल है। तीनों लोग मुंगेर से दुर्गा पूजा का मेला देखकर घर लौट रहे थे। जहां थार गाड़ी ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी की बाइक थार के नीचे फंस गई और करीब 10 मीटर तक घसीटती चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया और थार गाड़ी को जब्त कर लिया ।

सीजेपीके सौरव-रांका को मिली जमानत

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली एसईएम कोर्ट ने सीजेपी नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत पर अपना आदेश सुरक्षित रखा। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों नेताओं को जमानत दे दी है। दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं सौरव दास और आशुतोष रंका की न्यायिक हिरासत तीन दिन बढ़ाने की मांग की थी। दोनों को बुधवार को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) के समक्ष पेश किया गया था। दो दिन पहले सीजेपी के सह-संयोजक सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत दो दिन और बढ़ा दी गई थी। सोमवार को दोनों को मंदिर मार्ग (शेष पृष्ठ ९ पर)



जंतर-मंतर जाने पर हाईकोर्ट की सीजेपी के नेताओं को फटकार

नयी दिल्ली (आससे)। कॉकरोच जनता पार्टी के नेता आशुतोष रांका और सौरव दास की हिरासत बढ़ाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने दोनों नेताओं के आचरण पर कड़ी टिप्पणियां करते हुए जमानत बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन और प्रतिबंध के बावजूद जंतर-मंतर जाने पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति सुब्रमणियम (शेष पृष्ठ ९ पर)

सूडान : ड्रोन हमलेमें १५३ लोगों की मौत

खार्तूम (एजेंसी)। अफ्रीकी देश सूडान और दक्षिणी सूडान के बीच विवादित क्षेत्र अबेई के एक बाज़ार पर ज़बरदस्त ड्रोन अटैक हुआ जिसमें कम से कम 153 लोगों के मारे जाने की खबर है। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक अबेई के एमिएट बाजार में एक पेट्रोल पंप के पास ड्रोन से हमला हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि पूरे बाजार में आग फैल गई, ऊंची ऊंची लपटे उठने लगी और चारो तरफ भगदड़ मच गई। कई लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की तादाद बढ़ सकती है। स्थानीय प्रशासन ने सूडान की सेना पर ड्रोन अटैक का आरोप लगाया है। अबेई में सूचना मामलों के कार्यवाहक मंत्री, योहाना अकोल नगोर ने मंगलवार को बिना कोई सबूत दिए कहा कि इस हमले के लिए सूडान की सेना जिम्मेदार है।

बिना धांधलीके चुनाव नहीं जीत सकती भाजपा-अखिलेश



निष्पक्ष न रहने वाले अधिकारी जायेंगे जेल

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा बिना बेईमानी और धांधली के चुनाव नहीं जीत सकती। उन्होंने चुनाव आयोग से निष्पक्ष भूमिका निभाने की अपील करते हुए अधिकारियों को राजनीतिक कार्यकर्ता की तरह काम करने से बचने की नसीहत दी। अखिलेश यादव ने राजधानी लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक जैसे अधिकारी लोगों को धमका रहे हैं और चुनाव में धांधली में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारी के रूप में काम करने की है, न कि राजनीतिक कार्यकर्ता बनने की। उनके मुताबिक, अधिकारियों का राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होना उनके खिलाफ कार्रवाई और जेल भेजे जाने का आधार बन सकता है। सपा अध्यक्ष ने मतदाता सूची को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं के पास मतदाता सूची कैसे पहुंच रही है और सरकार के मंत्रियों को यह सूची कहां से मिल रही है। उन्होंने दावा किया (शेष पृष्ठ ९ पर)

गोरखपुर : प्रतिमा विसर्जन के दौरान करंट लगने से तीन की मौत

गोरखपुर (आससे.)। गोरखपुर के गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद में प्रतिमा विसर्जन के दौरान करंट की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसे में पांच लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली पर प्रतिमा लेकर विसर्जन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान प्रतिमा 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। इससे प्रतिमा में आग लग गई और करंट ट्रॉली में उतर गया। इसकी चपेट में करीब 10 लोग आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। पांच घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

आरक्षणपर जल्द फैसला करे भाजपा-संजय निषाद



वरना दूसरा रास्ता देखने की दी धमकी

नयी दिल्ली (आससे) उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी ने आरक्षण के मुद्दे पर दबाव बढ़ा दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने दिल्ली के तालकटोरा में आयोजित महासम्मेलन में भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि मछुआरा समाज के आरक्षण पर जल्द फैसला किया जाए, अन्यथा पार्टी दूसरे राजनीतिक विकल्प तलाशने को मजबूर होगी। संजय निषाद ने कहा साथ तभी देंगे, जब आरक्षण की बात होगी। भाजपा को जल्द निर्णय लेना होगा। फैसला नहीं हुआ तो दूसरा दरवाजा देखेंगे। उन्होंने आरक्षण लागू नहीं होने पर भाजपा को राजनीतिक नुकसान की चेतावनी भी दी और कार्यकर्ताओं से संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने दावा किया कि निषाद पार्टी के बिना किसी भी दल की सत्ता अधूरी है और भाजपा तथा समाजवादी पार्टी, दोनों ही उसका समर्थन चाहती हैं। विधानसभा चुनाव से पहले संजय निषाद के इस रुख से भाजपा के साथ गठबंधन में आरक्षण का मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है।

भारतकी कीमतपर पाकिस्तानसे नहीं बनेंगे यूएसके रिश्ते-रुबियो

नयी दिल्ली (आससे.)। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान या दुनिया के किसी भी अन्य देश के साथ अमेरिका के रिश्ते भारत के साथ उसके संबंधों की कीमत पर नहीं होंगे। रुबियो ने यह बात वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते संपर्कों को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता। बुधवार को एक इंटरव्यू में रुबियो से पूछा गया कि क्या अमेरिका और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संबंध 1970 के दशक की स्थिति की याद दिलाते हैं, जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर पर पाकिस्तान की ओर झुकाव रखने के आरोप लगे थे। इस पर रुबियो ने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां उस दौर से काफी अलग हैं और आज की दुनिया को 1970 के दशक के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। रुबियो ने कहा कि पाकिस्तान उन देशों में शामिल है, जिनके साथ अमेरिका के संबंध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन संबंधों का इस्तेमाल संभावित संघर्षों को रोकने और तनाव कम करने के लिए किया जा सकता है। उनके मुताबिक, अलग-अलग देशों के



साथ संबंधों में संतुलन बनाना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह अमेरिकी विदेश नीति का हिस्सा होना चाहिए। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर रुबियो ने कहा कि दोनों देश डील को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं। कुछ मुद्दों पर अभी काम बाकी है।



स्नातक-शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए तैयारियां पूरी, २३ को मतदान

गाजीपुर में स्नातक के ५०,२८३ और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के ६,१९४ मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

गाजीपुर, । उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 23 अक्टूबर, शुक्रवार को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा, जबकि मतगणना 27 अक्टूबर को कराई जाएगी। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां 22 अक्टूबर को जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर से रवाना होंगी। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वेद सिंह चौहान ने बताया कि वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 50,283 मतदाता हैं। इनमें 35,090 पुरुष और 15,193 महिला मतदाता शामिल हैं। इनके लिए जनपद में 52 मतदेय स्थल और 19 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 6,194 मतदाता हैं, जिनमें 4,901 पुरुष और 1,293 महिलाएं हैं। इनके लिए 18 मतदेय स्थल और 17 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। 19 सेक्टर और सात जोनल मजिस्ट्रेट तैनात मतदान व्यवस्था की निगरानी के लिए जनपद में 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट और सात जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी के साथ स्टैटिक वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। मतदान समाप्त होने के बाद पोलिंग पार्टियां बैलेट बॉक्स और संबंधित प्रपत्रों को जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में जमा करेंगी। मतदान के दिन मतदेय स्थल की 200 मीटर की परिधि में किसी भी राजनीतिक दल का कार्यालय खोलने की अनुमति नहीं होगी। मतदान स्थल पर एक समय में केवल दो मतदाताओं को प्रवेश दिया जाएगा।

इन पहचान पत्रों से कर सकेंगे मतदान

मतदाता आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, केंद्र या राज्य सरकार के सेवा पहचान पत्र, सांसद या विधायक को जारी सरकारी पहचान पत्र, मान्य शैक्षिक संस्थान का फोटो पहचान पत्र, विश्वविद्यालय की डिग्री या डिप्लोमा का मूल प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड में से किसी एक वैकल्पिक पहचान पत्र का उपयोग कर सकेंगे।

चार जनवरी को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

प्रेस वार्ता में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की जानकारी भी दी गई। एक जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर चल रहे पुनरीक्षण के तहत जनपद में वर्तमान में कुल 26,35,552 मतदाता हैं। इनमें 14,32,605 पुरुष, 12,02,911 महिलाएं और 36 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जनपद का जेंडर रेशियो 840 और ईपी रेशियो 58.38 प्रतिशत है। जनपद में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 34,295 युवा मतदाता पंजीकृत हैं। वहीं, 80 वर्ष से अधिक आयु के 48,610 मतदाता हैं। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 21,726 और सर्विस मतदाताओं की संख्या 17,702 है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 से 18 अक्टूबर तक मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन और नए मतदेय स्थल बनाने के लिए भवनों का चिन्हांकन किया गया। आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर को कर दिया गया है और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इसकी प्रतियां उपलब्ध करा दी गई हैं। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन चार जनवरी 2027 को किया जाएगा।



प्रेसवार्ता करते अधिकारी। छाया : आज

सामूहिक विवाह योजना में लापरवाही पर मुकेश ट्रेडिंग कारपोरेशन ब्लैकलिस्ट

गाजीपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत निर्धारित समय में उपहार सामग्री उपलब्ध नहीं कराने और परफार्मेंस बैंक गारंटी जमा करने में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मुकेश ट्रेडिंग कारपोरेशन, लखनऊ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। फर्म द्वारा जमा की गई 3.30 लाख रुपये की ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट) जब्त करते हुए उसे जनपद गाजीपुर में ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। जिलाधिकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को वितरित की जाने वाली उपहार सामग्री की आपूर्ति के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा निकाली गई थी।



जलता रावण का पुतला। छाया : आज

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बना विजयदशमी पर्व

६० फुट ऊंचे रावण के पुतले को डीएम व एसपी ने रिमोट से किया पुतला दहन

गाजीपुर। अति प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में स्थानीय लंका मैदान में विजयदशमी पर्व पर रावण वध और पुतला दहन का आयोजन परंपरागत ढंग से संपन्न हुआ। करीब 60 फुट ऊंचे रावण के आकर्षक पुतले का दहन होते ही पूरा मैदान जय श्रीराम और हर-हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। रंग-बिरंगी झालरों और रोशनी से सजे रावण के पुतले ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रामलीला मंचन के दौरान सीता हरण के बाद लंका पर छाए विनाश के बादलों और रावण के अहंकार का जीवंत चित्रण किया गया। मंदोदरी, कुंभकरण और नाना माल्यवान ने रावण को युद्ध में जाने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी। इसके बाद रावण चतुरंगिणी सेना के साथ भगवान श्रीराम से युद्ध करने पहुंचा। एक ओर रावण की सेना जयकारे लगा रही थी, तो दूसरी ओर वानरी सेना जय श्रीराम और हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ युद्धभूमि में डटी थी। देर शाम करीब आठ बजे कमेटी के मुख्य संरक्षक एवं जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला तथा सह संरक्षक एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने मंच पर पहुंचकर रिमोट के माध्यम से रावण के पुतले का दहन किया। देखते ही देखते विशाल पुतला धू-धूकर जलने लगा। आतिशी दृश्य और जय श्रीराम के जयघोष के बीच लोगों ने भगवान श्रीराम की विजय का उत्सव मनाया। विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के संदेश के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सदर विनोद जोशी, नगर पालिका ईओ धीरेंद्र कुमार राय,अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर प्रमोद कुमार सिंह, ओम नारायण सैनी, अशोक कुमार अग्रवाल, ऋषि चतुर्वेदी, राजेंद्र विक्रम सिंह, अजय पाठक, सुधीर कुमार अग्रवाल, अजय कुमार अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कासिमाबाद प्रतिनिधि के अनुसार- विजयादशमी के अवसर पर कासिमाबाद रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम और दशानन रावण के बीच युद्ध का जीवंत मंचन किया गया। युद्ध के अंतिम चरण में भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया। इसके बाद प्रशासन की ओर से निर्धारित और चिह्नित स्थल पर दशानन के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के दौरान मैदान में जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया।उपजिलाधिकारी संजय कुमार कुशवाहा के आदेश पर निर्धारित स्थल पर रावण दहन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार निखिलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी अनुभव राजर्षि और कोतवाली प्रभारी राजेश त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने पूरे कार्यक्रम की निगरानी की और आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया।

मेडिकल कालेज में तीसरी मंजिल के शौचालय से नीचे गिरा मरीज

गाजीपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में बुधवार सुबह एक मरीज तीसरी मंजिल स्थित शौचालय के चैंबर से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल मरीज को तत्काल इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा है। घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और शौचालय के गेटों की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, मरदह ब्लॉक के सराय मुबारक गांव निवासी मनोहर कुमार (26) अपने पिता शमशेर राम के साथ अस्पताल में भर्ती थे। वह 19 अक्टूबर को टाइफाइड और मानसिक बुखार के उपचार के लिए अस्पताल आए थे। बुधवार सुबह करीब सात बजे वह शौचालय जाने के लिए तीसरी मंजिल पर पहुंचे।

संक्षेप

कुएं में गिरने से मजदूर की मौत

जमानियां,गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के राजपुर गांव में मंगलवार देर रात एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। पत्नी के साथ रामलीला देखकर घर लौटे 36 वर्षीय मजदूर संतोष कुमार राम की घर के समीप स्थित कुएं में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों में चीख-पुकार मची है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक के चाचा राजेश कुमार ने बताया कि संतोष मंगलवार की देर रात अपनी पत्नी के साथ स्थानीय रामलीला देखकर घर वापस आया था। इसके कुछ ही देर बाद वह शौच के लिए निकला। घर से महज 20 मीटर दूर स्थित कुएं के पास अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गहरे कुएं में जा गिरा। आवाज सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर संतोष को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय गाजीपुर भेज दिया।

ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ का पैर कटा

जमानियां (गाजीपुर)। स्थानीय स्टेशन बाजार स्थित रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 89/क पर मंगलवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक 45 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उनका बायां हाथ कट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार रविभूषण सिंह (45) पुत्र स्व जगन्नाथ सिंह निवासी असैचंदपुर दशहरा के दिन बाजार में रामलीला और मेला देखने आए थे। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय वह 13202 राजगीर-जनता एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में उनका बायां हाथ कट गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को बाइक से तत्काल कस्बा बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाये, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

मरदह, गाजीपुर। थाना की पुलिस ने महिलाओं और लड़कियों पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है।आरोपी के विरुद्ध धारा 296 ब्नह्स के तहत कार्रवाई की गई है। ग्राम सुलेमापुर देवकली गांव के सामने रोड पर खड़ा होकर दर्शन हेतु आने-जाने वाली महिलाओं व लड़कियों पर आरोपी द्वारा अभद्र टिप्पणी की सूचना पर पुलिस ने अजीत चौहान निवासी फेफरा को गिरफ्तार किया है।

आवारा कुत्तों ने तीन वर्षीय बच्ची को काटकर किया लहूलुहान

जखनिया, गाजीपुर । भुडकुडा कोतवाली के अन्तर्गत क्षेत्र के परसपुर गांव की दलित बस्ती में आवारा कुत्तों ने मंगलवार की दोपहर घर के सामने आरसीसी सड़क पर बच्चों के साथ खेल रही राहुल राम की तीन वर्षीय बेटी बसेनरी उर्फ रिंकी पर आवारा एक कुत्ते ने काटकर लहूलुहान कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडे लेकर कुत्तों को दौड़ाया, जिसके बाद कुत्ते वहां से भाग गए। चायल पुत्री रिंकी को लेकर निजी चिकित्सक से इलाज करा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनिया ले जाया गया। ये अवारा कुत्ते बकरियों के अलावा छोटे पशुओं व मुर्गा मुर्गी को भी काट दे रहे है।

असम में इलाज के दौरान बीएसएफ जवान का निधन, गांव में पसरा मातम

कासिमाबाद (गाजीपुर)। थाना कासिमाबाद क्षेत्र के खजूर गांव निवासी बीएसएफ के 53 वर्षीय जवान प्रेम कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय हरिनारायण सिंह का असम के गुवाहाटी में इलाज के दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार को गुवाहाटी से दिल्ली होते हुए बाबतपुर एयरपोर्ट पर उनका पार्थिव शरीर लाया गया। इसके बाद बीएसएफ के जवानों ने वाराणसी में पार्थिव शरीर को रिसीव किया और पूरे सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव खजूर पहुंचाया। अपने गांव के वीर जवान का पार्थिव शरीर पहुंचते ही परिजनों की आंखें नम हो गईं। गांव और आसपास के क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। प्रेम कुमार अपने पीछे पत्नी बबीता सिंह, बड़े बेटे प्रिंस कुमार सिंह, दूसरे बेटे पीयूष सिंह और बेटी प्रीति सिंह को छोड़ गए हैं। परिवार के लिए यह दुख और भी असहनीय है कि उनकी बेटी प्रीति की शादी आगामी 30 नवंबर को निर्धारित थी। बेटी के विवाह की तैयारियों के बीच परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

विधि-विधान से हुआ ध्वज, शस्त्र ,शास्त्र, शमी पूजन

जखनिया (गाजीपुर)। विजयादशमी का पर्व भारतीय संस्कृति, धर्म, शौर्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए जखनिया क्षेत्र के सिद्धपीठ हथियाराम मठ में सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नंदन यति महाराज ने ध्वज पूजन, शस्त्र पूजन, शमी पूजन और शिव पूजन किया। इसके बाद सिद्धेश्वर महादेव के प्रांगण में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत की संत परंपरा, देश की स्वतंत्रता, गौ रक्षा आंदोलन और अखंड भारत की अवधारणा पर प्रकाश डाला महाराज ने कहा कि भारत संतों की धरती है।भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने में संतों का योगदान सदा से रहा है ।कहा देश की स्वतंत्रता से लेकर धार्मिक और सांस्कृतिक तक सिद्धपीठ हथियाराम मठ के पूर्ववर्ती गुरुओं ने भी देश और धर्म की रक्षा के लिए अग्रणी भूमिका रही है । गौ हत्या रोकने के लिए चलाए गए आंदोलन में सिद्धपीठ के पूर्व पीठाधीश्वर बाबा बिश्वनाथ यती जी महाराज की अग्रणी भूमिका रही। अखंड भारत के लिए कहा कि वर्ष 1947 से पहले भारत का भौगोलिक स्वरूप बहुत व्यापक था। भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत सीमाओं से परे रही है। देश की प्राचीन सांस्कृतिक एकता, परंपराओ को को समझना होगा । धर्मसभा में बीएचयू के प्रोफेसर अजीत कुमार चतुर्वेदी, गुजरात विश्वविद्यालय के कुलपति, जिला जज संजय हरि शुक्ला सपरिवार, पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य के प्रतिनिधि ,व जितेंद्र सिंह वैभव, वाराणसी , डॉ. रत्नाकर त्रिपाठी, देवराहा बाबा बिरनो, प्रोफेसर अमरजीत सिंह, डॉ. सानंद सिंह, जंगीपुर के विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव, रमेश यादव सहित काफी लोग रहे। विजयादशमी के दिन मां को चढाया गया हलवा पूडी का प्रसाद बहुत ही ऊर्जावान, गुणवानके साथ अदृश्य शक्ति मिलती है।

सड़क हादसे में एक की मौत, पांच घायल

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। अष्ट शहीद इंटर कॉलेज के सामने नोनियापुरा मुहल्ले के पास, एनएच 31 मंगलवार रात दशहरा मेला से लौट रहे छ लोगों को एकअनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ग़ाज़ीपुर से भरौली की तरफ बहुत तेज़ी से आ रही थी तभी अष्ट शहीद इंटर कॉलेज मोहम्मदाबाद के सामने नोनियापुरा मुहल्ले के पास कार ने 6 लोगों को टक्कर मार दिया जिसमें 5 लोग को गंभीर चोट लगी और एक को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई । जिसमें अजय गुप्ता (दुकानदार, तिवारीपुर) की मौत हो गई और उनकी पत्नी चंदा देवी ,महताब अंसारी और इस्लाम अंसारी (मिर्जाबाद). अमरजीत राम व अमोली राम (मजदूर, दरभंगा, बिहार). आशीष राय (निवासी= वीरपुर गांव, भांवरकोल थाना क्षेत्र)सभी घायलों को तुरंत सीएचसी मोहम्मदाबाद ले जाया गया, जहां से उनको गाज़ीपुर रेफर कर दिया गया वहां से अमरजीत राम व अमोली राम को उनके गांव एंबुलेंस के द्वारा दरभंगा भेज दिए। जबकि सर में काफी चोट लगने के कारण चंदा देवी को वाराणसी रेफर कर दिया गया है, बाकी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद आक्रोशित भीड़ ने कार ड्राइवर पीट कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

मरदह, गाजीपुर। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर मरदह क्षेत्र के ब्रम्हबाबा मंदिर के कार और टोटो की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे दोनों वाहन सड़क किनारे खाई में पलट गए। दुर्घटना को देखने के दौरान एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसका एक पैर फ्रैक्चर हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शादियाबाद निवासी पंकज चौहान अपने पिता रामजन्म और पड़ोसी रामदरस को दवा दिलाने मऊ गए थे। वहां से लौटते समय बारमबाबा मंदिर के पास सामने से गलत लेन में आ रहे टोटो से उनके कार की जोरदार टक्कर हो गई। मरदह निवासी गुलशन राजभर टोटो पर लोहे का एंगल लादकर मरदह बाईपास की ओर जा रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गए। हादसे में दोनों वाहनों के चालक और सवार घायल हो गए। लोगों के अनुसार, फोरलेन पर गलत दिशा में वाहन चलाना और दुर्घटनास्थल पर दूसरे वाहनों को देखने के चक्कर में ध्यान भटकना हादसों का कारण बन रहा है।

शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, बच्चों की नियमित उपस्थिति की समीक्षा

नगसर, गाजीपुर। शासन के निर्देशों के क्रम में विकासखंड रेवतीपुर की सभी आठ न्याय पंचायतों में बुधवार को प्राथमिक विद्यालय गोहदा में मासिक शिक्षक संकुल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, बच्चों की नियमित उपस्थिति, विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई।

ट्रैक में खराबी के कारण ४५ मिनट खड़ी रही राजधानी

जमानियां,गाजीपुर। दानापुर मंडल प्रखंड के स्थानीय स्टेशन और धीना रेलवे स्टेशन के बीच बुधवार की सुबह अपलाइन पर रेलवे ट्रैक चटकने से रेल परिचालन प्रभावित हो गया। अगरतला आनंद विहार जा रही 20501 राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट को सुबह करीब 4ः05 बजे ट्रैक में आई खराबी के कारण झटका महसूस हुआ। लोको पायलट ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी। समय रहते जानकारी मिलने से रेलवे प्रशासन सतर्क हो गया और एक बड़ा रेल हादसा टल गया।स्टेशन मास्टर आदित्य राज ने बताया कि ट्रैक चटकने की सूचना के बाद सुरक्षा के मद्देनजर रेल परिचालन को नियंत्रित किया गया।



४२ फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन, जय श्रीराम का लगा जयकारा

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने धनुष-बाण चलाकर किया रावण दहन, हजारों की संख्या में पहुंचे लोग, मेले का लोगों ने उठाया आनंद, दुर्गा पंडालों में जाकर भक्तों ने की पूजा पाठ





बलिया। विजयदशमी के अवसर पर मंगलवार की रात जिले भर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण दहन किया गया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में देर रात तक रावण के पुतले जलाए गए। रामलीला मंचन देखने और रावण दहन का साक्षी बनने के लिए हजारों की संख्या में लोग जुटे। जैसे ही रावण के पुतले में आग लगी, पूरा वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान लोगों में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शुभ नगर रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला का सजीव मंचन किया गया। भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध के प्रसंग ने दर्शकों को आकर्षित किया। रावण वध के मंचन के बाद 42 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने धनुष-बाण चलाकर रावण दहन किया। पुतले में आग लगते ही मैदान में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिए। कार्यक्रम को देखने के लिए रामलीला मैदान में हजारों की भीड़ उमड़ी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में रावण दहन को लेकर उत्साह देखने को मिला। लोगों ने परिवार के साथ पहुंचकर रामलीला मंचन का आनंद लिया और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। शहर के कदम चौराहे के पास भी रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां भी पुतला दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित रामलीलाओं में भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का सजीव मंचन किया गया। इसके बाद परंपरा के अनुसार रावण के पुतलों का दहन किया गया। **पूर।** ग्रामीण अंचलों में विजयदशमी का पर्व परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रामलीला का मंचन किया गया। वहीं, गांव-गांव में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। विजयदशमी के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन स्थानीय नदियों, सरोवरों और तालाबों में किया जा रहा है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस सक्रिय रही।

राहगीरों से बाइक लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

भीमपुरा (बलिया)। जनपद में राहगीरों को निशाना बनाकर मोटरसाइकिल लूटने वाले गिरोह के स्वाट टीम, सर्विलांस सेल और भीमपुरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की घटनाओं में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलों के साथ लूट की एक मोटरसाइकिल और दूसरी लूटी गई मोटरसाइकिल के दो पहिए रिंग सहित बरामद किए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से थाना भीमपुरा और थाना रसड़ा में दर्ज मोटरसाइकिल लूट के दो मामलों का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर की रात एक व्यक्ति अपने पुत्र के साथ नगरा से अपने घर किड़िहरापुर लौट रहा था। टिकुलिया गांव के पास अज्ञात बदमाशों ने पिता-पुत्र पर हमला कर उनकी मोटरसाइकिल छीन ली और नगरा की तरफ फरार हो गए। 20 अक्टूबर को भीमपुरा थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में चेकिंग और वांछित आरोपितों की तलाश कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि टिकुलिया में मोटरसाइकिल लूट की घटना में शामिल आरोपित दो मोटरसाइकिलों से पुराचट्टी की तरफ से सिकरिया की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने मौके से उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अभिषेक यादव पुत्र हीरा यादव निवासी ताड़ी बड़ा गांव, थाना नगरा, राजेश यादव पुत्र उदयभान यादव निवासी कसेसर, थाना भीमपुरा और आशीष यादव उर्फ गोलू यादव पुत्र शिवलाल यादव निवासी शिवपुर मठिया, थाना भीमपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने जब दोनों मोटरसाइकिलों की तलाशी ली तो उनके बीच की सीट पर रखी प्लास्टिक की बोरियों से रिंग सहित मोटरसाइकिल के दो पहिए बरामद हुए। बैटरी और पहियों को कसने वाले दोनों हब उनके दो अन्य साथियों अभिषेक और मंटू के पास चले गए, जो गाजीपुर के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस अब गाजीपुर निवासी बताए गए दोनों अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

गंगा भवन में श्रीमद्भागवद महायज्ञ का शुभारंभ, निकली कलश यात्रा



बलिया। जनपद के सोहांव विकास खंड अंतर्गत गंगा भवन-उजियार घाट में स्वर्गीय पंडित गोरखनाथ उपाध्याय की स्मृति में श्रीमद्भागवत महायज्ञ एवं कथा का आयोजन किया गया है। मंगलवार को महायज्ञ के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर इस यात्रा में क्षेत्र की हजारों महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। महायज्ञ के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक सरल जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं। कहा कि भगवान की प्राप्ति का सबसे सशक्त साधन भक्ति है। भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें ज्ञान और वैराग्य का समावेश होना भी आवश्यक है। ज्ञान मनुष्य को सत्य का बोध कराता है, जबकि वैराग्य उसे मोह-माया और सांसारिक आसक्तियों से मुक्त होने की प्रेरणा देता है। ज्ञान और वैराग्य से युक्त भक्ति ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने कहा कि भगवान से साक्षात्कार का माध्यम भी भक्ति ही है। जब मनुष्य का हृदय निर्मल होता है और वह निष्काम भाव से प्रभु के चरणों में समर्पित हो जाता है, तब उसके जीवन में आध्यात्मिक चेतना का उदय होता है और वह ईश्वर की निकटता का अनुभव करता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव उपाध्याय, नीरज उपाध्याय, पीयूष उपाध्याय, जयप्रकाश उपाध्याय, सत्यप्रकाश, संजीव, ज्ञानेंद्र, देव, राजू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

गंगा में स्नान करने गया किशोर डूबा, शव बरामद

फेफना (बलिया)। थाना क्षेत्र के सेमरा घाट पर मंगलवार सुबह गंगा में स्नान करने के दौरान 14 वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूब गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की टीम ने तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद दरामपुर गांव के सामने ठोकर के पास किशोर का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार, अराजी माफी सागरपाली निवासी शिवम उर्फ गोलू यादव (14) पुत्र भरत यादव मंगलवार सुबह रोज की तरह गंगा पार दियारा में खेती कर रहे अपने पिता को खाना देने गया था। वहां से लौटने के बाद वह सेमरा घाट पर नदी में स्नान करने लगा। इसी दौरान पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगने के कारण वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। काफी देर तक शिवम के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। इसी बीच नदी के आसपास मौजूद मछुआरों को उसके डूबने की जानकारी हुई तो उन्होंने तलाश शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हालत में गंगा घाट की ओर दौड़ पड़े। कुछ ही देर में नदी किनारे ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची फेफना थाना पुलिस और गोताखोरों की टीम ने किशोर की तलाश शुरू की। बाद में दरामपुर गांव के सामने ठोकर के पास उसका शव बरामद हुआ। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि किशोर की तलाश के दौरान उसका शव बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

एसपी सहित अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर किया नमन



बलिया। रिजर्व पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस-2026 के अवसर पर शोक परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा सहित जनपद के अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया। शोक परेड में शामिल सशस्त्र पुलिस टुकड़ियों ने शस्त्र झुकाकर शोक सलामी दी। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एसपी ने देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों के नामों का पाठ किया। एसपी डॉ. ईरज राजा ने कहा कि पुलिस का प्रत्येक जवान आमजन की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे तत्पर रहता है। शहीदों का सर्वोच्च बलिदान पुलिसकर्मियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ देशसेवा करने की प्रेरणा देता है। बलिया पुलिस समाज में शांति, सौहार्द और कानून का राज स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में एएसपी उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला, एएसपी दक्षिणी संजय वर्मा, सीओ नगर सतीश कुमार शर्मा, विभिन्न थानों के प्रभारी, पुलिसकर्मी और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

रामलीला मंच पर बवाल, महामंडलेश्वर पर हमले का आरोप, चार नामजद

रसड़ा (बलिया)। श्रीनाथजी मठ और रामलीला मैदान का पुराना विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। मंगलवार शाम रामलीला के कार्यक्रम के दौरान मंच पर हंगामा हो गया। महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी ने सतीश सिंह, संजीत गुप्ता, मोनू जायसवाल और कुछ अज्ञात लोगों पर असलहा लेकर मंच पर चढ़ने, जान से मारने की नीयत से हमला करने और उनके सहयोगी रूपेश तिवारी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। उनकी तहरीर पर रसड़ा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के समय प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और सुभासपा नेता ओमप्रकाश राजभर, महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी तथा पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ नारायण सोनी समेत कई लोग मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान कुछ युवक मंच पर चढ़ गए और रूपेश तिवारी की पिटाई कर दी, जिससे कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई। महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी के मुताबिक, मंगलवार शाम मेला कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान सतीश सिंह, संजीत गुप्ता, मोनू जायसवाल और कुछ अन्य लोग मंच पर पहुंच गए और उन पर हमला करने का प्रयास किया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके सहयोगी रूपेश तिवारी के साथ मारपीट की गई। मामले का पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने संज्ञान लिया। एसपी ने बताया कि 20 अक्टूबर को उन्होंने जिलाधिकारी के साथ रसड़ा में फुट पेट्रोलिंग की थी। रामलीला मैदान संवेदनशील स्थल होने के कारण वहां सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। उन्होंने बताया कि रामलीला कमेटी के कुछ सदस्यों और सतीश सिंह के बीच विवाद चल रहा था। इसी को लेकर महामंडलेश्वर के अनुयायियों के साथ बदसलूकी की घटना हुई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव का भव्य आगाज

पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने किया उद्घाटन, जूनियर कबड्डी में सहजानंद विद्यालय की टीम विजेता

नरहीं (बलिया)। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव का सेवा संघ इंटर कॉलेज सोहांव के खेल मैदान पर भव्य आगाज हुआ। बुधवार को पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने चंद्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। बुधवार को बालिका एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, रस्साकस्सी एवं जूनियर बालक कबड्डी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को क्रिकेट, फुटबॉल एवं बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। क्लस्टर एक में न्याय पंचायत सोहांव, नारायणपुर एवं सरया के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जूनियर बालिका 100 मीटर में सिद्धेश्वर नाथ की निराजली पासवान प्रथम, राधिका इंटर कॉलेज की अंशिका से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। निर्णायक की भूमिका पवन कुमार राय, विनय राय, अनूप राय, संजय पांडे, सच्चिदानंद राय, अम्बरीष यादव द्वितीय एवं सेवा संघ इंटर कॉलेज की जया तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर में अनिता कन्नौजिया, खुशी यादव अनिता 400 मीटर में सलोनी, आयुषी व ब्यूटी लंबी कूद में सुगंधा कुमारी, शिवांगी व रजनी क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। सब जूनियर बालिका वर्ग के 100 मीटर में महक प्रथम, गुड़िया द्वितीय एवं अंजली तृतीय स्थान पर रही। वहीं 200 मीटर में करिश्मा, काजल व लवली 400 मीटर में बबिता, सलोनी व रंभा क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में स्वामी सहजानंद विद्यालय, भरौली की टीम ने फाइनल में बसंतपुर को 26-12 तिवारी, अवनीश राय, अजय विक्रम सिंह, चंद्रमणि राय, कवीन्द्र यादव, मंजूर अली, सर्वेश राय, यशवंत राय, आशीष तिवारी, शिवदयाल यादव, सचिन उपाध्याय, उपेंद्र राजभर, आशुतोष, मृत्युंजय शर्मा, राघवेंद्र, कृष्णा एवं विनम्र यादव आदि ने निभाई। इस दौरान चंद्रेश्वर सिंह, वेद प्रकाश राय, प्रेम प्रकाश राय, सूर्यदेव राय, शिवानंद राय, अक्षय कुमार राय, भरत राय, प्रशांत राय, सर्वानंद तिवारी आदि उपस्थित रहे। संचालन नीरज राय ने किया।

बाइक की टक्कर से रेलवे क्रासिंग का बैरियर टूटा

बेल्थरारोड (बलिया)। नवरात्र मेले को लेकर क्षेत्र में उमड़ी भारी भीड़ के बीच सोनाडीह-कुंडैल रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से रेलवे क्रॉसिंग का बैरियर टूट गया। हादसे के बाद क्रॉसिंग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार बाइक रेलवे क्रॉसिंग के बैरियर से जा टकराई, जिससे बैरियर क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक चालक को पकड़ लिया। हालांकि, रेल पुलिस के समय से मौके पर नहीं पहुंचने और केबिन मैन के अकेले होने का फायदा उठाकर बाइक सवार मौके से फरार हो गया। बैरियर टूटने के बाद रेलवे क्रॉसिंग की व्यवस्था प्रभावित हो गई और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब आधे घंटे तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-डीएम

बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कृषि भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों की समस्याओं, उर्वरकों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं किसान नेताओं का स्वागत किया गया। इसके बाद पिछले किसान दिवस में उठाई गई समस्याओं पर संबंधित विभागों से प्राप्त आख्या को जिला कृषि अधिकारी ने किसानों के समक्ष पढ़कर सुनाया। पूर्व में उठाए गए प्रकरणों का निस्तारण होने पर किसानों ने संतोष व्यक्त किया। भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री अजय कुमार सिंह एवं किसान संतोष कुमार सिंह ने जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रबी फसलों की बुवाई का महत्वपूर्ण समय है, ऐसे में किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस पर सहायक निबंधक सहकारिता ने बताया कि जनपद की सभी समितियों पर लगभग 2,500 मीट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता करा दी गई है। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के किसानों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से बनवाने को कहा।

ददरी मेले का विधि विधान से हुआ ध्वज पूजन

बलिया। ऐतिहासिक ददरी मेले का ध्वज पूजन मंगलवार को नंदी ग्राम परिसर में हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार उर्फ मिठाई लाल गुप्ता ने पूजन कर मेले की औपचारिक शुरुआत की। नपा अध्यक्ष ने बताया, इस बार मेले का मुख्य आकर्षण पशु मेला रहेगा। पिछले साल लंपी रोग के कारण पशु मेला नहीं लगा था, इसलिए यह भव्य होगा। यह देश के चार सबसे बड़े मेलों में से एक है, एक महीने तक चलता है। कई राज्यों से पशुपालक आते हैं। यहां गाय, भैंस, घोड़े आदि पशुओं का कारोबार होता है। मुर्रा भैंसें और पंजाब-राजस्थान के घोड़े खास आकर्षण होते हैं। यह मेला शहर के दक्षिणी छोर पर 89 एकड़ जमीन पर लगता है। हर साल किसानों से जमीन किराए पर ली जाती है, इस बार 800 से ज्यादा किसानों की जमीन ली जाएगी। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट आशाराम वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पीठासीन अधिकारी सतर्क रहें, हर गतिविधि पर रखें नजर-डीएम



बलिया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दो पालियों में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, मतपत्रों के रंग, मतपेटिका की सुरक्षा और निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देशों के अनुपालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि चुनाव कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि स्नातक निर्वाचन के लिए सफेद रंग का, जबकि शिक्षक निर्वाचन के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र निर्धारित है। उन्होंने मतदान अधिकारियों को मतपत्रों के उपयोग, मतपेटिका की प्रक्रिया तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान संपन्न कराने की जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान के लिए आने वाले प्रत्येक मतदाता के पहचान पत्र की अनिवार्य रूप से जांच की जाए। बैठक में एडीएम अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, डीडीओ आनंद प्रकाश एवं सभी पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

मतदान कक्ष में मोबाइल और कैमरा प्रतिबंधित

बलिया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत 23 अक्टूबर को मतदान होगा। मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में आयोग से अनुमोदित मतदेय स्थलों पर 23 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस पर मतदान कक्ष में मोबाइल फोन अथवा किसी भी प्रकार का कैमरा ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मतदान प्रकोष्ठ में मतदाता को पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान के लिए बैंगनी रंग का स्केच पेन उपलब्ध कराया जाएगा।



४२ फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन, जय श्रीराम का लगा जयकारा

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने धनुष-बाण चलाकर किया रावण दहन, हजारों की संख्या में पहुंचे लोग, मेले का लोगों ने उठाया आनंद, दुर्गा पंडालों में जाकर भक्तों ने की पूजा पाठ





बलिया। विजयदशमी के अवसर पर मंगलवार की रात जिले भर में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक रावण दहन किया गया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में देर रात तक रावण के पुतले जलाए गए। रामलीला मंचन देखने और रावण दहन का साक्षी बनने के लिए हजारों की संख्या में लोग जुटे। जैसे ही रावण के पुतले में आग लगी, पूरा वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इस दौरान लोगों में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शुभ नगर रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला का सजीव मंचन किया गया। भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध के प्रसंग ने दर्शकों को आकर्षित किया। रावण वध के मंचन के बाद 42 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने धनुष-बाण चलाकर रावण दहन किया। पुतले में आग लगते ही मैदान में मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिए। कार्यक्रम को देखने के लिए रामलीला मैदान में हजारों की भीड़ उमड़ी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में रावण दहन को लेकर उत्साह देखने को मिला। लोगों ने परिवार के साथ पहुंचकर रामलीला मंचन का आनंद लिया और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। शहर के कदम चौराहे के पास भी रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां भी पुतला दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके अलावा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित रामलीलाओं में भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध का सजीव मंचन किया गया। इसके बाद परंपरा के अनुसार रावण के पुतलों का दहन किया गया। **पूर।** ग्रामीण अंचलों में विजयदशमी का पर्व परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रामलीला का मंचन किया गया। वहीं, गांव-गांव में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। विजयदशमी के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन स्थानीय नदियों, सरोवरों और तालाबों में किया जा रहा है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस सक्रिय रही।

राहगीरों से बाइक लूटने वाले गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

भीमपुरा (बलिया)। जनपद में राहगीरों को निशाना बनाकर मोटरसाइकिल लूटने वाले गिरोह के स्वाट टीम, सर्विलांस सेल और भीमपुरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट की घटनाओं में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलों के साथ लूट की एक मोटरसाइकिल और दूसरी लूटी गई मोटरसाइकिल के दो पहिए रिंग सहित बरामद किए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से थाना भीमपुरा और थाना रसड़ा में दर्ज मोटरसाइकिल लूट के दो मामलों का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर की रात एक व्यक्ति अपने पुत्र के साथ नगरा से अपने घर किड़िहरापुर लौट रहा था। टिकुलिया गांव के पास अज्ञात बदमाशों ने पिता-पुत्र पर हमला कर उनकी मोटरसाइकिल छीन ली और नगरा की तरफ फरार हो गए। 20 अक्टूबर को भीमपुरा थाना पुलिस की टीम क्षेत्र में चेकिंग और वांछित आरोपितों की तलाश कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि टिकुलिया में मोटरसाइकिल लूट की घटना में शामिल आरोपित दो मोटरसाइकिलों से पुराचट्टी की तरफ से सिकरिया की ओर आ रहे हैं। पुलिस ने मौके से उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अभिषेक यादव पुत्र हीरा यादव निवासी ताड़ी बड़ा गांव, थाना नगरा, राजेश यादव पुत्र उदयभान यादव निवासी कसेसर, थाना भीमपुरा और आशीष यादव उर्फ गोलू यादव पुत्र शिवलाल यादव निवासी शिवपुर मठिया, थाना भीमपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने जब दोनों मोटरसाइकिलों की तलाशी ली तो उनके बीच की सीट पर रखी प्लास्टिक की बोरियों से रिंग सहित मोटरसाइकिल के दो पहिए बरामद हुए। बैटरी और पहियों को कसने वाले दोनों हब उनके दो अन्य साथियों अभिषेक और मंटू के पास चले गए, जो गाजीपुर के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस अब गाजीपुर निवासी बताए गए दोनों अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

गंगा भवन में श्रीमद्भागवद महायज्ञ का शुभारंभ, निकली कलश यात्रा



बलिया। जनपद के सोहांव विकास खंड अंतर्गत गंगा भवन-उजियार घाट में स्वर्गीय पंडित गोरखनाथ उपाध्याय की स्मृति में श्रीमद्भागवत महायज्ञ एवं कथा का आयोजन किया गया है। मंगलवार को महायज्ञ के शुभारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से सराबोर इस यात्रा में क्षेत्र की हजारों महिलाओं और कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। महायज्ञ के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक सरल जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर रहे हैं। कहा कि भगवान की प्राप्ति का सबसे सशक्त साधन भक्ति है। भक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें ज्ञान और वैराग्य का समावेश होना भी आवश्यक है। ज्ञान मनुष्य को सत्य का बोध कराता है, जबकि वैराग्य उसे मोह-माया और सांसारिक आसक्तियों से मुक्त होने की प्रेरणा देता है। ज्ञान और वैराग्य से युक्त भक्ति ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने कहा कि भगवान से साक्षात्कार का माध्यम भी भक्ति ही है। जब मनुष्य का हृदय निर्मल होता है और वह निष्काम भाव से प्रभु के चरणों में समर्पित हो जाता है, तब उसके जीवन में आध्यात्मिक चेतना का उदय होता है और वह ईश्वर की निकटता का अनुभव करता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव उपाध्याय, नीरज उपाध्याय, पीयूष उपाध्याय, जयप्रकाश उपाध्याय, सत्यप्रकाश, संजीव, ज्ञानेंद्र, देव, राजू उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

गंगा में स्नान करने गया किशोर डूबा, शव बरामद

फेफना (बलिया)। थाना क्षेत्र के सेमरा घाट पर मंगलवार सुबह गंगा में स्नान करने के दौरान 14 वर्षीय किशोर गहरे पानी में डूब गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की टीम ने तलाश शुरू की। काफी प्रयास के बाद दरामपुर गांव के सामने ठोकर के पास किशोर का शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार, अराजी माफी सागरपाली निवासी शिवम उर्फ गोलू यादव (14) पुत्र भरत यादव मंगलवार सुबह रोज की तरह गंगा पार दियारा में खेती कर रहे अपने पिता को खाना देने गया था। वहां से लौटने के बाद वह सेमरा घाट पर नदी में स्नान करने लगा। इसी दौरान पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगने के कारण वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। काफी देर तक शिवम के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की। इसी बीच नदी के आसपास मौजूद मछुआरों को उसके डूबने की जानकारी हुई तो उन्होंने तलाश शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास हालत में गंगा घाट की ओर दौड़ पड़े। कुछ ही देर में नदी किनारे ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची फेफना थाना पुलिस और गोताखोरों की टीम ने किशोर की तलाश शुरू की। बाद में दरामपुर गांव के सामने ठोकर के पास उसका शव बरामद हुआ। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि किशोर की तलाश के दौरान उसका शव बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

एसपी सहित अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर किया नमन



बलिया। रिजर्व पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस-2026 के अवसर पर शोक परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा सहित जनपद के अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया। शोक परेड में शामिल सशस्त्र पुलिस टुकड़ियों ने शस्त्र झुकाकर शोक सलामी दी। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। एसपी ने देश की आंतरिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों के नामों का पाठ किया। एसपी डॉ. ईरज राजा ने कहा कि पुलिस का प्रत्येक जवान आमजन की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे तत्पर रहता है। शहीदों का सर्वोच्च बलिदान पुलिसकर्मियों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ देशसेवा करने की प्रेरणा देता है। बलिया पुलिस समाज में शांति, सौहार्द और कानून का राज स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में एएसपी उत्तरी दिनेश कुमार शुक्ला, एएसपी दक्षिणी संजय वर्मा, सीओ नगर सतीश कुमार शर्मा, विभिन्न थानों के प्रभारी, पुलिसकर्मी और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

रामलीला मंच पर बवाल, महामंडलेश्वर पर हमले का आरोप, चार नामजद

रसड़ा (बलिया)। श्रीनाथजी मठ और रामलीला मैदान का पुराना विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है। मंगलवार शाम रामलीला के कार्यक्रम के दौरान मंच पर हंगामा हो गया। महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी ने सतीश सिंह, संजीत गुप्ता, मोनू जायसवाल और कुछ अज्ञात लोगों पर असलहा लेकर मंच पर चढ़ने, जान से मारने की नीयत से हमला करने और उनके सहयोगी रूपेश तिवारी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। उनकी तहरीर पर रसड़ा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के समय प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और सुभासपा नेता ओमप्रकाश राजभर, महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी तथा पूर्व चेयरमैन वशिष्ठ नारायण सोनी समेत कई लोग मौजूद थे। आरोप है कि इसी दौरान कुछ युवक मंच पर चढ़ गए और रूपेश तिवारी की पिटाई कर दी, जिससे कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई। महामंडलेश्वर कौशलेंद्र गिरी के मुताबिक, मंगलवार शाम मेला कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान सतीश सिंह, संजीत गुप्ता, मोनू जायसवाल और कुछ अन्य लोग मंच पर पहुंच गए और उन पर हमला करने का प्रयास किया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके सहयोगी रूपेश तिवारी के साथ मारपीट की गई। मामले का पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने संज्ञान लिया। एसपी ने बताया कि 20 अक्टूबर को उन्होंने जिलाधिकारी के साथ रसड़ा में फुट पेट्रोलिंग की थी। रामलीला मैदान संवेदनशील स्थल होने के कारण वहां सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। उन्होंने बताया कि रामलीला कमेटी के कुछ सदस्यों और सतीश सिंह के बीच विवाद चल रहा था। इसी को लेकर महामंडलेश्वर के अनुयायियों के साथ बदसलूकी की घटना हुई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव का भव्य आगाज

पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने किया उद्घाटन, जूनियर कबड्डी में सहजानंद विद्यालय की टीम विजेता



नरहीं (बलिया)। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित जननायक चंद्रशेखर फेफना खेल महोत्सव का सेवा संघ इंटर कॉलेज सोहांव के खेल मैदान पर भव्य आगाज हुआ। बुधवार को पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने चंद्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। बुधवार को बालिका एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, रस्साकस्सी एवं जूनियर बालक कबड्डी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को क्रिकेट, फुटबॉल एवं बालक एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। क्लस्टर एक में न्याय पंचायत सोहांव, नारायणपुर एवं सरया के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जूनियर बालिका 100 मीटर में सिद्धेश्वर नाथ की निराजली पासवान प्रथम, राधिका इंटर कॉलेज की अंशिका यादव द्वितीय एवं सेवा संघ इंटर कॉलेज की जया तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर में अनिता कन्नौजिया, खुशी यादव अनिता 400 मीटर में सलोनी, आयुषी व ब्यूटी लंबी कूद में सुगंधा कुमारी, शिवांगी व रजनी क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। सब जूनियर बालिका वर्ग के 100 मीटर में महक प्रथम, गुड़िया द्वितीय एवं अंजली तृतीय स्थान पर रही। वहीं 200 मीटर में करिश्मा, काजल व लवली 400 मीटर में बबिता, सलोनी व रंभा क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। जूनियर बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में स्वामी सहजानंद विद्यालय, भरौली की टीम ने फाइनल में बसंतपुर को 26-12 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। निर्णायक की भूमिका पवन कुमार राय, विनय राय, अनूप राय, संजय पांडे, सच्चिदानंद राय, अम्बरीष तिवारी, अवनीश राय, अजय विक्रम सिंह, चंद्रमणि राय, कवीन्द्र यादव, मंजूर अली, सर्वेश राय, यशवंत राय, आशीष तिवारी, शिवदयाल यादव, सचिन उपाध्याय, उपेंद्र राजभर, आशुतोष, मृत्युंजय शर्मा, राघवेंद्र, कृष्णा एवं विनम्र यादव आदि ने निभाई। इस दौरान चंद्रेश्वर सिंह, वेद प्रकाश राय, प्रेम प्रकाश राय, सूर्यदेव राय, शिवानंद राय, अक्षय कुमार राय, भरत राय, प्रशांत राय, सर्वानंद तिवारी आदि उपस्थित रहे। संचालन नीरज राय ने किया।

करेण्ट लगने से मजदूर की मौत, परिजनों में कोहराम

नरहीं (बलिया)। विजयदशमी के दिन लड्डूपुर गांव में खुशियां मातम में बदल गईं। धान के खेत की सिंचाई कर रहे 50 वर्षीय मजदूर साधू राजभर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना की जानकारी उस समय हुई, जब उनकी पत्नी उर्मिला खाना लेकर खेत में पहुंचीं। पति को मृत अवस्था में पड़ा देख वह बिलख पड़ीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। नरहीं थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल ने बताया कि सोमवार की शाम लड्डूपुर गांव निवासी साधू राजभर गांव के बाहर धान के खेत की सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। काफी देर तक उनके घर नहीं लौटने पर पत्नी उर्मिला खाना लेकर खेत में पहुंचीं तो घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों के अनुसार, साधू दूसरों के खेतों में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार झोपड़ी में रहता है और आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। उनकी पांच बेटियों में लक्ष्मी, काजल, रंजना और पूजा की शादी हो चुकी है, जबकि 18 वर्षीय रूनी अविवाहित है। उनके तीन बेटे धन्नू (14), सोनू (12) और बलबीर (10) हैं। आर्थिक तंगी के चलते बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते हैं। साधू की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पति को खोने के बाद उर्मिला का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस दिन गांव में लोग विजयदशमी का पर्व मना रहे थे, उसी दिन परिवार अपने मुखिया की मौत से गम में डूबा रहा। गांव में त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं।

राष्ट्रीय स्तर पर इंस्पायर मानक में सहभागिता कर आदित्य ने बढ़ाया मान, डीएम ने किया सम्मानित

बलिया। आरके मिशन स्कूल, सागरपाली के प्रतिभाशाली छात्र आदित्य पाण्डेय ने इंस्पायर मानक के राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता कर विद्यालय एवं



जनपद का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर के इस मंच से लौटने पर आदित्य को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने अपने आवास पर आमंत्रित कर शॉल एवं मिठाई भेंट की और आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आदित्य ने 'सम्राट' नामक स्मार्ट यातायात प्रबंधन मॉडल तैयार किया है, जिसका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी के लिए हुआ। इस उपलब्धि के पीछे आदित्य की लगभग दो वर्षों की मेहनत, नवाचार के प्रति रुचि और शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। जिलाधिकारी ने आदित्य के मॉडल में रुचि दिखाई तथा पुलिस अधीक्षक के साथ बैठकर इस पर चर्चा करने और इसकी संभावनाओं को आगे बढ़ाने की बात कही। इससे आदित्य को अपने नवाचार को और विकसित करने की प्रेरणा मिली है। उम्मीद है कि भविष्य में यह मॉडल सरकारी स्तर पर उपयोगी साबित होगा। विद्यालय लौटने पर विद्यालय के प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव ने भी आदित्य को सम्मानित किया और इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

बाइक की टक्कर से रेलवे क्रासिंग का बैरियर टूटा

बेल्थरारोड (बलिया)। नवरात्र मेले को लेकर क्षेत्र में उमड़ी भारी भीड़ के बीच सोनाडीह-कुंडैल रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से रेलवे क्रॉसिंग का बैरियर टूट गया। हादसे के बाद क्रॉसिंग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार बाइक रेलवे क्रॉसिंग के बैरियर से जा टकराई, जिससे बैरियर क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक चालक को पकड़ लिया। हालांकि, रेल पुलिस के समय से मौके पर नहीं पहुंचने और केबिन मैन के अकेले होने का फायदा उठाकर बाइक सवार मौके से फरार हो गया। बैरियर टूटने के बाद रेलवे क्रॉसिंग की व्यवस्था प्रभावित हो गई और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। करीब आधे घंटे तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं-डीएम

बलिया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कृषि भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों की समस्याओं, उर्वरकों की उपलब्धता, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा बाढ़ से फसलों को हुए नुकसान सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं किसान नेताओं का स्वागत किया गया। इसके बाद पिछले किसान दिवस में उठाई गई समस्याओं पर संबंधित विभागों से प्राप्त आख्या को जिला कृषि अधिकारी ने किसानों के समक्ष पढ़कर सुनाया। पूर्व में उठाए गए प्रकरणों का निस्तारण होने पर किसानों ने संतोष व्यक्त किया। भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री अजय कुमार सिंह एवं किसान संतोष कुमार सिंह ने जनपद की विभिन्न सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में रबी फसलों की बुवाई का महत्वपूर्ण समय है, ऐसे में किसानों को समय से खाद उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस पर सहायक निबंधक सहकारिता ने बताया कि जनपद की सभी समितियों पर लगभग 2,500 मीट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता करा दी गई है। उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के किसानों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के आधार पर कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से बनवाने को कहा।

ददरी मेले का विधि विधान से हुआ ध्वज पूजन

बलिया। ऐतिहासिक ददरी मेले का ध्वज पूजन मंगलवार को नंदी ग्राम परिसर में हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष संत कुमार उर्फ मिठाई लाल गुप्ता ने पूजन कर मेले की औपचारिक शुरुआत की। नपा अध्यक्ष ने बताया, इस बार मेले का मुख्य आकर्षण पशु मेला रहेगा। पिछले साल लंपी रोग के कारण पशु मेला नहीं लगा था, इसलिए यह भव्य होगा। यह देश के चार सबसे बड़े मेलों में से एक है, एक महीने तक चलता है। कई राज्यों से पशुपालक आते हैं। यहां गाय, भैंस, घोड़े आदि पशुओं का कारोबार होता है। मुर्रा भैंसें और पंजाब-राजस्थान के घोड़े खास आकर्षण होते हैं। यह मेला शहर के दक्षिणी छोर पर 89 एकड़ जमीन पर लगता है। हर साल किसानों से जमीन किराए पर ली जाती है, इस बार 800 से ज्यादा किसानों की जमीन ली जाएगी। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट आशाराम वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

पीठासीन अधिकारी सतर्क रहें, हर गतिविधि पर रखें नजर-डीएम



बलिया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दो पालियों में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान मतदान प्रक्रिया, मतपत्रों के रंग, मतपेटिका की सुरक्षा और निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देशों के अनुपालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि चुनाव कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि स्नातक निर्वाचन के लिए सफेद रंग का, जबकि शिक्षक निर्वाचन के लिए गुलाबी रंग का मतपत्र निर्धारित है। उन्होंने मतदान अधिकारियों को मतपत्रों के उपयोग, मतपेटिका की प्रक्रिया तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान संपन्न कराने की जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदान के लिए आने वाले प्रत्येक मतदाता के पहचान पत्र की अनिवार्य रूप से जांच की जाए। बैठक में एडीएम अनिल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, डीडीओ आनंद प्रकाश एवं सभी पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

मतदान कक्ष में मोबाइल और कैमरा प्रतिबंधित

बलिया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के तहत 23 अक्टूबर को मतदान होगा। मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में आयोग से अनुमोदित मतदेय स्थलों पर 23 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस पर मतदान कक्ष में मोबाइल फोन अथवा किसी भी प्रकार का कैमरा ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि मतदान प्रकोष्ठ में मतदाता को पीठासीन अधिकारी द्वारा मतदान के लिए बैंगनी रंग का स्केच पेन उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रशासन ने शुरू की मतदान की तैयारी

बांसडीह (बलिया)। शिक्षक और स्नातक एमएलसी चुनाव के लिए बांसडीह तहसील क्षेत्र में चार मतदान केंद्रों पर कुल 10 बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर शिक्षक और स्नातक निर्वाचन के कुल 5347 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रशासन ने मतदान की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मतदान 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से 4 बजे तक होगा। एसडीएम पुष्कर मिश्रा ने बताया कि तहसील क्षेत्र में शिक्षक एमएलसी निवार्चन के लिए 521 मतदाता तथा स्नातक एमएलसी निवार्चन के लिए 4826 मतदाता मतदान करेंगे। बांसडीह तहसील क्षेत्र में चार स्थानों पर मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें जूनियर हाईस्कूल बांसडीह, जूनियर हाईस्कूल रेवती, मनियर और बेरुआरबारी शामिल हैं। जूनियर हाईस्कूल बांसडीह में शिक्षक निर्वाचन के लिए एक और स्नातक निर्वाचन के लिए दो बूथ बनाए गए हैं। इसी तरह जूनियर हाईस्कूल रेवती में स्नातक के दो और शिक्षक निर्वाचन के लिए एक बूथ रहेगा। जूनियर हाईस्कूल मनियर में शिक्षक और स्नातक निर्वाचन के लिए एक-एक बूथ बनाया गया है। जूनियर हाईस्कूल बेरूआरबारी में भी एक-एक बूथ बनाया गया है।

ट्रेलर के धक्के से युवक की मौत, एक घायल

रसड़ा(बलिया)। मऊ मार्ग स्थित पकवाइनार रेलवे क्रासिंग के समीप ट्रेलर के धक्के से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। एक युवक ने बलिया इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मऊ जनपद के थाना हलधरपुर मुस्तफाबाद निवासी मनोज कुमार सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि मेरा पुत्र 21 वर्षीय प्रकाश सिंह एवं गांव के ही सोनू कन्नौजिया बाइक से किसी काम से रसड़ा आ रहे थे कि पकवाइनार रेलवे क्रासिंग के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर धक्का मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रकाश को बलिया अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

एक नजर इधर भी

बाइक की चपेट में आकर युवक की मौत

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के नागपुर गांव के ईट-भट्ठे के समीप मंगलवार को दोपहर बाइक की चपेट में आकर साईकिल सवार अनिल राजभर 28 की मौत हो गई। मोतिरा निवासी अनिल राजभर 28 वर्ष पुत्र संजय राजभर नित्य की भांति साईकिल से रसड़ा आ रहे थे तभी तेज रफ्तार बाइक अनिल को धक्का मारते हुए भाग निकली। गंभीर रूप से घायल अनिल राजभर को रसड़ा अस्पताल लाया गया जहांचिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया। मऊ में इलाज के दौरान अनिल ने दम तोड़ दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

राहुल तिवारी बने भाजयुमो की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य

बलिया। बलिया नगर विधानसभा क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता खड़क तिवारी के पुत्र राहुल तिवारी पराशर को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य बनाया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को बलिया के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। राहुल तिवारी पराशर ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्र राजनीति से की। इस दौरान वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े और दिल्ली विश्वविद्यालय इकाई में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन किया। छात्र राजनीति के दौरान प्राप्त अनुभवों ने उन्हें संगठनात्मक कार्यों और युवा नेतृत्व की बारीकियों को समझने का अवसर दिया।

रेलवे स्टेशन के पीछे मिला अज्ञात का शव

फेफना (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार के सुबह रेलवे स्टेशन के पीछे मालगोदाम के पास खन्ता में एक व्यक्ति का शव पानी में उतराया मिलने से अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बुधवार को मालगोदाम के पास खन्ता में अज्ञात युवक (28) वर्ष का शव मिलने से अफरा तफरी मच गई। वहां मौजूद मजदूर पानी में उतराया देख आस पास के मजदूर इकट्ठा हो गए। वही, किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को क़ब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

बाइक गड्ढे में पलटी, युवक घायल

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के मधुबन ढाला के समीप मधुबन-बेल्थरा राजा मार्ग पर बुधवार की सुबह करीब आठ बजे एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में बाइक समेत पलट गया। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बाइक सवार को गड्ढे से बाहर निकाला। घायल की पहचान दोरहीघाट थाना क्षेत्र के सूरजपुर निवासी 45 वर्षीय मुन्ना यादव के रूप में हुई। घायल की हालत को देखते हुए पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं समाजसेवी रामाश्रय फाइटर यादव ने अपनी बाइक से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया।

नयी मस्जिद से इनवर्टर, बैटरी चोरी

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के पूर गांव स्थित नई मस्जिद से सोमवार की सुबह चोरों ने इनवर्टर और बैटरी चोरी कर ली। घटना की जानकारी होने पर मस्जिद के इमाम जमील अंसारी उर्फ गुड्डू ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह करीब आठ बजे मस्जिद से इनवर्टर और बैटरी गायब मिले। इमाम जमील अंसारी उर्फ गुड्डू ने इसकी शिकायत पकड़ी पुलिस से की।

साकेत नगर पार्क में होवरहेड टैंक का होगा निर्माण-नगर आयुक्त

पाँच वार्डो में सीवर और पेयजल का कनेक्शन जल्द घरों में किया जाएगा संयोजन

अमृत-२ कार्यक्रम के तहत शहर में बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ करने के लिए भेलूपुर, नरिया, दुर्गाकुण्ड, सरायनन्दन एवं जोलहा क्षेत्रों में सीवर को भी संयोजन पर कार्य किया जा रहा है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सम्बंधित क्षेत्र का आकर निरीक्षण किया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस योजना में पेयजल व्यवस्था को भी दुरूस्त करने के लिए कदम उठाये गये हैं। नगर आयुक्त ने इस योजना के तहत बनने वाली शिरोपरि जलाशय के लिए साकेत नगर पार्क का मुआवना भी किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्बंधित क्षेत्र में ओवरहेड टैंक निर्माण के लिए यथाशीघ्र कार्य शुरू कराया जाए।



जिससे जल्द से जल्द शुद्ध जल लोगों को प्राप्त हो सके। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश जल निगम निर्माण खण्ड-प्रथम की देखरेख में अमृत-२ की योजना में कुल १४३.८० करोड़ रूपया व्यय होना है। पाँचों वार्डो में १४९.२९ किमी लम्बी सीवर नेटवर्क बिछाया जाना है, इसके साथ ही २०२४६ घरों में संयोजन करना है। नगर आयुक्त नरिया वार्ड में एक कोचिंग के पास ४०० मीटर व्यास की सीवर लाइन के कार्यो का निरीक्षण किया। हलांकि निरीक्षण के दौरान उन्हें सब कुछ ठीकठाक मिला। नगर आयुक्त कार्यदायी संस्था को निर्देश जारी करते हुए कहा कि सीवर और पेयजल लाइन बिछाने के बाद गड्ढा किया गया सड़क को तत्काल पाटा जाए जिससे कि लोगों को आवागमन की समस्या न होने पाए। इस दौरान सम्बंधित वार्ड के पार्षद जल निगम के अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता सहित कार्यदायी एजेंसी के अभियंता शामिल थे।

मुकदमा वापस नहीं लेने पर मिली धमकी, युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

मुकदमा वापस नहीं लेने पर युवक को जान से मारने की धमकी दिये जाने के मामले में चितईपुर पुलिस ने बुधवार को रिषभ राजपूत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी। चितईपुर थाना क्षेत्र के चंदन नगर करौंदी का रहने वाला सुमित शुक्ला सोमवार की रात करौंदी से हैदराबाद गेट की तरफ जा रहा था। करौंदी आईटीआई गेट सामने सुमित पहुंचा। तभी चंदन नगर कालोनी का रहने वाला रिषभ राजपूत अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल से आकर घेर लिया। रिषभ ने अपने छोटे भाई अंकित राजपूत के खिलाफ रंगदारी का दर्ज मुकदमा को लेकर सुमित को गाली देने लगा। जान से मारने की नीयत से चापड़ निकालकर रिषभ सुमित के ऊपर चला दिया।

श्री सनातन धर्म संस्कृत पाठशाला, जलललपुर, जौनपुर

चुनाव कार्यक्रम

(दिनांक- 26 अक्टूबर 2026, दिन-सोमवार)
स्थान- श्री गीता साहित्य कुटीर, कुटीर चक्के, जौनपुर
चुनाव अधिकारी- श्री श्रीभूषा मिश्र
नामांकन- सुबह 9:00 बजे से प्रात: 10:30 बजे तक।
नामांकन पत्र की जाँच- प्रात: 10:30 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक।
नाम वापसी- पूर्वाह्न 11:30 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक।
निर्वाचन मतदान-मध्याह्न 12:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक-
तदुपरान्त मतगणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा।
तत्पश्चात चुनाव परिणाम अनुमोदन हेतु महासभा/साधारण सभा की बैठक।

कृष्ण प्रताप दुबे, मंत्री/प्रबंधक
डॉ. अजयेन्द्र कुमार दुबे, सभापति/अध्यक्ष

वर्गीकृत आज विज्ञापन

सूचना

सूचना- मेरा पूर्व नाम- KUMARI ANJALI PRAJAPATI था अब से बदलकर **ANJALI PRAJAPATI** पुत्री VINOD PRAJAPATI रख लिया हैं। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय, ग्राम-अमौडा, पोस्ट - पन्दहा, आजमगढ़, उत्तरप्रदेश

सूचना-मैं, अमृता कुमारी, पत्नी बृजेश कुमार यादव (सेना नंबर 4375865L, हवलदार/क्लर्क), निवासी ग्राम- झुनका (हरदिया), पोस्ट- भाला, जिला- गाजीपुर, राज्य- उत्तर प्रदेश, पिन- 233303, ने शपथ पत्र संख्या IN-UP219983026153 37Y (दिनांक 07-10-26) के माध्यम से अपना नाम अमृता देवी से बदलकर **अमृता कुमारी** और अपनी जन्म तिथि 12.05.1994 से बदलकर 08.07.1997 कर ली हूँ।

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एलआईसी पॉलिसी संख्या 282291313 में मेरा नाम अनार कली उर्फ सरिता देवी अंकित है, जोकि मेरे घर का नाम है, मेरा सही नाम सीता देवी है जो मेरे आधारकार्ड में दर्ज है, दोनों नाम मेरा ही है, **सीता देवी** पत्नी रमाशंकर विश्वकर्मा पता मेन रोड फुलवारी,पोस्ट अमिलौथा, जिला सोनभद्र

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम SHOAIB ANSARI था जिसे बदलकर MOHD SHOAEB ANSARI कर लिया है, आगे से मुझे Mohd Shoaeb Ansari के नाम से जाना वा पहचाना जाएगा। **Mohd Shoaeb Ansari,** निवासी J-10/44 बाकराबाद जैतपुरा, वाराणसी।

सूचना- सूचित किया जाता है कि मेरे फर्म **श्री जी कृष्णा** K26/20, चौखम्भा, गोपाल मंदिर, वाराणसी द्वारा जारी दो चेक , चेक नं. -000318 दिनांक 15.3.2027 धनराशि नाम असलम 19505/ व चेक न.000319 दिनांक-15.3.2027 धनराशि 18.125/- नाम इसलाम को जारी किया गया था। जो खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। **प्रोप्राइटर**

NOTICE

It is hereby informed to the general public that Ihave changed my name from Ashok Chouraria, to Ashok Kumar Chouraria. In the future, I shall be known and recognized by tha name Ashok Kumar Chouraria.**ASHOK KUMAR CHOURARIA** S/o Bhikam Chand Chouraria Address:- B21/87-88-Krishna Appartment Kamachha, Bhelupur, Mahmoorganj, Varanasi,

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वतः जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा। **प्रबन्धक**

एक नजर इधर भी

एनआईपी ग्रैंड सोसायटी में सिंदूर खेलकर मां दुर्गा को दी गयी विदाई

दुर्गा पूजा के अवसर पर बरेका परिसर से सटे एनआईपी ग्रैंड वूड सोसायटी की ओर से आयोजित पांच दिवसीय समारोह बुधवार को धूनी नृत्य एवं सिन्दूर खेला के बीच मां दुर्गा को विदाई दी गयी। पूरे समारोह में उत्तर भारत के साथ बंगाल की परंपराओं की मनमोहक झलक देखने को मिली। पूरे समारोह में सोसायटी के बच्चे, महिला-पुरूषों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर माहौल को उत्सवी बना दिया था। साथ ही साथ भजन कीर्तन से वातावरण भक्तिमय भी बना रहा। पूजा को अविस्मरणीय बनाने में बच्चों तथा महिलाओं का सराहनीय योगदान रहा। बुधवार को मां दुर्गा के विसर्जन से पूर्व बंगाल की परंपरा के अनुसार महिलाओं ने एक दूसरे को सिन्दूर लगाकर सिन्दूर खेला की रस्म निभाकर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की और मां दुर्गा को विदाई दी।



किशोरी गायब, मुकदमा दर्ज

बड़ागांव थानाक्षेत्र के एक गांव निवासिनी १३ वर्षीय किशोरी मंगलवार की शाम अपने घर से बीरापट्टी गांव में मेला देखने निकली और घर वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद देर रात उसके पिता ने पुत्री के गायब होने का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं पुलिस किशोरी की ढुंढने में सफल रही। इस घटना के बाबत थाना प्रभारी बड़ागांव प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी अपनी सहेली के घर चली गयी थी, जिसे खोजकर बुधवार को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

सड़क हादसे में युवक घायल

कैंट थाना क्षेत्र के कचहरी स्थित वरुणा पुल पर सड़क हादसे में मलदहिया, सिगरा निवासी साइकिल सवार राम आधार गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस मामले में कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल के बेटे अरुण कुमार के अनुसार १९ अक्टूबर की सुबह करीब पांच बजे दो पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे और बताया कि उनके पिता का सुबह चार बजे वरुणा पुल पर एक्सीडेंट हो गया है। उन्हें पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया था। वहां से बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक, हादसे के बाद से राम आधार को होश नहीं आया है। अरुण कुमार ने बताया कि उसी दिन शाम को वह कैंट थाने की कचहरी पुलिस चौकी पहुंचे, जहां उन्हें उनके पिता की साइकिल दिखायी गयी। पुलिस ने हादसे में शामिल वाहन का नंबर यूपी ६५ एफए २२९१ बताया। कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मकान को कर्जमुक्त बताकर ५८ लाख ६० हजार रुपये में बेचने का आरोप, दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रमरेपुर, पहड़िया स्थित मकान को कर्जमुक्त बताकर ५८ लाख ६० हजार रुपये में बेचने का आरोप में पुलिस आयुक्त के निर्देश पर कैंट पुलिस ने मकान विक्रेता मुकेश कुमार जायसवाल और उनकी पत्नी सुनीता जायसवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शिकायत के मुताबिक, उमा यादव और मीनू यादव ने १४ जून २०२४ को मुकेश कुमार जायसवाल से मकान का बैनामा कराया था। आरोप है कि विक्रेता ने मकान पर किसी तरह का कर्ज या बंधक नहीं होने की बात कहकर ५८.६० लाख रुपये लिये। पूरी रकम बैंक खातों के माध्यम से दी गयी थी। पीड़िताओं के अनुसार, दो सितंबर २०२६ को मकान के मुख्य द्वार पर केनरा बैंक का नोटिस चस्पा मिला। इसमें ६० लाख २८ हजार ६३१ रुपये बकाया होने का उल्लेख था। इस पर उन्होंने विक्रेता से जवाब मांगते हुए रकम वापस करने को कहा तो आरोप है कि उनके साथ गाली-गलौज की गयीऔर जान से मारने की धमकी दी गयी। इसके बाद दोनों महिलाओं ने पुलिस आयुक्त से शिकायत कर कारर्वाई की मांग की। पुलिस आयुक्त के आदेश पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जालियों को जब्त करने के दौरान मिली दो अवैध बंदूकें

बर्डहीट रोकने के अभियान में एक भवन में मिले सैकड़ों चूहे

नगर निगम और वीडीए की टीम ने बुद्धवार को जेरगुल्लर मोहल्ले भवन संख्या ए/२०/ ८०-१के भवन स्वामी जावेद के यहां छापा डालते हुए कबूतर की दो जालियां और दो अवैध बंकूद बरामद किया। इसकी सूचना निगम प्रशासन ने पुलिस विभाग को दी। मौके पर पहुंचे सम्बंधित थानाध्यक्ष ने बंदूकों को जब्त कर लिया साथ ही आवश्यक पूछताछ के लिए कारर्वाई शुरू कर दी। उल्लेखनीय है कि एयर शो में २२, २४ एवं २५ को बर्डहिट रोकने के लिए टीम विभिन्न जगहों मुआयना कर रही है। तीन मंजिले भवन में सभी तलों पर कबूतर पालने के लिए लोहे की जालियों को काटकर उसे जब्त कर लिया गया। पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डाक्टर विजय अमृतराज ने बताया कि उस मकान में सैकड़ो चूहे पाले गये थे। स्थिति के गम्भीरता को देखते हुए भवन की साफ-सफाई करायी गयी। साथ ही कीटनाशक दवाओं को छिड़काव कराया गया। साफ सफाई के दौरान ही दो बंदूके बरामद की गयी, जिसे आदमपुर थानाध्यक्ष ने जब्त कर लिया। इस अभियान में नगर निगम और प्रवर्तन दल के कर्मचारियों के अलावा आदमपुर पुलिस और जोनल अधिकारी मौजूद थे।



हवाई फायरिंग से गांव में दहशत, जांच में जुटी पुलिस

सिंधोरा थाना क्षेत्र के परागडीह गांव में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चलने से अफरा तफरी मच गई। हालांकि गोली से कोई हताहत नही हुआ, अलबत्ता पड़िया को छर्रे लगने के निशान मिले। सूचना पर पहुची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। बताते हैं कि बीती रात एक बजे के लगभग गणेश यादव के घर के सामने दो अज्ञात लोगों द्वारा गोली चलाने की बात सामने आने पर गांव में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना गणेश यादव सिंधोरा पुलिस को दी। मौके पर पहुचे थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने जानकारी लेने के साथ छर्रे बरामद कर जांच में जुट गए। उन्होंने बताया कि हवाई फायरिंग की सूचना मिली है सीसीटीवी कैमरे के सहारे घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। वही पीड़ित ने किसी से रंजिश होने की बात से इनकार किया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु 'खुली' ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्र. सं. 1 कार्य का नाम** : नन्दगंज पर लाइन -3 के लिए स्टॉप बोर्ड के स्थान पर शंट सिग्नल की व्यवस्था व लाइन-04 के लिए स्टार्टर को सामान्य लूप बनाने के लिए और एक डॉक माल शेड रनिंग लाइन (सीएसएल 750 मीटर) और शंटिंग नेक (सीएसएल-750 मीटर) का प्रावधान के संबंध में 25 केवी ओएचई विद्युतीकरण कार्य। **टेंडर रिफरेश नं: SrDEE-TRD-BSB-2026-27-T40 कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:** 27577244.66 **धरोहर राशि रुपया में:** 551600/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:** शून्य। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 12.11.2026 up to 14:45 Hrs. **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 माह। • खुली ई-निविदा दिनांक 12.11.2026 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वरि0 मंडल विद्युत इंजी0/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-232 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र

पत्रांक-306/न0पं0डा0बा0/2026-27 दिनांक-20/10/2026

ई-टेण्डरिंग सूचना

नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र में समस्त इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, पेयजल योजना, पचम राज्य वित्त आयोग/निकाय निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्य के लिए दिनांक-21.10.2026 को सायं 06:00 बजे से वेबसाइट http:// etender.up.nic.in पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की समस्त अभिलेख एवं शर्ते वेबसाईट http:// etender.up.nic.in पर दिनांक-21.10.2026 से दिनांक-10.11.2026 को सायं 06:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

(अखिलेश सिंह), अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र
(फूलवन्ती कुमारी), अध्यक्ष, नगर पंचायत डाला बाजार, सोनभद्र

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध नये एवं पुराने ईमारती काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम - काष्ठागार मनेन्द्रगढ़
नीलाम दिनांक - 30.10.2026
नीलाम समय - प्रात : 09.00 बजे से प्रारम्भ

क्र.	प्रजाति	नये काष्ठ		पुराने काष्ठ	
		लट्ठा	बल्ली	लट्ठा	बल्ली
		घ.मी.	नग	घ.मी.	नग
1	सागौन	0	0	41.849	778
2	साल	0	0	2413.424	1782
3	साजा	0	0	44.370	122
4	धावडा	0	0	2.749	321
5	हल्दू	0	0	12.493	15
6	मुंडी	0	0	0.910	0
7	सतकठा	0	0	114.510	300
8	खम्हार	0	0	5.786	22
9	सलैया (सलई)	0	0	5.368	2
10	तिंसा	0	0	0.406	0
11	शीशम	0	0	0.322	0
	योग:-	0	0	2642.187	3342

जलाऊ काष्ठ

क्र.	विवरण	नया लॉट	पुराना लॉट
1	जलाऊ मिश्रित	-	-
	योग:-		

टीप: 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-Commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3 लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-Commerce पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है।

जी-262704118/7
दिनांक- 21.10.2026
वनमण्डलाधिकारी, मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत करहिया विकास खण्ड-म्योरपुर सोनभद्र

पत्रांक-मेमों/सा.आ./2026-27 दिनांक-22.10.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत करहिया विकास खण्ड म्योरपुर सोनभद्र में विगत वर्ष के सभी अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वीबीजीरामजी/राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/एस.एल.डब्लू.एम./आर.जी.एस.ए. मद/अन्त्येष्टि स्थल/एवं अन्य शासकीय योजना के अर्न्तगत यूनिट स्थापना/निर्माण कार्य /हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है जैसे ईट, गिट्टी, बालू, सीमेंट, सरिया, बोल्डर, मोरम, स्टोनडस्ट तथा स्वच्छता, पेयजल एवं कायाकल्प आदि। अतः आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्म/आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा की दर प्रस्तुत कर सकते हैं। नोट-निर्माण सामग्री आपूर्ति के अतिरिक्त अन्य कार्य जैसे 1 बोरिंग कार्य 2 सोलर लाईट/स्ट्रीटलाईट / सोलरपम्प स्थापना कार्य 3 कूडा गाड़ी क्रय 4. बोरिंग कार्य 5 हैंडपंप मरम्मत सामग्री आदि हेतु इच्छुक फर्म/ आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीयन में सामग्री आपूर्ति का विवरण होना अनिवार्य है। निविदा अनुसची निम्नवत है:-

1. कार्य की अनुमानित लागत	विभिन्न कार्यो के लिए जी.एस.टी. व अन्य कर सहित प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत।
2. आपूर्ति की अवधि	वित्तीय वर्ष 2026-27
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य	1000.00 रूपये नकद निर्माण सामग्री एवं अन्य कार्य हेतु पृथक-पृथक
4. निविदा फार्म बिक्री/जमा करने की तिथि समय व स्थान	दिनांक-22.10.2026 से 27.10.2026 पूर्वा. 10 बजे से अप्रा. 01 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर।
5. निविदा खुलने की तिथि व समय	दिनांक 28.10.2026 को पूर्वा. /अप्रा. 1.00 बजे ग्राम पंचायत व स्थान कार्यालय पर।
6. जमानत हेतु धरोहर की धनराशि	सामग्री आपूर्ति किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक से रूपये 50,000.00 (पंचास हजार मात्र) का एफ.डी. जो कि ग्राम पंचायत के नाम से बंधक कराकर निविदा फार्म के साथ जमा करना अनिवार्य होगा एवं अन्य कार्य हेतु 10000.00 का एफ.डी.।

नोट-1. निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर भी चस्पा है जिसे आप प्रशासक /सचिव से उल्लिखित समय पर किसी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

प्रशासक/सचिव
ग्राम पंयायत करहिया
म्योरपुर सोनभद्र।

अल्पकालीन निविदा सूचना

दिनांक 22.10.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत समाज कल्याण विभाग ग्राम पंचायत भिखनापुर आदर्श ग्राम साथीपुर विकास खण्ड बिरनो जनपद गाजीपुर में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य कराया जाना है, के लिए कार्य कराने हेतु / सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 22.10.2026 से 26.10.2026 तक पंचायत कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमा की जा सकती है तथा प्राप्त निविदा कमेटी के समक्ष दिनांक 27.10.2026 को सायं 3 बजे खोली जायेगी। सेवा शर्ते कार्यालय पर देखी जा सकती है। 1. निविदा बिना सूचना के निरस्त करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

लल्लन यादव, स0वि0अ0 (स0क0), विकास खंड बिरनो, जनपद-गाजीपुर
जयप्रकाश यादव / ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत भिखनापुर आदर्श ग्राम साथीपुर, विकास खंड बिरनो, जनपद - गाजीपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

दिनांक 22.10.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत समाज कल्याण विभाग ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम माधोपुर मिश्रौली विकास खण्ड बिरनो जनपद गाजीपुर में आंगनबाड़ी केंद्र, स्मार्ट क्लास प्राथमिक विद्यालय में नाली निर्माण कार्य लाईट का निर्माण कार्य कराया जाना है, के लिए कार्य कराने हेतु / सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 22.10.2026 से 26.10.2026 तक पंचायत कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमा की जा सकती है तथा प्राप्त निविदा कमेटी के समक्ष दिनांक 27.10.2026 को सायं 3 बजे खोली जायेगी। सेवा शर्ते कार्यालय पर देखी जा सकती है। 1. निविदा बिना सूचना के निरस्त करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

लल्लन यादव, स0वि0अ0 (स0क0), विकास खंड बिरनो, जनपद-गाजीपुर
किरन मिश्रा प्रशासक / ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम माधोपुर मिश्रौली, विकास खंड बिरनो, विकास खंड बिरनो जनपद-गाजीपुर

श्री स्वामी नारायणानन्द तीर्थ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

शिवाजी नगर कॉलोनी छित्तूपुर, वाराणसी-221011

आवश्यकता है

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत **श्री स्वामी नारायणानन्द तीर्थ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर कॉलोनी छित्तूपुर वाराणसी में संस्कृत शिक्षकों** की आवश्यकता है।

रिक्त संख्या-**02** (दो) संस्कृत शिक्षक (पूर्णकालिक)
विषयः-संस्कृत (साहित्य, व्याकरण)
शैक्षिक योग्यताः- राज्य सरकार/यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित। परंपरागत उपाधि धारक एवं प्रतिक्षित अभ्यर्थियों को वरीयता।
मानदेयः- रू. 20,000/- प्रतिमाह (पूर्णकालिक शिक्षक के लिए)
नोटः- अभ्यर्थी अपने जीवनवृत्त के साथ सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान-पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्नलिखित पते पर विद्यालय, कार्यदिवसों में दिनांक 28.10.2026 सायं 5.00 बजे तक प्रेषित/प्रस्तुत कर सकते हैं। विलम्ब से प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना विद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को पृथक से दी जायेगी।
पता- श्री स्वामी नारायणानन्द तीर्थ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर कॉलोनी छित्तूपुर वाराणसी-221011
ई मेल-ssnsumv@gmail.com

प्रबन्धक/सचिव

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, सी. एण्ड डी.एस. (वि./यॉ किं) उ.प्र. जल निगम (नगरीय) वाराणसी

पत्रांक-1307/M-4 /245 दिनांक-21.10.2026

निविदा सूचना

अध्यक्ष उ.प्र. जल निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. जनपद जौनपुर के जौनपुर नगर पालिका परिष्ठद सीमान्तर्गत शहाबुद्दीनपुर में निर्मित नलकूप पर पम्प-मोटर की आपूर्ति एवं इण्टर कनेक्शन का कार्य।
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मछलीशहर स्थित नेत्र अस्पताल, जौनपुर में एसिड बैटरी सहित 10 किलो वॉट क्षमता का सोलर पैनल अधिष्ठापन कार्य।

प्रत्येक कार्य हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 1000.00+18% GST (Rs.1180.00) है।
निविदा सूचना का विवरण निम्नवत हैं-
निविदा विक्रय की तिथि- 28.10.2026 से 04.11.2026 अपराहन 03.00 बजे तक।
निविदा डालने की तिथि- 04.11.2026 सायं 05.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि-05.11.2026 अपराहन 01.00 बजे।

परियोजना प्रबन्धक

कार्यालय-जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मऊ

विज्ञप्ति

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा सहायक वित्त एंव लेखाधिकारी को जनपद के समस्त विद्यालयों के निरीक्षण व बैठकों में आने-जाने तथा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयकों के विद्यालय निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण तथा जनपद मुख्यालय पर बैठक आदि में आने जाने हेतु वाहन आपूर्ति करने वाले फर्म से टैक्सी में पंजीकृत वाहन आबद्ध करने हेतु जेम पोर्टल पर बिड आमंत्रित किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है-

मद/योजना	विवरण	आवश्यक वाहन	बिड संख्या	अपलोड तिथि	अंतिम तिथि
समग्र शिक्षा	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी	02 अदद	GEM/2026/B//8177594	18.10.2026	29.10.2026 के अपरान्ह 2.00 बजे तक।
	खण्ड शिक्षा अधिकारी	10 अदद			
	जिला समन्वयक	01 अदद			
	कुल योग	13 अदद			

(संतोष कुमार उपाध्याय)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,मऊ

पृ.सं./समग्र शिक्षा/5729-5732/26-27 दि. 21.10.26

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान पटाखों में विस्फोट, १६ घायल

चौरी। बाजार में मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा निकालने के दौरान पटाखों में अचानक विस्फोट हो जाने से हादसे में 16 लोग घायल हो गए। जिनमें बच्चे, नवजवान और बुजुर्ग भी शामिल हैं। विस्फोट के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से झुलसे दो युवकों को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य 6 घायलों का भदोही के विभिन्न निजी अस्पतालों में उपचार चल रहा है। बाजार में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बगल में स्थित सार्वजनिक नव दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में स्थापित किए गए मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकालने की तैयारी की जा रही थी और पटाखे फोड़े जा रहे थे। इसी दौरान शुभम विश्वकर्मा (22 वर्ष) पुत्र जयप्रकाश विश्वकर्मा निवासी परसीपुर अपने कंधे पर झोला टांगें हुए थे। झोले में रखे आलू बम और सुतली बम के पटाखों के बंडल में अचानक चिंगारी पहुंच गई। इसके बाद पटाखे एक के बाद एक फटने लगे। शुभम का पेट फट गया, जबकि विस्फोट की चपेट में आने से शोभायात्रा में शामिल 15 अन्य भी घायल हो गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में रोहित गुप्ता (18 वर्ष), उसका बड़ा भाई दीपक गुप्ता (24 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र गुप्ता निवासी चकभुईधर, सूरज गुप्ता (21 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र गुप्ता निवासी चकभुईधर, दीपक ठठेर (20 वर्ष) पुत्र भरतलाल ठठेर निवासी चकभुईधर,

आठ घायलों का चल रहा है वाराणसी व भदोही के विभिन्न अस्पतालों में इलाज, वाराणसी में भर्ती दो घायलों की स्थिति अभी भी बनी हुई है नाजुक


राहुल तिवारी (25 वर्ष) पुत्र कृपाशंकर तिवारी निवासी परसीपुर, अंश बरनवाल (15 वर्ष) पुत्र संतोष बरनवाल निवासी जमुआ व प्रभावती देवी (70 वर्ष) निवासी परसीपुर सहित 8 अन्य घायल हो गए। जिसमें से गंभीर रूप से घायल शुभम व राहुल को इलाज के लिए भदोही के महाराजा बलवंत सिंह राजकीय चिकित्सालय भेजा गया। जहां से शुभम को वाराणसी के ट्रामा सेंटर व राहुल को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं रोहित, दीपक, सूरज, अंश व प्रभावती को भदोही के जीवन दीप अस्पताल में और दीपक ठठेर को जीवन धारा हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जबकि 8 अन्य मामूली रुप से घायल हुए थे। उनका भदोही बाजार में स्थित निजी अस्पताल में इलाज कराने के बाद छुट्टी कर दी गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कुलदीप मिश्र व चौकी प्रभारी नथुनी सिंह मय हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं एसडीएम भदोही चंद्रकांत त्रिपाठी व सीओ औराई राजीव कुमार सिंह भदोही के निजी अस्पताल पहुंचे और घायलों व उनके परिजनों से मुलाकात कर हालचाल जाना। पुलिस के अनुसार विस्फोट और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, जांच के बाद ही वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही भदोही विधायक जाहिद बेग भी भदोही के निजी अस्पताल में भर्ती पांच घायलों का हालचाल लेने पहुंचे और सभी घायलों को 10-10 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी। उन्होंने कहा कि सभी घायलों के इलाज के लिए हर संभव मदद की जाएगी। वहीं विधायक ने जीवन दीप अस्पताल के निदेशक डॉ.एके गुप्ता से मुलाकात कर सभी घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज कराएं जाने को कहा।

पटाखों को लेकर लोगों में भारी आक्रोश, प्रतिबंध की मांग

चौरी। बाजार में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान हुए विस्फोट के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि पटाखों से अक्सर हादसे होते रहते हैं, वहीं उसका बारूद काफी नुकसानदायक होता है। मामूली चिंगारी से ही बड़ा हादसा हो जाता है, जिसमें मासूम बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक चपेट में आ जाते हैं। चौरी में हुई घटना इसका ताजा उदाहरण है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि पटाखों को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया जाए। दीपावली का पर्व आने वाला है और पटाखों की बिक्री तेजी से होगी। अगर समय रहते पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी जाए तो इस तरह के हादसों को रोका जा सकता है। नागरिकों ने मांग की है कि जिला प्रशासन शोभायात्राओं, जुलूसों और भीड़-भाड़ वाले आयोजनों में पटाखों के इस्तेमाल पर सख्ती से रोक लगाए और अवैध रूप से पटाखा बेचने वालों पर कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में फिर कोई परिवार इस दर्द से न गुजरे।

घायलों के बीच पहुंचे पूर्वमंत्री रंगनाथ मिश्र

औराई ब्लाक प्रमुख ने कहा घायलों के उपचार में नहीं होगी कोई कमी



भदोही। चौरी थाना अर्न्तगत चौरी बाजार के पास पटाखा विस्फोट के चलते गम्भीर रूप से घायल हुए लोगो के स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है। बुधवार को घटना की सूचना मिलने पर घायलो के पास पहुचे प्रदेश के पूर्व कैबिनेटमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रंगनाथ मिश्र मिश्र ने घायलो के इलाज के बारे में जानकारी ली। नगर के जीवनदीप और जीवन धारा हास्पिटल में जाकर मरीजो को जहां उन्होने आश्वस्त किया कि उनके उपचार में किसी भी प्रकार की कमी नही होने दी जायेगी। वही औराई ब्लाक प्रमुख बृजमोहन मिश्र विकास ने भी अस्पताल पहुचकर घायलो और उनके परिजनो से पुछताछ कर घटना की जानकारी ली वही अस्पताल प्रबंधन से मिलकर कहा कि मरीजो के उपचार में कोई कमी न की जाय। जो भी खर्च उपचार में हो रहा है उसक प्रबंध किया जायेगा। कहा कि यह एक बड़ी घटना है लेकिन यहां किी चिकित्सकीय टीम का कार्य और प्रयास सराहनीय है। श्री मिश्र ने कहा कि जरूरत पड़ी तो प्रशासनिक अधिकारियो के साथ ही शासन स्तर पर भी बात रखी जायेगी।

मतदेय स्थलों की सूची पर २५ अक्तूबर तक दें आपत्ति और सुझाव

ज्ञानपुर। जनपद के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदेय स्थलों के सम्भाजन एवं समायोजन के बाद आलेख्य सूची का प्रकाशन 19 अक्टूबर को कर दिया गया है। अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला ने बताया कि सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, संबंधित तहसील कार्यालय और आधिकारिक वेबसाइट के डीईओ पोर्टल पर निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने जनसामान्य और राजनीतिक दलों से अपील की कि सूची के संबंध में आपत्ति या सुझाव 25 अक्टूबर तक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर दें, ताकि नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बाइक से गिरकर युवक गंभीर

गोपीगंज। ऊंज थाना क्षेत्र के खोरावीर गांव के पास बाइक असंतुलित होने से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान गोधना गांव निवासी आशीष (32) पुत्र हरिशंकर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, आशीष बाइक से रिश्तेदारी में जा रहे थे। इसी दौरान खोरावीर गांव के पास अचानक बाइक असंतुलित हो गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने मदद करते हुए सरकारी एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज पहुंचाया। सीएचसी में चिकित्सकों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में चिंता व्याप्त हो गई।

तैराकी में आकाश और दौड़ में नीरज ने हासिल किया प्रथम स्थान

ज्ञानपुर। अभोली विकासखंड के नागमलपुर गांव में आयोजित तैराकी और दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में खिलाडियों ने अपनी शारीरिक क्षमता, दमखम और खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न स्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों ने स्थान हासिल किए। तैराकी प्रतियोगिता में आकाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालकृष्ण दूसरे और अमन तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, दौड़ प्रतियोगिता में नीरज ने प्रथम स्थान हासिल किया। अनुराग दूसरे और संस्कार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

तलवारबाजी में प्रीति सरोज का चयन, जम्मू में दिखाएंगी दमखम

ज्ञानपुर। राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज में आयोजित चयन ट्रायल में उर्मिला देवी पीजी कॉलेज की एमए छात्रा प्रीति सरोज ने तलवारबाजी में शानदार प्रदर्शन कर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए जगह बनाई है। वह 4 से 12 दिसंबर तक जम्मू विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। गोपीगंज में नियमित अभ्यास कर प्रीति ने यह सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धि से परिवार, महाविद्यालय और क्षेत्र में खुशी है। पिता राधेश्याम सरोज ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता जताई। विनोद सिंह 'फौजी' ने बधाई देते हुए बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। कोच चंचल सिंह ने भी प्रीति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सुरियावां में रावण दहन, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा नगर

सुरियावा। नगर की ऐतिहासिक श्रीरामलीला के अंतर्गत विजयदशमी पर भव्य मेले के बीच रावण दहन किया गया। इस दौरान नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। रावण दहन होते ही पूरा मेला परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। मेले में सजी दुकानों पर भी भीड़ रही। विसापुर और अभिया सहित अन्य स्थानों पर भी विजयदशमी मेले का आयोजन हुआ। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और संबंधित लोग मुस्तैद रहे। आयोजन में रामलीला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन नंदलाल गुप्ता, संचालक अशोक उमर वैश्य, महामंत्री अवधेश उमर वैश्य, नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया सहित समिति के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

विजया दशमी पर शक्ति अर्जन करें, प्रदर्शन नहीं - संजय

कोइरौना। डीघ ब्लॉक के शिवसेवक पट्टी गांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा पर विजया दशमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद शस्त्र पूजन किया गया। मुख्य वक्ता संजय जी ने कहा कि विजया दशमी स्वयंसेवकों के लिए महत्वपूर्ण पर्व है। इसी दिन डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी। संघ अपना 101वां विजया दशमी उत्सव मना रहा है। शस्त्र पूजन का उद्देश्य शक्ति अर्जित करना और उसका सदुपयोग करना है, न कि प्रदर्शन या दुरुपयोग। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी लालचंद यादव ने की। प्रार्थना के बाद स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर पर्व मनाया। इस दौरान बड़ेलाल बिंद, प्रमोद विश्वकम्रा, हर्ष मिश्र, विशाल मिश्र, ऋषभ, आदर्श पांडेय सहित कई स्वयंसेवक मौजूद रहे।

सांसद डॉ. विनोद बिंद ने किया इंटरलॉकिंग का उद्घाटन, नागरिकों ने सौंपे मांगपत्र

सुरियावां। भदोही के सांसद डॉ. विनोद बिंद ने बुधवार को सुरियावां स्थित श्रीरामलीला स्थल पर इंटरलॉकिंग कार्य का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान रामलीला समिति के अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता व महामंत्री अवधेश कुमार ने ओपन हॉल निमाज़्ण की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष शेषधर गुप्ता ने इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव, सभासद शिव प्रसाद उपाध्याय ने पूरनापुर में अंडरपास तथा प्रबंधक लक्ष्मीकांत जायसवाल ने बालिका इंटर कॉलेज के लिए मांगपत्र सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया ने की, जबकि संचालन अधिवक्ता जटाशंकर मौर्य ने किया। सांसद ने मांगों पर संज्ञान लेते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मदन जायसवाल, कृष्णानंद जायसवाल, रमाकांत गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश में चाचा-भतीजे पर हमला, महिला भी घायल

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के जखांव गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि पट्टीदारों ने मंदिर से घर लौट रहे युवक को रास्ते में रोककर पीटा। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव निवासी संजय कुमार बिंद के अनुसार, 18 अक्टूबर की शाम करीब पांच बजे उनका भतीजा अभिमन्यु बिंद पुत्र सुभाष बिंद हनुमान मंदिर से घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में इंद्रमणि बिंद, निहाल बिंद, रवि बिंद और सुनीता देवी ने उसे रोककर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपितों ने संजय की भाभी सुनीता देवी पत्नी सुभाष बिंद के साथ भी मारपीट की। इससे महिला के सिर, पीठ और गले में चोटें आईं। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीडित की तहरीर पर गोपीगंज पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर। मिशन शक्ति अभियान फेज ६.० के तहत बुधवार को भदोही में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में एंटी रोमियो टीमों और महिला बीट अधिकारियों ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों व सार्वजनिक स्थलों पर संवाद किया। इस दौरान छेड़छाड़, साइबर अपराध, पाक्सो एक्ट, महिला अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही 1090, 112, 181, 1076 और 1098 हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताकर जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए।

प्रभु श्रीराम ने किया रावण का वध, जयघोष से गूंजा रामलीला मैदान

गोपीगंज। अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर गोपीगंज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। मंगलवार को रामलीला मैदान में आयोजित ऐतिहासिक विजयादशमी मेले में भारी भीड़ उमड़ी। मयादी पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम और लंकापति रावण के बीच युद्ध तथा रावण वध का मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। प्रभु श्रीराम के हाथों रावण का वध होते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। रामलीला समिति गोपीगंज और बघेल परिवार की ओर से आयोजित मेले में परंपरागत रूप से नगर के खड़हट्टी और पश्चिम मोहाल से रावण व हनुमान दल की शोभायात्रा निकाली गई। वहीं अंजही मोहाल से मां काली का जुलूस निकला। हाथों में तलवार लेकर असुरों के संहार की मुद्रा में निकला मां काली दल और जयघोष करते हुए आगे बढ़ता हनुमान दल आकर्षण का केंद्र रहा। दूसरी ओर रथ पर सवार रावण अट्टहास करते हुए रणभूमि पहुंचा, जहां प्रभु श्रीराम और रावण की सेनाओं के बीच युद्ध का मंचन हुआ। युद्ध के दौरान बाणों की वर्षा और रावण की सेना के योद्धाओं के धराशायी होने के दृश्यों ने दर्शकों को रोमांचित किया। अंत में प्रभु श्रीराम ने रावण का वध किया। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक तकनीक से तैयार विशालकाय रावण का पुतला तेज धमाके के साथ धू-धू कर जल उठा। आकर्षक आतिशबाजी के बीच दर्शकों ने जय श्रीराम, जय लक्ष्मण और माता सीता के जयकारे लगाए। विजय के बाद प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण का माता सीता से मिलन देख कई लोग भावुक हो उठे। मेले में लगी दुकानों और झूलों पर बच्चों व परिवारों की भीड़ रही। आयोजकों के अनुसार बुधवार को रामलीला मैदान में सीता अग्नि परीक्षा तथा गुरुवार को राम-भरत मिलन और राजगद्दी का मंचन किया जाएगा।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान नहर में डूबा युवक

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर गांव में मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान नहर में डूबने से एक युवक लापता हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लापता युवक की पहचान बलीपुर निवासी 30 वर्षीय पंकज उर्फ बीएन चौहान के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कराई, लेकिन देर रात तक उसका पता नहीं चल सका था। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को पंकज गांव के अन्य लोगों के साथ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए बलीपुर नहर पर गया था। बताया जाता है कि विसर्जन के दौरान वह कुछ साथियों के साथ नहर के गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। इस दौरान तीन अन्य लोग भी पानी में डूबने लगे, जिन्हें किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन पंकज लापता हो

तीन अन्य लोगों को ग्रामीणों ने बचाया, गर्भवती पत्नी और एक साल की बेटी के सिर से छिन सकता है पिता का साया

गया। घटना की जानकारी मिलते ही जंगीगंज चौकी प्रभारी, कोतवाली निरीक्षक और पीआरवी की टीम मौके पर पहुंच गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में युवक की तलाश शुरू कराई गई। देर रात तक पुलिस और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे रहे। समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका था। उधर, घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पंकज तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। उसकी एक साल की बेटी है और पत्नी गर्भवती है। नहर किनारे जुटे परिजन और ग्रामीण देर रात तक उसके सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए बैठे रहे। युवक का पता नहीं चलने से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

वाराणसी एमएलसी चुनाव के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

ज्ञानपुर। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 के तहत 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, ज्ञानपुर में 22 और 23 अक्टूबर को कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि जनपद में स्नातक के 15 और शिक्षक के 5, कुल 20 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 05414-250371 और 05414-298558 जारी किए गए हैं। मतदान के दौरान सुबह 8 से शाम 4 बजे तक पोलिंग प्रतिशत और अन्य सूचनाएं वाराणसी मंडलीय कंट्रोल रूम को भेजी जाएंगी। शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों की तीन पालियों में ड्यूटी लगाई गई है।

गाजे-बाजे के साथ निकली मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा

गोपीगंज। कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के नगर और ग्रामीण इलाकों में शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक दर्शन-पूजन के बाद मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। विजयादशमी के दिन दोपहर से शुरू हुआ विसर्जन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इस दौरान श्रद्धालु अबीर-गुलाल उड़ाते हुए मां के जयकारे लगाते रहे। फ्रेंड्स क्लब ज्ञानपुर रोड, आर्यन क्लब फूलबाग, मां जगदंबा श्रृंगार समिति लालापुर, न्यू स्टार क्लब पश्चिम महाल और न्यू यंग ब्वायज क्लब सोनखरी सहित नगर की विभिन्न पूजा समितियों ने विसजज़्न शोभायात्रा निकाली। ग्रामीण क्षेत्र अमवां माफी में नव दुर्गा पूजन समिति की ओर से स्थापित प्रतिमा को भी धूमधाम से विदाई दी गई। आरती और पूजन के बाद फूलों से सजे वाहनों पर प्रतिमाओं को रखकर शोभायात्रा निकाली गई।

पीईटी-२०२६ की तैयारियां पूरी, १३ केंद्रों पर ३३,९८४ अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

ज्ञानपुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को सकुशल और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिले में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा के लिए 13 केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां छह पालियों में कुल 33,984 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक पाली में 5,664 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा 25 और 30 अक्टूबर तथा एक नवंबर को दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न तीन से शाम पांच बजे तक चलेगी। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारियों की समीक्षा करते हुए केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, बिजली और जनरेटर सहित सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल रहेगा, जबकि रेलवे स्टेशन, रोडवेज और प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी। गोपनीय परीक्षा सामग्री की सुरक्षा के लिए कोषागार के डबल लॉक में व्यवस्था की गई है। बाह्य कक्ष निरीक्षकों की भी तैनाती की गई है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम न्यायिक विजय नारायण सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए चौरी बाजार में निकली शोभायात्रा

चौरी। क्षेत्र में उत्साह के साथ मंगलवार को मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। जिसकी सुरक्षा के मद्देनजर काफी कड़े बंदोबस्त किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवानों की तैनाती रहीं। सादे वर्दी में भी पुलिस व खुफिया विभाग के जवान शोभायात्रा की निगरानी करते हुए देखे गए। रात के 10 बजे सभी प्रतिमाएं लठियां स्थित नहर में विसर्जन हो गई थी। वही विसर्जन के दौरान शोभायात्रा में शामिल भक्त डीजे पर बज रहे भक्ति व फिल्मी गीतों पर नाचते हुए चल रहे थे। बीच-बीच में उनके द्वारा अबीर-गुलाल उढ़ाए जा रहे थे। जो पटाखा को भी फोड़ते हुए आगे बढ़ रहे थें। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही पुलिस के अधिकारियों और जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी। शोभायात्रा में शामिल भक्त मां शेरावाली का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। बीच-बीच में शोभायात्रा को रोक कर उनके द्वारा नृत्य किया जा रहा था।

किसान दिवस में उठा खाद, बिजली और सिंचाई की समस्याओं का मुद्दा

सहकारी समितियों में ८३७ मीट्रिक टन यूरिया और ७३१ मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध

ज्ञानपुर। कृषि भवन घरांव के सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। जिला कृषि अधिकारी इरम ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाने और अपने सभी गाटों को उसमें जुड़वाने की अपील की। उन्होंने बताया कि कृषि निवेश, वरासत और अन्य योजनाओं का लाभ लेने में इससे सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि जनपद में यूरिया और डीएपी की कमी नहीं है। किसान जरूरत के अनुसार खाद खरीदें और अनावश्यक भंडारण न करें। सहकारिता विभाग के अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सहकारी समितियों में 837 मीट्रिक टन यूरिया, 731 मीट्रिक टन डीएपी और 67 मीट्रिक टन एनपीकेएस उपलब्ध है। अधिक कीमत वसूलने या खाद के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग करने पर सूचना देने की अपील की गई। नहर विभाग ने किसानों से नहरों को अनावश्यक रूप से नहीं बांधने और कटान नहीं करने को कहा। पशुपालन विभाग ने पशु बीमा, पशु केसीसी और नंदी योजना की जानकारी दी। वहीं, विद्युत विभाग ने बिल जमा करने और बिजली का आवश्यकतानुसार उपयोग करने की अपील की। किसानों श्यामधर सिंह, राम अकबाल तिवारी और सुनील कुमार मौर्य ने बिजली व लघु सिंचाई से जुड़ी समस्याएं उठाईं। जिला कृषि अधिकारी ने समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का आश्वासन दिया।

कस्तूरीपुर में सजीव झांकियों ने मोहा मन, सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु

कस्तूरीपुर। सुरियावां थाना क्षेत्र के कस्तूरीपुर गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर नवमी की रात पूजा पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम और आकर्षक झांकियों का आयोजन किया गया। प्रतापगढ़ से आए कलाकारों ने शबरी-राम मिलन और कांवड़ यात्रा की महिमा का मनमोहक मंचन कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। धार्मिक प्रसंगों पर आधारित प्रस्तुतियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से भगवान श्रीराम और माता शबरी के मिलन के प्रसंग को जीवंत किया। वहीं, कांवड़ यात्रा की महिमा का भी सुंदर चित्रण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरा पंडाल भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालुओं ने झांकियों का आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम के आयोजन में पूजा कमेटी के अध्यक्ष धर्मराज मौर्य के साथ राजेंद्र यादव, विशाल यादव, पंडित गौतम, सोनू उपाध्याय, सत्यम यादव, मुन्ना उपाध्याय, अभिनव उपाध्याय, राजू मोदनवाल और ओमकार उपाध्याय सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। नवमी की रात क्षेत्र के अन्य दुर्गा पूजा पंडालों में भी मेले जैसा माहौल रहा। पंडालों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही और देर रात तक धार्मिक आयोजनों की धूम रही।

२५ अक्तूबर को होगा छठवीं सीतामढ़ी वॉलीबॉल टेस्ट लीग का दूसरा मुकाबला

सीतामढ़ी । छठवीं सीतामढ़ी वॉलीबॉल टेस्ट लीग प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन लवकुश इंटर कॉलेज, सीतामढ़ी, भदोही के खेल मैदान पर होगा। मैच का शुभारंभ सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भदोही जिले की सभी सरकारी, अर्धसरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों की टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों का निर्धारण पहले से ही किया जा चुका है। आयोजन का उद्देश्य जिले में वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देना तथा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। आयोजकों को उम्मीद है कि प्रतियोगिता में खिलाडियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

कोतवाली के सामने धू-धू कर जला ट्रक, मची अफरा-तफरी

गोपीगंज। कोतवाली के ठीक सामने राष्ट्रीय राजमार्ग की दक्षिणी पटरी पर मंगलवार देर शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से वहां खड़े एक ट्रक के पहिए जलने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि घटनास्थल पर कूड़ा-करकट फेंका जाता है। मंगलवार देर शाम इसी स्थान पर आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें पास में खड़े ट्रक तक पहुंच गईं और उसके पहियों को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक में आग लगते ही आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाई। इससे आग को और फैलने से रोकने में मदद मिली। घटना के दौरान कुछ देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हालांकि, आग लगने का स्पष्ट कारण अभी पता नहीं चल सका है। घटना के बाद घटनास्थल पर कूड़ा-करकट फेंके जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

शहीद तिराहे के पास कार से दो लाख रुपये भरा बैग चोरी

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के व्यस्त शहीद तिराहे के समीप खड़ी कार से दो लाख रुपये नकद और जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। घर के सामने कार खड़ी कर किराने की दुकान पर गए चिकित्सक की कार को उचक्कों ने निशाना बनाया। घटना की जानकारी होने पर पीडित के होश उड़ गए। मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संदिग्ध की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित शहीद तिराहा निवासी डॉ. दीपक सिंह पुत्र डॉ. एएन सिंह सोमवार देर शाम ज्ञानपुर स्थित अपने अस्पताल से कार चलाकर घर पहुंचे थे। उन्होंने घर के सामने कार खड़ी की और बगल की किराने की दुकान पर चले गए। इसी बीच उन्हें आशंका हुई कि शायद कार लॉक नहीं की है। वह तत्काल कार के पास पहुंचे और उसे खोलकर देखा तो अंदर रखा बैग गायब था। बैग में करीब दो लाख रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे।

महमदपुर में खेल प्रतियोगिता के साथ नशा मुक्ति अभियान

ज्ञानपुर। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से ग्राम पंचायत महमदपुर में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया। ग्रामीणों ने नशा मुक्ति की शपथ लेकर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए सहयोग का संकल्प लिया। जिला युवा कल्याण अधिकारी रवि कुमार तिवारी ने कहा कि मंगल दल खेलकूद, स्वच्छता, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में मंगल दल के पदाधिकारी, विभागीय अधिकारी, पीआरडी जवान और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

राजनीतिक दलों की मौजूदगी में खुला ईवीएम गोदाम का सील ताला

ज्ञानपुर। आगामी निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम गोदाम में मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) शुरू हो गई है। 19 अक्टूबर को जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में गोदाम का सील ताला नियमानुसार खोला गया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच जीपीएसयुक्त वाहनों से ईवीएम को एफएलसी हॉल पहुंचाया गया। बेल कंपनी के अधिकृत इंजीनियर मशीनों की जांच कर रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पारदर्शिता और निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी शुभांगी शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

भदोही में १३७९ मतदान स्थल प्रस्तावित, २३ तक मांगी आपत्तियां

ज्ञानपुर। जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 1200 मतदाताओं के मानक के आधार पर मतदान स्थलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 1379 मतदान स्थल प्रस्तावित किए गए। छह जर्जर भवनों में स्थित मतदान स्थलों के स्थान परिवर्तन और दो नए मतदान स्थल बनाने का प्रस्ताव है। आलेख्य सूची प्रकाशित कर राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई है। किसी भी आपत्ति या सुझाव को 23 अक्टूबर तक संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

पटाखा दुकानों की जांच, घोसिया में पुलिस ने किया पैदल गश्त

ज्ञानपुर। त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपजिलाधिकारी औराई शिवेन्द्र कुमार मिश्रा और क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार सिंह ने घोसिया में पटाखा दुकानों की जांच की। अधिकारियों ने दुकानों पर अग्निशमन उपकरण, पानी, बालू और अन्य सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। दुकानदारों को सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन करने तथा प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। इसके बाद अधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक औराई और चौकी प्रभारी घोसिया सहित पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गश्त की। इस दौरान संवेदनशील स्थलों और पूजा पंडालों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था परखी गई। अधिकारियों ने व्यापारियों और संभ्रांत नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

ज्ञानपुर। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने शुक्रवार को कार्यालय में जनसुनवाई कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को फोन पर आवश्यक निर्देश देते हुए शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूण्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने स्पष्ट किया कि मामलों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर होना चाहिए, ताकि पीडित पूरी तरह संतुष्ट हों। उन्होंने थानों पर आने वाले फरियादियों के साथ मानवीय व्यवहार करने और शिकायतों पर प्राथमिकता से विधिक कार्रवाई करने के निद्रेश दिए। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

विजयादशमी पर अशोक गुप्ता ने किया पीपल का पौधरोपण

ज्ञानपुर। काशी नरेश विश्वविद्यालय के हॉस्टल परिसर में विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता ने ट्री विहीन ट्री गार्ड में पीपल का पौधा लगाया। उनका यह निरंतर पौधरोपण अभियान का 3295वां दिन रहा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन्मदिन, धार्मिक अनुष्ठान और त्योहारों पर पौधरोपण करने से पौधे के साथ उस विशेष दिन की याद भी जुड़ जाती है। इससे वृक्ष का महत्व और बढ़ जाता है। पौधरोपण में आशुतोष पटवा और शिवम ने सहयोग किया।

बिछियां में शिक्षक संकुल की मासिक बैठक, नवाचारी शिक्षण तकनीकों का प्रदर्शन

ऊंज। न्याय पंचायत बरईपुर के शिक्षक संकुल एवं नवाचारी शिक्षकों की मासिक बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय बिछियां में आयोजित हुई। अध्यक्षता एवं मेजबानी खंड शिक्षा अधिकारी डीघ मनोज सिंह ने की। बैठक में शासन के निर्धारित एजेंडे पर चर्चा के साथ शिक्षकों ने शिक्षण तकनीकों और टीएलएम का प्रदर्शन किया। नोडल शिक्षक संकुल शेर सिंह ने शिक्षक संदर्शिका आधारित पाठ योजना, निपुण तालिका, कैच-अप कार्यक्रम, भाषा एवं गणित शिक्षण, कार्यपुस्तिका और बाल वाटिका के प्रभावी संचालन की जानकारी दी। पठन संस्कृति को बढ़ावा देने, खेल सामग्री के उपयोग और कक्षा-कक्ष को प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। प्रश्नोत्तरी, पुनरावलोकन और निपुण शपथ के साथ बैठक का समापन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

नम आंखों से मां दुर्गा को दी विदाई, विसर्जन के साथ पूजनोत्सव संपन्न

ज्ञानपुर। विजयदशमी पर मंगलवार को बेरासपुर में मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के साथ दुर्गा पूजनोत्सव संपन्न हो गया। सुबह प्रतिमा की गांव में शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजन कर फूल-अक्षत अर्पित किए और नम आंखों से मां को विदाई दी। इसके बाद प्रतिमा को हरदेवपुर नहर में विसर्जित किया गया। बाबा बेरासनाथ मंदिर परिसर में वर्ष 2010 से दुर्गा पूजनोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 17वां आयोजन श्रद्धा, उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

अग्नि के घेरे मे बैठी माता सीता को अपलक निहारती रही महिलाए

गोपीगंज। नगर स्थित रामलीला मैदान गोपीगंज मे बुधवार को अग्नि परीक्षा की साक्षी बनी महिलाओं की आखे उस समय सजल हो गई जब जनक नंदनी सीता प्रभु श्री राम की आज्ञा का पालन करते हुए अग्नि परीक्षा मे सफल हो गई। श्री राम लीला समिति गोपीगंज बघेल परिवार द्वारा मंगलवार को विजय दशमी के उपरांत बुधवार को अग्नि परीक्षा की लीला का सजीव मंचन किया गया केवल महिलाओं के लिए आयोजित रामलीला में व्यास पंडित शेषधर पाठक के नेतृत्व मे भाव पूर्ण मंचन किया लंका पर विजय प्राप्त कर भाई लक्ष्मण व सीता के साथ अयोध्या लौटे तो प्रजा के उलाहना से व्यथित प्रभु श्री राम माता सीता को अग्नि परीक्षा कराते है प्रभु श्री राम की आज्ञा का पालन करते हुए सीता जी अग्नि परीक्षा देती हैं चारो तरफआग से घिरी माता सीता सकुशल बाहर निकल आती है तो जयघोष कर रही महिलाओं की आखे खुशी से सजल हो गई।

साठ की चीनी, दाल डेढ़ सौ के पार, फिर सड़कों पर भीड़ अपार

दोपहर बाद से शुरू हुआ श्रद्धालुओं के निकलने का सिलसिला देर रात तक जारी, पूजा पंडालों में मां की प्रतिमा का दर्शन करने के साथ सभी ने जमकर उठाया लुत्फ

आजमगढ़। साठ रुपये किलो चीनी और अरहर की दाल डेढ़ सौ के पार। फिर भी सड़कों पर भीड़ अपार

विजयादशमी

चाट-फुल्की की दुकानों पर बच्चों और महिलाओं की रही सर्वाधिक भीड़

दिखी। दोपहर बाद से लोगों के घरों से निकलने का सिलसिला शुरू हुआ तो आधी रात बाद तक जारी रहा। यह तस्वीर दिखी विजयादशमी पर। भीड़ को लेकर सभी आशंकाएं मंगलवार को निर्मूल साबित हो गईं। आस्था के आगे महंगाई की मार कमजोर पड़ती दिखी। दोपहर बाद से श्रद्धालुओं के पूजा पंडालों में पहुंचने का शुरू हुआ सिलसिला देर रात तक जारी रहा। पंडालों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का लोगों ने दर्शन किया और उसके बाद मेले का आनंद लिया। चाट-फुल्की दुकानों पर बच्चों और महिलाओं की सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली तो बाकी सभी ने चोटहिया जलेबी का स्वाद चखा और घर ले जाना भी नहीं भूले।

हालत यह थी अधिकतर लोग सारी समस्याएं भी भूल गए थे। ऐसा लग रहा था कि मां की शक्ति पर इतना भरोसा है कि सब कुछ समय के साथ ठीक हो जाएगा। मेले में खिलौने-गुब्बारे के साथ चाट-फुल्की व चोटहिया जलेगी की दुकानें सजी थीं। भीड़ का आलम यह था कि रात के 10 बजने के साथ कई दुकानों पर चाट-फुल्की नहीं बची। सिधौना प्रतिनिधि के अनुसार-मंगलवार को नवमी तिथि का भी मान होने के कारण मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष जय मां सिद्धेश्वरी दुर्गा पूजा समिति के कार्यकर्ताओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। इसी क्रम में ग्राम सभा बेला में स्थित जय मां काली नवयुवक मंगल दल दुर्गा पूजा समिति की ओर से भी हवन का आयोजन किया गया।



शहर में दशहरा मेले में उमड़ी भक्तों की भीड़



पूजा पंडाल के पास प्रतिमा के साथ सेल्फी लेतीं युवतियां

अंकुरित जौ लेकर समृद्धि की कामना

आजमगढ़। नवरात्र के बाद विजयदशमी को अंकुरित जौ को भी दाहिने कान पर रखने की परंपरा रही है। इसके लिए सुबह से ही ब्राह्मण शहर में निकल पड़े थे। लोगों को अंकुरित जौ देने के बाद उनसे दक्षिणा प्राप्त कर रहे थे। मान्यता है कि नवरात्र के नौ दिनों में ठीक से अंकुरित होने वाला जौ समृद्धि का प्रतीक होता है। जिनके घर कलश की स्थापना नहीं होती वह ब्राह्मणों से अंकुरित जौ प्राप्त कर अपने पास रखते हैं।

सेल्फी लेने की रही होड़

आजमगढ़। दुर्गा प्रतिमा का दर्शन करने के साथ युवा वर्ग में सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। जहां की प्रतिमा आकर्षक लगी वहां खास तौर से युवतियों और महिलाओं ने मोबाइल से सेल्फी ली तो कहीं-कहीं परिवार के साथ लोग सेल्फी लेते दिखे। तमाम लोगों ने हर अच्छी प्रतिमा को मोबाइल के कैमरे में कैद किया।

अमिलिया में भंडारे का आयोजन, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

लालगंज, आजमगढ़। क्षेत्र के अमिलिया गांव में विजयादशमी पर नवयुवक मंगल दल के तत्वावधान में भंडारे का आयोजन किया गया। रमेश गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी गीता गुप्ता ने ब्राह्मणों को सर्वप्रथम भंडारे का प्रसाद खिलाकर पैर छूकर आशीर्वाद लिया। सायं छह बजे से शुरू होकर देर रात्रि तक अनवरत चलता रहा। आयोजन समिति के रमेश गुप्ता ने बताया कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सौहार्द्र और एकता का प्रतीक होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में नवयुवक मंगल दल के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों सहित ग्रामीणों ने विशेष सहयोग दिया। उस समय उत्साह का माहौल देखने को मिला जब भंडारे में विधायक बेचई सरोज भी हाजिरी लगाने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर आशुतोष सिंह उर्फ चिंटू, शिवम सिंह, प्रशांत सिंह, हर्ष सिंह, राहुल गुप्ता, ईश्वर मद्धेशिया, हरेन्द्र सिंह, आदर्श सिंह उर्फ छोटू, शशिकांत रावत, प्रधानाचार्य अजय सिंह, सुनील सिंह, उपेन्द्र सिंह, श्रीकांत सिंह, चन्द्रेश खरवार, प्रियंका गुप्ता,रामधनी सरोज, संत प्रसाद सिंह, निशांत सिंह, ज्ञानेश्वर रावत, अखंड सिंह आदि उपस्थित रहे।

ट्रेन पर चढ़ते समय गिरकर वृद्ध की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। सिधारी हाल्ट पर मंगलवार की रात पैसेंजर ट्रेन पर चढ़ने के दौरान गिरकर 80 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोग उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सिधारी के पश्चिमी वार्ड नंबर 12 निवासी पतरु राम गोंड़ मंगलवार की रात करीब आठ बजे शाहगंज स्थित अपनी ससुराल जाने के लिए सिधारी रेलवे हाल्ट पहुंचे थे। वह पैसेंजर ट्रेन पर चढ़ रहे थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जांच-पड़ताल की।

ताप्ती गंगा एक्सप्रेस की चपेट में आने से वृद्धा की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। फूलपुर थाना क्षेत्र के नागा बाबा पोखरा के पास मंगलवार को रेलवे ट्रैक पार करते समय ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 70 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के विडहन गांव निवासी 70 वर्षीय रंजना देवी मंगलवार को किसी काम से फूलपुर बाजार गई थीं। दोपहर करीब दो बजे वह रोडवेज के पास रेलवे ट्रैक पार कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान तेज गति से आ रही ताप्ती गंगा एक्सप्रेस की चपेट में आ गईं। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई।

स्मृति दिवस पर अमर शहीद पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

आजमगढ़। पुलिस लाइन स्थित स्मृति स्थल पर बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक सुनील कुमार सिंह द्वारा प्रात: 8 बजे शहीद पुस्तिका का वाचन कर कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, त्याग एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, सहायक कमांडेंट पीएसी देव आनंद, क्षेत्राधिकारी फूलपुर भूपेश पांडेय, क्षेत्राधिकारी लालगंज आस्था जायसवाल, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर ईश्वर लाल गुर्जर आदि उपस्थित रहे।


कमरे में फंदे से लटका मिला पालिटेक्निक छात्रा का शव

बलरामपुर, आजमगढ़। तरवां थाना क्षेत्र के परमानपुर गांव में मंगलवार सुबह बंद कमरे में पॉलिटेक्निक की छात्रा का दुपट्टे के सहारे फंदे से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे पिता ने हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फूलपुर क्षेत्र के कजरा कोल खुर्द गांव निवासी राजाराम की 20 वर्षीय पुत्री रिंकू चार बहनों में सबसे छोटी थी। वह करीब दो साल से परमानपुर गांव में किराये का कमरा लेकर रहती थी और भिलिहली स्थित पॉलिटेक्निक विद्यालय में द्वितीय सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही थी। परिजनों के अनुसार सोमवार रात मां ने मोबाइल फोन से बात कर दशहरा पर घर आने को कहा था। इस पर रिंकू ने दो दिन बाद घर आने की बात कहकर फोन काट दिया।

मंगलवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो मकान मालिक को अनहोनी की आशंका हुई। उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाया तो अंदर रिंकू का शव दुपट्टे के सहारे छत के चुल्हे से लटक रहा था। इसकी जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे पिता राजा राम ने हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि कमरे में दो दरवाजे हैं। एक अंदर से बंद था, जबकि दूसरा बाहर से बंद मिला। उनका आरोप है कि किसी ने पुत्री की हत्या करने के बाद शव को फंदे से लटका दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल था।

जयकारों के साथ नम आंखों से दुर्गा मां की प्रतिमा का विसर्जन

लालगंज, आजमगढ़। अमिलिया गांव में बुधवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान पूरा क्षेत्र माता के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। एक तरफ जहां डीजे की धुन पर नाचते- गाते भक्तों का उत्साह देखने लायक था, वहीं दूसरी ओर मां की विदाई के समय हर आंखें नम नजर आईं। अमिलिया गांव में नवरात्रि पर्व मनाने की यह परंपरा पिछले लगभग 22 वर्षों से लगातार चली आ रही है। हर वर्ष की भांति इस बार भी ग्रामीणों और नवयुवक मंगल दल के सहयोग से नौ दिनों तक यह धार्मिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को दोपहर से ही विसर्जन तैयारियां शुरू हो गईं। गाजे-बाजे और डीजे की धुनों के बीच माता के जयकारे लगाते हुए भक्तों ने गाड़ियों के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। रास्ते भर युवाओं और महिलाओं ने झूमते-गाते हुए मां को अंतिम विदाई दी। पारंपरिक गीतों और जयकारों के बीच मां की प्रतिमा को विसर्जन स्थल के लिए रवाना किया गया। भक्त अगली बार फिर से जल्दी आने की कामना के साथ मां को नम आंखों से विदा कर रहे थे।



रानी की सराय प्रतिनिधि के अनुसार-क्षेत्र के टेंगरपुर, रुदरी, बढ़या गांव में नवरात्र के पहले दिन से ही प्रतिमा स्थापित की गई थी। पूरे नवरात्र मे देवी पूजन होते रहे। टेंगरपुर, बढ़या में दशहरे पर लगने वाला मेला मंगलवार को सम्पन्न हो गया। इसी के साथ स्थापित सभी प्रतिमाएं विसर्जित कर दी गईं। ऊंजीगोदाम बाजार में पहली बार प्रतिमा स्थापित की गई थी। बुधवार को गाजे बाजे के साथ प्रतिमाएं बड़ैला ताल में विसर्जित की गई।

रानी की सराय के मेले में आज उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

रानी की सराय, आजमगढ़। कस्बे का ऐतिहासिक दुर्गा पूजा व मेला की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

आकर्षक विद्युत सजावट से रोशनी से नहा उठा बाजार, दर्शन को खुले पट

गुरुवार को मेले की भीड़ उमड़ेगी। दो दिन पहले से ही आकर्षक सजावट से कस्बा रोशनी से नहा उठा है। अलग अलग पूजा कमेटियों द्वारा स्थापित प्रतिमा में विभिन्न रूपों की छठा बिखर रही है। पूजा पांडालों के पट खोल दिए गये हैं। कस्बे के ऐतिहासिक मेले का इंतजार लोगों को बेसब्री से रहता है। पूर्वांचल में विशिष्ट स्थान रखने वाले मेले के लिए दो दिन पहले से ही जगह सुरक्षित करने के लिए दुकानदारों में होड़ मची रहती है। तीन किमी की परिधि में लगने वाले मेले की भीड़ दोपहर से भोर तक चलती है। मुख्य मार्ग पर ही मेला होने के कारण सजावट आकर्षक हो जाती है। इस बार नव युवक मंगल दल, शंकर दल, सम्राट दल, आजाद दल, भारतीय युवक संघ समेत 13 कमेटियों द्वारा स्थापित की गई हैं। प्रतिमा निर्माण में भी कलाकारों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने अपनी कला का हुनर बखूबी दिया है। पांडालों मे विभिन्न मंदिरों की झलक तो महिषासुर मर्दन के रूप भी दिख रहे हैं। कोई भी पूजा कमेटियां एक दूसरे से बेहतर करने की होड़ में पीछे नहीं दिख रहा है। मेले में झूले, खिलौने की दुकानें एक दिन पहले से ही लग गई हैं। गुरुवार को दोपहर से भोर तक मेला चलेगा। हालांकि एक दिन पहले ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ पूजा पांडालों पर दर्शन के लिए रही।



कस्बे से नहीं गुजरेंगे बड़े वाहन

रानी की सराय। मेले के दिन रुट डायर्जन रहेगा। हालांकि नेशनल हाईवे बनने से काफी राहत है। वाराणसी की ओर से आने वाले वाहन कोटिला से सेमरहा ओवरब्रिज होते हुए जिला मुख्यालय को जायेंगे वहीं शाहगंज की ओर से आने वाले वाहन फरिहां, निजामाबाद होकर जायेगें। वैसे मेले के दौरान छोटे वाहनों का भी प्रवेश वर्जित रहेगा। छोटे वाहनों पर रोक न लगाने से हर बार पूजा कमेटियां विरोधी जताती रही हैं।

राजन जी महाराज कल करेंगे पंछी रैन बसेरा का लोकार्पण

अतरौलिया, आजमगढ़। पर्यावरण असंतुलन और आधुनिकता की दौड़ में बेजुबान पक्षियों के उजड़ते आशियानों को संवारने के लिए अतरौलिया क्षेत्र में एक सराहनीय व अनूठी पहल की गई है। सधनपट्टी निवासी समाजसेवी अखिलेश सिंह के प्रयासों से क्षेत्र में चार आधुनिक पंछी रैन बसेरा स्थापित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आगामी 23 अक्टूबर को कथावाचक राजन जी महाराज के कर-कमलों द्वारा दो नवनिर्मित पंछी रैन बसेरों का लोकार्पण किया जाएगा। सर्वप्रथम बाबा प्रथमदेव (बहिरादेव) गौरा स्थित पंछी रैन बसेरा का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात जय पौहारी बाबा धाम सरैया पहुंचकर दूसरे पंछी रैन बसेरा का लोकार्पण करेंगे। अखिलेश सिंह ने बताया कि गुजरात, राजस्थान, पंजाब और हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में हर मंदिर के समीप पक्षियों के लिए ऐसे बसेरे बनाए जाते हैं। एक टावर में 5 से 10 हजार पक्षियों के रहने की सुरक्षित व्यवस्था होगी।

बिलरियागंज में दशहरा मेला आज, पुलिस ने किया रूट डायवर्जन

बिलरियागंज, आजमगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र में दशहरा मेले के आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की तैयारी की है। मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा द्वारा रूट डायवर्जन की व्यवस्था की गई है। निर्धारित यातायात व्यवस्था के अनुसार, मेले के दौरान वाहनों को बाईपास मार्ग से उनके गंतव्य की ओर भेजा जाएगा, ताकि कस्बे में भीड़भाड़ और जाम की स्थिति से बचा जा सके। दशहरा मेले में भगवान श्रीराम की भव्य झांकी निकाली जाएगी। वहीं, पक्का पोखरा पर रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की जगह-जगह तैनाती की जाएगी। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना तथा यातायात को सुचारु बनाए रखना है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और निर्धारित रूट डायवर्जन के अनुसार ही आवागमन करें। मेले के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लोग शांति समिति के पदाधिकारियों अथवा मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से दशहरा पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।

कस्बे के पक्का पोखरा पर होगा रावण का पुतला दहन, तैनात रहेगी पुलिस

हजरत कारी मोहम्मद असगर का उर्स कल

अतरौलिया, आजमगढ़। अतरौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया पहाड़ी में स्थित मदरसा अरबिया फैज ए नईमी के संस्थापक हजरत कारी मोहम्मद असगर का 23वां वार्षिक उर्स और जलस ए ईद मिलादुन्नबी 23 अक्टूबर शुक्रवार को रात्रि 8 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता मदरसा अरबिया फैज ए नईमी सरैया पहाड़ी के अध्यापक मौलाना मोहम्मद अब्दुल बारी नईमी आजमी पेश इमाम जामा मस्जिद अतरौलिया, कयादत मौलाना शमीम अहमद भूतपूर्व प्रधान सरैया एवं मौलाना अलहाज मोहम्मद अब्दुल रब आजमी और निगरानी मोहम्मद अब्दुल हादी नईमी, मोहम्मद अब्दुल आली नईमी, मोहम्मद अब्दुल वाली नईमी ख्वाजा प्रेस, मौलाना जेयाउल्मुस्तफा, मौलाना दिलशाद महाराजगंज, कारी अब्दुल्ला मिस्बाही करेंगे। यह जानकारी उर्स और जलसा के कन्वीनर कारी मोहम्मद अब्दुल बाकी मिस्बाही ने दी।

अंतिम संस्कार के लिए देर रात तक होता रहा मान-मनौवल

माहुल, आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के रसूलपुर अहमद अली गांव निवासी 35 वर्षीय युवक परवेज का शव पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार शाम को घर आया। पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज होकर स्वजन आरोपित युवकों पर अभियोग दर्ज करने की मांग करते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार करते हुए शव को घर के बाहर रख कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। उसके बाद पुलिस ने मान-मनौवल शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे एसपी यातायात पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर मुकदमा दर्ज होने के बाद रात करीब ढाई बजे पुलिस की मौजूदगी में शव को गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। क्षेत्र के रसूलपुर अहमद अली गांव निवासी परवेज पुत्र कासिम मंगलवार सुबह माहुल बाजार के उत्तरप्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा के बाहर मृत अवस्था में पड़ा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। उसके बाद मृतक के पिता ने गांव के ही दो युवकों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया था। शिकायती पत्र में कासिम ने यह कहा था कि उसकी पुत्री साबिया की शादी का समारोह चल रहा था जिसमें गांव के ही असगर और बरखी नाम के दो युवक आए और उसके पुत्र परवेज पर मस्जिद में शराब पीने और पेशाब करने का आरोप लगाते हुए मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दिया कि मिल गए तो जान से मार दूंगा।

दुर्गा पंडालों और विसर्जन स्थलों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण


मेंहनगर, आजमगढ़। दुर्गा पूजा और प्रतिमा विसर्जन को सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्राधिकारी आस्था जायसवाल और मेंहनगर थाना अध्यक्ष अभिराज सरोज ने दुर्गा पंडालों एवं विसर्जन स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी आस्था जायसवाल ने दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों और सदस्यों से अपील की कि सभी दुर्गा पंडालों में अग्निशमन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बालू और पानी की पर्याप्त व्यवस्था रखें। पंडालों में बिजली के तार खुले या कटे-फटे नहीं होने चाहिए। बिजली की सजावट करते समय विशेष सावधानी बरतें, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। थाना अध्यक्ष अभिराज सरोज ने कहा कि दुर्गा पूजा और प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

सुनीता को मिली भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष की कमान

भीरा, आजमगढ़। बरदह मंडल की कार्यकर्ता सुनीता भारती को भाजपा महिला मोर्चा का लालगंज जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी तथा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। सुनीता भारती ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तीकरण के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुनीता भारती ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती के लिए मिलकर काम करने का संकल्प दोहराया।

रावण वध होते ही श्रीराम के जयकारे से गूंजा क्षेत्र

आजमगढ़। असत्य पर सत्य की जीत के पर्व विजयादशमी पर पुरानी कोतवाली, सिधारी और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का मंचन देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शाम होते रावण के वध के समय जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। रावण का पुतला जलते ही श्रद्धालु खुशी में झूम उठे। पुरानी कोतवाली पर राम रावण के वध के बाद विजय यात्रा निकाली गई और रावण वध का मंचन किया गया। जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। एक तरफ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण रथ पर सवार अपनी सेना के साथ रणभूमि पर थे, तो दूसरी तरफ रावण भी अपनी सेना के साथ मुकाबले के लिए उतरा था। रावण दहन क लिए उसका पुतला बनाया गया था। सूर्यास्त होते ही राम ने रावण की नाभि में तीन बाण मारकर रावण को मार गिराया। इसी के साथ जय श्रीराम के जयकारे से पूरा नगर राममय हो गया। रावण का पुतला जलते ही लोग विजय की खुशी से झूम उठे। असत्य पर सत्य की जीत होते ही भगवान राम की विजय यात्रा निकाली गई। फूलपुरभवानी मां मन्दिर से भगवान श्रीराम की झांकी लक्ष्मण जी, हनुमानजी, जामवंत जी, अंगद जी नल-नीलआदि वानरी सेना के साथ नगर पंचायत के मुख्य मार्गो से होती हुई दशहरा मैदान पहुंची। उसके बाद स्वर्ण रथ पर सवार अहंकारी लंकाधिपति रावण अट्टहास करता हुआ कुंभकर्ण, मेघनाद, अक्षय के साथ भगवान श्रीराम से युद्ध किया और सभी मारे जाते हैं।



जानलेवा हमले का आरोपी पिस्तौल संग गिरफ्तार

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली के एसआई जाफर खां की टीम ने जानलेवा हमले के मामले में प्रकाश में आए आशु गौड़ पुत्र जयनाथ गौड़ निवासी चौको बुजुर्ग तथा नरायन पटेल पुत्र सुदामा पटेल निवासी कोड़रा को जम्मनपुर नहर के पास रास्ते से बुधवार को दिन के लगभग डेढ़ बजे गिरफ्तार कर लिया। नरायन पटेल के कब्जे से एक तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस मामले में 19 अक्टूबर को रघुनाथ यादव पुत्र स्व. रामकिशुन यादव निवासी ग्राम पारनकुण्डा ने तहरीर दी थी कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके पुत्र रामप्रसाद यादव पर जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडे से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया।

सुखीपुर मार्ग पर जानलेवा गड्ढा, हादसे का इंतजार कर रहे जिम्मेदार

निर्माण में ३५.९६ लाख रुपये खर्च होने के बावजूद बदहाली पर उठे सवाल

अतरौलिया, आजमगढ़। सरकार की ओर से सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन अतरौलिया से सुखीपुर जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। सड़क के बीचों-बीच बना गहरा गड्ढा महीनों से राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद संबंधित विभाग की ओर से अब तक मरम्मत नहीं कराए जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों को आशंका है कि समय रहते गड्ढे को ठीक नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

अनदेखी

रास्ते के बीच में महीनों से बना गड्ढा राहगीरों के लिए खतरा



स्थानीय लोगों के अनुसार, मार्ग पर बना यह गड्ढा लंबे समय से जस का तस है। दिन में किसी तरह वाहन चालक इसे देखकर बच निकलते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में या अचानक सामने आने पर दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यहां से गुजरना जोखिम भरा है। सड़क के बीच में गड्ढा होने के कारण वाहन चालकों को अचानक दिशा बदलनी पड़ सकती है, जिससे अन्य वाहनों से टकराने का खतरा भी बना रहता है। मौके पर लगे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के बोर्ड के मुताबिक, सड़क के नवीनीकरण पर 35.96 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। इसके बावजूद सड़क के बीचों-बीच गहरा गड्ढा बने रहना निर्माण कार्य की गुणवत्ता और रखरखाव को लेकर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क के नवीनीकरण और अनुरक्षण पर धन खर्च किया गया है, तो फिर ऐसी स्थिति लंबे समय तक कैसे बनी हुई है। हालांकि, निर्माण कार्य में किसी तरह की अनियमितता की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय निवासी नागेंद्र सागर और राकेश तिवारी ने सड़क की स्थिति पर चिंता जताते हुए संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग और संबंधित कार्यदायी संस्था से गड्ढे का जल्द निरीक्षण कराकर उसकी मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि दुर्घटना होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय समय रहते समस्या का समाधान किया जाना चाहिए। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इस समस्या का समाधान कब तक करता है।

जनता की मांग, समय रहते किया जाये समस्या का समाधान

सपना पाली क्लीनिक की ओटी और देवांश अस्पताल का गेट सील

बिलरियागंज, आजमगढ़। शिकायत के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार शाम करीब साढ़े तीन बजे बिलरियागंज में दो अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की। डिप्टी सीएमओ एवं नोडल अधिकारी डा. मोहन लाल के नेतृत्व में टीम ने सपना पॉली क्लीनिक की ऑपरेशन थियेटर (ओटी) को सील कर दिया। वहीं, संचालक के मौके पर नहीं मिलने पर देवांश अस्पताल के मुख्य गेट को बाहर से सील कर दिया गया। खास बात यह है कि देवांश अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से महज 100 मीटर की दूरी पर संचालित हो रहा था। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के निजी अस्पताल संचालकों में हलचल मच गई। नोडल अधिकारी डा. मोहन लाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर दोनों अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण संचालित हो रहे अस्पतालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

शहर में दो अखाड़ों के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला

आजमगढ़। विजयादशमी के अवसर पर इस वर्ष भी श्री बजरंग गोला दल अखाड़ा और श्री जगदीश जी हनुमान दल अखाड़ा के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। प्राचीन परंपरा के अनुसार निकले दोनों अखाड़ों के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों के प्रदर्शन के साथ दोनों अखाड़ों के बीच पाइप बैंड का मुकाबला भी आकर्षण का केंद्र रहा। मुकाबले में दोनों अखाड़े बराबरी पर रहे।

विजयादशमी पर शहर में दोनों अखाड़ों के निकलने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इस वर्ष विजयादशमी की रात करीब तीन बजे आसिफगंज क्षेत्र में पुरानी कोतवाली स्थित दामोदर भवन के पास दोनों अखाड़े आमने-सामने हुए। इस दौरान कलाकारों ने तलवार, भाला, सच्चा बाना, गत्ता-फरी समेत पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों का प्रदर्शन किया। युद्धकला से जुड़े इन करतबों को देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। श्री बजरंग गोला दल अखाड़ा के प्रबंधन की जिम्मेदारी संत प्रसाद अग्रवाल की निगरानी में निभाई गई। जबकि श्री जगदीश जी हनुमान दल अखाड़ा के प्रबंधन का दायित्व विभाष सिन्हा संभाला हैं। इस दौरान राधे मोहन गोयल, मनोज गुप्ता और सुभाष जगदीश समेत अन्य लोग मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में पिंटू, मुन्ना, राजेश, सुरेश चंद, संतोष नेता, श्रवण, नरेश और दिलीप का विशेष सहयोग रहा।

गई। घटना के बाद मौके पर सवार थीं। इसी दौरान मारकुंडी लिए जिला अस्पताल भेज दिया। का आश्वासन दिया। भाजपा के पूर्व लोग मौजूद रहे।

पोलिंग बूथों पर किसी का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे मतदान क

मतदान के दिन सतर्क रहें अधिकारी, निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से कराएं अनुपालन

सोनभद्र। वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा की उपस्थिति में पुलिस लाइन परिसर में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग आयोजित की गई। इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग के दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चर्चित गौड़ ने उपस्थित जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2026 को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। मतदान 23 अक्टूबर को प्रात: 8 बजे से सायं 4 बजे तक होगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों को कलेक्ट्रेट परिसर से निर्धारित मतदेय स्थलों के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी अपने-अपने निर्धारित मतदेय स्थलों का पूर्व में निरीक्षण कर लें तथा वहां उपलब्ध आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यह सुनिश्चित करें कि निर्वाचन प्रक्रिया के संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। मतदान के दिन सभी अधिकारी अपने निर्धारित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। मतदेय स्थलों के आसपास निर्धारित 100 मीटर की परिधि में लागू प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों के निर्धारित मतदेय स्थलों पर पहुंचने के बाद वहां किसी भी प्रकार के अनधिकृत आतिथ्य, स्वागत-सत्कार अथवा अन्य अनुचित सुविधा को स्वीकार न किया जाए। निर्वाचन की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी कार्मिक निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की सतत निगरानी के लिए कंट्रोल रूम के माध्यम से मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारी आपसी समन्वय बनाए रखते हुए निर्वाचन संबंधी सूचनाओं का समय से आदान-प्रदान करेंगे, ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। सभी पुलिस अधिकारी एवं

बाइक की आटो से भिंड़त, दो की मौत

दो लोग घायल,देवराराजा पेट्रोल पंप के समीप हुआ हादसा

करमा(सोनभद्र)। मीरजापुर शक्तिनगर के मुख्य मार्ग देवरा राजा पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को बाईक और आटों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आटो से सवारियों को लेकर विजयदशमी मेले के लिए जा रहा था। इसी दौरान अचानक टेंपो में अचानक अज्ञात टीपर ने ठोकर मारी सामने जा रही बाईक को ठोकर मारते हुए पलट गई जिसमें आटो चालक की मौत बताई जा रही है। बाईक सवार निहाल केशरी 22वर्ष पुत्र कोमल केशरी निवासी व सिबू मोदनवाल पुत्र त्रय लोकी निवासी केकराही थाना करमा बुरी तरह घायल हो गए घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने जिला अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान निहाल को मृत घोषित कर दिया जब कि सीबू बुरी तरह घायल हो गया था जिसका इलाज चल रहा है। चर्चाओं की माने तो दोनों अपने गांव के रावण को जला कर राबर्ट्सगंज मंगलवार की रात लगभग साढ़े सात बजे जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही हिंदुआरी चौकी पुलिस व सदर कोतवाली पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के जरिए जिल अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार ऑटो में बिछी गांव के ऑटो मालिक के पुत्र कामता प्रसाद उम्र लगभग चौबीस वर्ष पुत्र रामेश्वर की भी मौत हो गई है। यह जानकारी हिन्दुआरी चौकी प्रभारी विनय कुमार ने दी है।

गाजे-बाजे के साथ मां शेरावाली व

सोनभद्र। विदाई कैसे करी..... गीत के साथ जिले के विभिन्न स्थानों पर बनाये गये पंडालों में विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमाओं का बुधवार को गाजें-बाजे के साथ जलाशयों में विसर्जित कर दिया गया। राबर्ट्सगंज समेत आसपास के स्थानों में बनाये गये पंडालों में विराजमान मां शेरावाली जगतजगनी मां दुर्गा की प्रतिमाओं का धंधरौल बांध में विसर्जित कर दिया गया। **मारकुंडी संवाददाता के अनुसार**-सलखन न्याय पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत सलखन, केवटा, मारकुंडी, मारकुंडी रेलवे गेट समेत आसपास के क्षेत्रों में विराजमान हुई मां दुर्गा की प्रतिमाओं का गाजे-बाजे के साथ जलाशय में विसर्जित कर दिया गया। इस मौके पर अशोक कुमार ,सुनील अग्रहरी, श्रवण कुमार पूर्व प्रधान, सूरज यादव प्रधान प्रतिनिधि, रवि कुमार रैन सिंह, संजय गिरी, भोला जयसवाल, पवन कुमार, पल्लव विश्वास आदि लोग मौजूद रहे। चुर्क संवाददाता के अनुसार- नगर पालिका वार्ड चार सहिजन खुर्द में बनाये गये पंडालों में विराजमान मां दुर्गा की प्रतिमा का गाजे-बाजे के साथ गांव में भ्रमण करने के बाद सहिजन खुर्द छठ घाट पर विसर्जित कर दिया गया। इस मौके पर राजेश द्विवेदी, बृजेश सिंह, चन्द्रभूषण सोनी, आलोक श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, अजय चौरसिया, पन्नू चौरसिया, विनय कुमार यादव, अशोक यादव, छविनाथ यादव,



दूधिया रोशनी से नहाया डाला मुख्य मार्ग

डाला(सोनभद्र)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के अंतर्गत लगभग 76 लाख रुपये की लागत से स्थापित आधुनिक स्ट्रीट लाइटों का सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष फूलवंती कुमारी ने विधिवत लोकार्पण कर नगरवासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर सभी वार्डों के सम्मानित सभासदगण प्रमुख रूप से साथ रहे। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नगर का चहुंमुखी विकास और जनसुविधाओं का विस्तार नगर पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्य मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त होने से न केवल आम नागरिकों और व्यापारियों को आवागमन में सुगमता होगी, बल्कि रात्रि के समय सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता होगी। उपस्थित सभासदों ने भी इस विकास कार्य की सराहना करते हुए कहा कि नगर पंचायत बोर्ड जनहित के कार्यों को गति देने के लिए निरंतर एकजुट होकर कार्य कर रहा है। इस दौरान प्रमुख रूप से सभासद नितेश कुमार, अवनीश, संतोष कुशवाहा, लिपिक ऋषि कुमार, कन्हैया लाल सहित नगर पंचायत प्रशासन के अन्य कर्मी एवं नगर के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य मार्ग के रोशन



सिंदूरदान के बाद गाजे-बाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा

अनपरा(सोनभद्र)। हिंडालको रेणुसागर पावर डिवीजन स्थित पैराडाइज प्रेक्षागृह प्रांगण में स्थापित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा का विसर्जन श्रद्धा, उल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में गाजे-बाजे के साथ किया गया। विसर्जन से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार, अपराजिता पूजा, हवन, कलश विसर्जन एवं सिंदूरदान की रस्में विधि-विधान से संपन्न हुईं। इसके बाद मां दुर्गा सहित माता लक्ष्मी, भगवान गणेश, मां सरस्वती एवं भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाओं को पूरे रेणुसागर कॉलोनी का भ्रमण कराया गया। इस दौरान जय माता दी के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर रीता चटर्जी ने सिंदूरदान की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सनातन परंपरा में मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन से पूर्व माता रानी का विधिवत श्रृंगार किया जाता है। महिलाएं मां को सिंदूर अर्पित करने के बाद एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सुख, समृद्धि, सौभाग्य एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना करती हैं। बंगाली परंपरा में इस रस्म को 'सिंदूर खेला' कहा जाता है। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के सचिव पी के चटर्जी ने उपस्थित श्रद्धालु को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रद्युत दास ,शोभनाथ ओझा ,गोपाल मुखर्जी,दीपक सेन गुप्ता, एस के गोस्वामी ,गौतम घोषाल का सराहनीय योगदान रहा। सिंधुर खेल में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह, तूलिका श्रीवास्तव, कंचन पाठक,कर्बी दास मिश्रा ,रीता चटर्जी, संगीता दास, सुनीता रॉय, शर्मिला घोष ,स्वस्तिका ओझा,निविदिता गोस्वामी ,जाली बोस, रूबी मुखर्जी, श्वेता श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

सुभाषित

पिता, गुरु एवं ज्येष्ठ भ्राता, जो धर्म पालनका ज्ञान देते हैं, वे सभी पिता सामान होते हैं।

❑ वाल्मिकी रामायण

रिश्तोंका नया सन्तुलन

वर्तमान वैश्विक सन्दर्भमें अमेरिकाके विदेशमंत्री मार्को रुबियोकी भारत यात्रा और परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकरके साथ मंगलवारको मुम्बईमें हुई वार्ता काफी महत्वपूर्ण मानी जायगी। इसे केवल एक नियमित कूटनीतिक भेंटके रूपमें देखना उचित नहीं होगा। रुबियोकी यात्रा ऐसे समयमें हुई है जब भारत-अमेरिकी सम्बन्धोंमें एक ओर जहां रणनीतिक निकटता बढ़ रही है तो दूसरी ओर टैरिफ, रूसी तेल, व्यापार समझौते और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दोंपर मतभेद भी बने हुए हैं। एक अच्छी बात यह है कि दोनों देशोंने व्यापार समझौतेको यथाशीघ्र पूरा करनेकी प्रतिबद्धता जतायी है। रुबियोने स्वीकार किया है कि हम बहुप्रतीक्षित समझौतेके काफी करीब पहुंच गये हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रीकी यात्रा ऐसे अन्तरराष्ट्रीय माहौलमें हुई है, जिसमें यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशियाका संकट, ऊर्जा बाजारमें अस्थिरता और अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा विश्व राजनीतिको काफी प्रभावित कर रहे हैं। इन परिस्थितियोंमें भारतकी सामरिक स्थिति अमेरिकाके लिए काफी महत्वपूर्ण हो गयी है। ऊर्जा संकटने दोनों देशोंके हितोंको एक-दूसरेके निकट ला दिया है। रुबियोने भारतकी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलामें अमेरिकी ऊर्जाकी भूमिका बढ़ानेको महत्वपूर्ण बताया है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष हिन्द-प्रशान्त और चीन है। अमेरिका भारतको, क्षेत्रीय शक्ति-सन्तुलनमें एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। क्वाडके सन्दर्भमें भी भारतकी भूमिका अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलियाके लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए अमेरिका भारतके साथ मतभेदोंको इतना बढ़ाना नहीं चाहेगा जिससे कि व्यापारिक रणनीतिक साझेदारी प्रभावित हो। रुबियोकी यात्राको टैरिफ-आधारित टकरावसे बातचीत और समझौतेकी ओर लौटनेकी कोशिशके रूपमें भी देखा जा सकता है। भारत-अमेरिका सम्बन्धोंमें सबसे संवेदनशील मुद्दोंमें एक रूसी ऊर्जा खरीद है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूसी ऊर्जापर निर्भरता कम करे। इसका समाधान किसी एक पक्षकी पूर्ण जीतके रूपमें नहीं, अपितु ऊर्जा स्रोतोंके विविधीकरणके रूपमें खोजनेका प्रयास दिखायी देता है। भारतके लिए चुनौती यह है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखते हुए अमेरिकाके साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाये। यह सन्तुलन आने वाले समयमें भी भारतीय विदेश नीतिकी प्रमुख कसौटी रहेगा। वार्तामें रक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती तकनीक तथा नागरिक परमाणु सहयोग भी विशेष मुद्दे रहे। इसलिए दोनों देशोंका सम्बन्ध अब रक्षा सहयोगसे आगे बढ़कर तकनीकी तथा औद्योगिक साझेदारीकी दिशामें जा रहा है। दोनों देशोंके बीच सम्बन्धोंका भविष्य साझा हितों और असहमतियोंके प्रबन्धनपर निर्भर करेगा। रुबियोकी यात्राको व्यावहारिक कूटनीतिक मोड़के रूपमें देखा जाना चाहिए और यह आपसी सम्बन्धोंका नया सन्तुलन है।

मणिपुरके हालात चिन्तनीय

देशके पूर्वोत्तर राज्य मणिपुरमें लम्बे समयमें जारी हिंसक घटनाएं थमनेका नाम नहीं ले रही है। बार-बार हिंसाका भड़कना लोगोंकी जान-मालकी सुरक्षा और शान्ति व्यवस्थाके लिए केन्द्र और राज्य सरकारके लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। लोगोंमें भारी आक्रोश है और अब वे मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंहकी सरकारके खिलाफ सड़कोंपर उतर आये हैं जिससे स्थिति बदसे बदतर हो चुकी है। सोमवारको उग्रवादियोंकी गोलीबारीमें मैतेई समुदायके तीन लोगोंकी हत्याके विरोधमें मंगलवारको २४ घण्टेके बन्दके चलते घाटीके पांच जिलोंमें जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। इंफाल पूर्व और पश्चिम, विष्णुपुर, थौबल और काकचिंगमें बाजार, शिक्षण संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहांतक कि सार्वजनिक परिवहन भी ठप रहा, जिससे लोगोंको आने-जानेमें भारी दिक्कतोंका सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सोमवारको सुबह इंफाल पूर्वी और कागपोकपी जिलोंकी सीमापर सुनरोक क्षेत्रमें जलावनकी लकड़ी बीन रहे मैतेई समुदायके १६ लोगोंपर संदिग्ध उग्रवादियोंने घात लगाकर हमला कर दिया। इस गोलीबारीमें तीन लोगोंकी मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये, जबकि तीन लोग लापता हैं। इस कायरतापूर्ण और बर्बर हत्याके विरोधमें नेटिव पीपुल्स कमेटी मणिपुरने मंगलवार और बुधवारको बन्दका आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियोंने मंगलवारको मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंह, उपमुख्य मंत्री नेमचा किपजेन, गृहमंत्री गोविन्द कोंथौजमका इस्तीफा मांगा और उनके पुतले फूंके। इस दौरान पुलिस और सुरक्षाबलोंके संयुक्त तलाशी अभियानमें तीन संदिग्धोंको गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दोने हमला करनेकी बात स्वीकार की है। इनकी निशानदेहीपर पहाड़ी इलाकोंसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि तीन मई २०२३ से जारी मैतेई और कुकी समुदायके बीच भड़की हिंसा अबतक जारी है। केन्द्र और राज्य सरकारको जातीय समूहोंके बीच पनप रहे विद्वेषको समझना होगा और एक सर्वमान्य हल निकालना होगा, तभी शान्तिका माहौल बनाया जा सकता है।

लोक संवाद

चाय और कॉफीसे हानि

महोदय,-कई लोगोंके लिए दिनकी शुरुआत बिना चाय या काफीके होती ही नहीं है। परन्तु वह इस बातसे अनजान होते हैं कि इसकी ज्यादा लत किडनीको नुकसान पहुंचा सकती है। स्वस्थ लोगोंके लिए इनका सीमित मात्रामें सेवन आम तौरपर सुरक्षित होता है, लेकिन इनकी मात्रा इन्हें बनानेके तरीके और पहलेसे मौजूद स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां यह तय कर सकती हैं कि ये पेय पदार्थ किडनीकी सेहतपर कैसा असर डालते हैं। कैफीन, हाइड्रेशन और किडनीके काम करनेकी प्रक्रियाको समझते हैं विस्तारसे। गुर्दा रोग विशेषज्ञने बताया कि कैफीनका हल्का डाययुरेटिक असर होता है। इसका मतलब है कि यह कुछ समयके लिए पेशाब बननेकी मात्राको बढ़ा सकता हैए खासकर उन लोगोंमें जो इसके सेवनके आदी नहीं हैं। हालांकि चाय और काफीका सीमित मात्रामें सेवन करनेसे शरीरमें तरल पदार्थकी मात्रा बढ़ती है और इससे अपने आप डिहाइड्रेशन नहीं होता। ज्यादातर स्वस्थ वयस्कोंके लिए सीमित मात्रामें इन पेय पदार्थोंका सेवन करनेसे किडनीको नुकसान पहुंचनेकी संभावना नहीं होती है। चिन्ताका विषय अक्सर कैफीनका अत्यधिक सेवन और व्यक्तिकी अपनी शारीरिक संवेदनशीलता होती है। कैफीनकी अधिक मात्रा अस्थायी रूपसे ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती है, जबकि लम्बे समयतक अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर क्रोनिक किडनी डिसीज (गुर्दे की दीर्घकालिक बीमारी) के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। डाक्टरने सलाह दी, 'जिन लोगोंको पहलेसे ही हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) या किडनीसे जुड़ी समस्याएं हैं, उन्हें अपने कैफीन सेवनके बारेमें अपने डाक्टरसे बात करनी चाहिए।' एक और चिन्ताका विषय किडनी स्टोन (पथरी) का बनना है। दरसअल चायमें ऑक्सालेट होते हैं। ये प्राकृतिक रूपसे पाये जाने वाले यौगिक हैं। यदि कोई व्यक्ति इनका अधिक मात्रामें सेवन करता है तो उनमें कैल्शियम ऑक्सालेट स्टोन बननेका खतरा हो सकता है। यह जोखिम व्यक्तिके खान-पान, तरल पदार्थोंके सेवन और पहले कभी पथरी होनेके इतिहासपर निर्भर करता है। चाय और कॉफीमें बहुत अधिक चीनी, फ्लेवर्ड सिरप या मीठी क्रीम मिलानेसे वजन बढ़ सकता है और टाइप २ डायबिटीजका खतरा भी बढ़ सकता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर, दोनों ही क्रॉनिक किडनी डिसीज (लम्बे समयतक चलने वाली किडनीकी बीमारी) के प्रमुख कारण हैं। किडनीकी बीमारीसे जूझ रहे लोगोंको, उनकी पोषण संबंधी जरूरतों और लैब टेस्टके नतीजोंके आधारपर, दूध और अन्य चीजोंके सेवनको लेकर अलग-अलग डाइट सलाह की जरूरत पड़ सकती है। एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशनके अनुसार ज्यादातर वयस्कोंके लिए रोजाना ४०० मिलीग्राम कैफीनका सेवन करनेसे आम तौरपर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, हालांकि हर व्यक्तिकी सहनशक्ति अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही शरीरमें पानीकी पर्याप्त मात्रा बनाये रखना, चीनीका सेवन कम रखना और ब्लड प्रेशर तथा ब्लड ग्लूकोजको नियंत्रित रखना भी उतना ही जरूरी है। **-वसुधा त्रिवेदी, वाया ईमेल।**

वैश्विक अर्थव्यवस्थाके समक्ष चुनौतियां

विश्व अर्थव्यवस्था ऐसे दौरसे गुजर रही है, जहां विकासकी संभावनाओंके साथ अनिश्चितताओंका दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। एक ओर तकनीकी प्रगति और व्यापारिक गतिविधियां आर्थिक वृद्धिको गति दे रही हैं तो वहीं, युद्ध, ऊर्जा संकट और वित्तीय बाजारोंमें अस्थिरता वैश्विक आर्थिक व्यवस्थाकी परीक्षा ले रहे हैं।

❑ महेन्द्र तिवारी

बैंकाकमें १३ से १७ अक्तूबर २०२६ के दौरान आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंकके वार्षिक बैठकोंमें वैश्विक चुनौतियोंपर गम्भीर विचार-विमर्श हुआ। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर २०२६ की विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्टके अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वृद्धि दर २०२६ में ३.१ प्रतिशत रहनेका अनुमान है, जबकि २०२७ में इसके बढ़कर ३.४ प्रतिशत होनेकी सम्भावना व्यक्त की गयी है। इसके बावजूद संस्थाने चेतावनी दी है कि मौजूदा आर्थिक मजबूतीको स्थायी मान लेना उचित नहीं होगा। युद्ध, महंगी, ऋण और तकनीकी निवेशसे जुड़े जोखिम इस वृद्धिको प्रभावित कर सकते हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी पहली बड़ी चुनौती युद्ध और उससे उत्पन्न ऊर्जा संकट है। पश्चिम एशियामें जारी संघर्षने कच्चे तेलकी आपूर्ति, समुद्री परिवहन और अंतरराष्ट्रीय व्यापारके सामने नयी कठिनाइयां पैदा की हैं। विशेष रूपसे होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गमें किसी भी प्रकारका व्यवधान दुनियाके अनेक देशोंकी अर्थव्यवस्थाको प्रभावित कर सकता है। इस मार्गसे होने वाला ऊर्जा व्यापार बाधित होनेपर तेल और गैसकी कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका प्रभाव केवल पेट्रोल और डीजलतक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, बिजली उत्पादन, कृषि, उर्वरक निर्माण और औद्योगिक उत्पादनकी लागतपर भी पड़ता है। ऊर्जाकी कीमतोंमें वृद्धिका सबसे अधिक बोझ उन देशोंपर पड़ता है, जो अपनी आवश्यकताओंके लिए दूसरे देशोंसे तेल और गैस आयात करते हैं। भारत भी इस श्रेणीमें आता है। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजारमें कच्चा तेल महंगा होता है तो देशका आयात व्यय बढ़ सकता है। इससे व्यापार संतुलन, रुपयेकी विनिमय दर और घरेलू महंगीपर दबाव पड़नेकी आशंका रहती है। वस्तुओंके परिवहनकी लागत बढ़नेसे खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोगकी वस्तुओंके दाम भी प्रभावित हो सकते हैं। इस प्रकार युद्धका प्रभाव युद्धक्षेत्रसे हजारों किलोमीटर दूर रहने वाले सामान्य नागरिकोंकी रसोईतक पहुंच जाता है।



वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति कहती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको निर्यंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने अक्तूबरकी अपनी रिपोर्टमें २०२६ के लिए वैश्विक महगी दर ४.७ प्रतिशत रहनेका अनुमान लगाया है। इसके बाद २०२७ में इसके घटकर ४.१ प्रतिशत होनेकी संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि ये अनुमान उपलब्ध आंकड़ों और मौजूदा परिस्थितियोंपर आधारित हैं। यदि संघर्ष बढ़ता है, ऊर्जा आपूर्तिमें लम्बे समयतक बाधा आती है या व्यापारिक तनाव गहराता है तो महंगीपर दबाव अनुमानसे अधिक हो सकता है। इसलिए सरकारोंके सामने चुनौती केवल आर्थिक वृद्धि बनाये रखनेकी नहीं, बल्कि आम लोगोंकी क्रयशक्तिकी रक्षा करनेकी भी है। दूसरी बड़ी चुनौती बढ़ता सार्वजनिक ऋण है। अनेक देशोंने महामारी, आर्थिक मंदी, युद्ध और सामाजिक कल्याण योजनाओंके प्रभावोंसे निबटनेके लिए भारी उधारी ली है। अब बढ़ती ब्याज दरों और महंगी होती उधारीके कारण उनके लिए ऋण चुकाना कठिन होता जा रहा है। जब सरकारी आयका बड़ा हिस्सा ब्याज और पुराने कर्जकी अदायगीमें खर्च होता है, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत संरचना और गरीबी उन्मूलन जैसी योजनाओंके लिए संसाधन सीमित हो जाते हैं।

विकासशील देशोंकी स्थिति विशेष रूपसे चिन्ताजनक है। इन देशोंको एक ओर अपने नागरिकोंकी बुनियादी जरूरतें पूरी करनी हैं, वहीं दूसरी ओर आर्थिक विकासके लिए निवेश भी करना है। यदि विदेशी मुद्रामें लिया गया ऋण महंगा हो जाय या उनकी मुद्राका मूल्य गिर जाय तो ऋण चुकानेका बोझ और बढ़ जाता है। ऐसेमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंकको भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। जरूरतमंद देशोंको वित्तीय सहायता उपलब्ध करानेके साथ उन्हें ऐसी नीतियां अपनानेमें सहयोग देना आवश्यक है, जिनसे आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़े और भविष्यमें अत्यधिक उधारीकी आवश्यकता कम हो। १७ अक्तूबरको बैंकाकमें हुई अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समितिकी बैठकके बाद जारी वक्तव्यमें युद्धसे उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों और ऊंची ऊर्जा कीमतोंका सामना कर रहे देशोंको अधिक सहायता देनेकी आवश्यकतापर जोर दिया गया। समितिने यह भी स्वीकार किया कि बढ़ते व्यापारिक तनाव और भू-राजनीतिक विभाजनसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हो सकती हैं। इससे स्पष्ट है कि आर्थिक संकटका समाधान केवल अलग-अलग देशोंकी नीतियोंसे सम्भव नहीं है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी आवश्यक है।

तीसरी बड़ी चुनौती कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें तेजीसे बढ़ता निवेश है। इस तकनीकने उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, बैंकिंग और संचारके क्षेत्रमें नयी संभावनाएं पैदा की हैं। बड़ी कम्पनियां आंकड़ा केन्द्रों, उन्नत संगणक उपकरणों और नयी तकनीकोंपर भारी धन खर्च कर रही हैं। इससे निवेश, उत्पादन और व्यापारको प्रोत्साहन मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने भी माना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशने वैश्विक आर्थिक वृद्धिको सहारा दिया है। लेकिन इस विकासके साथ वित्तीय जोखिम भी जुड़े हैं। यदि निवेशकोंकी उम्मीदें वास्तविक उपलब्धियोंसे बहुत आगे निकल जाती हैं तो कम्पनियोंके मूल्यांकनमें असंतुलन पैदा हो सकता है। मान लीजिए कि किसी कम्पनीमें इस उम्मीदसे भारी निवेश किया जाता है कि उसकी नयी तकनीक भविष्यमें बहुत अधिक लाभ देगी। यदि अपेक्षित लाभ नहीं मिलता तो निवेशकोंका विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप कम्पनियोंके शेयरोंकी कीमतें गिर सकती हैं, निवेश घट सकता है और वित्तीय बाजारोंमें व्यापक अस्थिरता पैदा हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर रिपोर्टमें कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशकी संभावित गिरावटको वैश्विक अर्थव्यवस्थाके लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम बताया गया है। संस्थाने यह भी संकेत दिया है कि यदि इस तकनीकसे अपेक्षित उत्पादकता लाभ मिलता है तो आर्थिक वृद्धिको अतिरिक्त गति मिल सकती है। अर्थात् इसके परिणाम दोनों दिशाओंमें जा सकते हैं। समस्या तकनीकी विकासमें नहीं, बल्कि वास्तविक क्षमतासे अधिक उम्मीदें लगाने और जोखिमोंकी उपेक्षा करनेमें है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताका एक दूसरा पक्ष रोजगार और आर्थिक असमानतासे संबंधित है। नयी तकनीक अनेक कामोंको सरल और तेज बना सकती है, लेकिन कुछ पारम्परिक कार्योंकी आवश्यकता भी घट सकती है। यदि श्रमिकोंको समयपर प्रशिक्षण और नये कौशल प्राप्त करनेके अवसर नहीं मिलते तो रोजगार संबंधी कठिनाइयां बढ़ सकती हैं। तकनीकी निवेशका लाभ उन देशों और कम्पनियोंको अधिक मिल सकता है, जिनके पास पर्याप्त पूंजी, बिजली, डिजिटल आधारभूत संरचना और प्रशिक्षित कर्मचारी हैं। दूसरी ओर कमजोर अर्थव्यवस्थाएं इस परिवर्तनके साथ कदम मिलानेमें पीछे रह सकती हैं। इसलिए तकनीकी प्रगतिके साथ शिक्षा, प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षापर भी निवेश करना आवश्यक है।

भारतके लिए इन चुनौतियोंमें जोखिमके साथ अवसर भी छिपे हुए हैं। देशको ऊर्जाके विभिन्न स्रोतोंका विकास करना चाहिए, ताकि किसी एक क्षेत्र या आपूर्तिकर्तापर अत्यधिक निर्भरता न रहे। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा विकल्पोंको बढ़ावा देनेसे दीर्घकालमें आयात संबंधी जोखिम कम किये जा सकते हैं। साथ ही सार्वजनिक व्ययमें अनुशासन बनाये रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अनुसंधान और रोजगार सृजनके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें भारत अपनी युवा आबादी, तकनीकी प्रतिभा और व्यापक घरेलू बाजारका लाभ उठा सकता है। इसके लिए केवल नयी तकनीक खरीदना पर्याप्त नहीं होगा। देशमें अनुसंधान, कौशल विकास, सुरक्षित आंकड़ा व्यवस्था और स्थानीय आवश्यकताओंके अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करनेपर भी ध्यान देना होगा। छोटे उद्योगों और सामान्य नागरिकोंतक तकनीकी लाभ पहुंचाना जरूरी है, ताकि इसका लाभ कुछ बड़ी कम्पनियोंतक सीमित न रहे।

अंततः वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति यह संदेश देती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है। सहयोग, दूरदर्शिता और संतुलित नीतियोंके माध्यमसे ही आर्थिक विकासकी सम्भावनाओंको सुरक्षित रखा जा सकता है।

अंधाधुंध विकाससे भीषण संकट

हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है कि स्वयंको बदलो या बर्बाद हो जाओ। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।

❑ सुनीता नारायण

नेपालमें बाढ़से १४१० से अधिक व्यक्तियोंकी मौतकी पुष्टि हो चुकी है और अभी भी हजारों लोग लापता हैं। यह एक बेहद बड़ी एव दर्दनाक मानवीय त्रासदी है लेकिन एक तरहसे मनुष्यके जान-बूझकर किये गये कार्यों और हाथ-पर-हाथ धरे रहनेके कारण भी है। असलियतमें यह त्रासदी हमारी सोचका परिणाम है। मनुष्य का यह विश्वास है कि वह कुछ भी फिरसे बना या बदल सकता है। हम ब्रह्मांड और इसमें मौजूद सभी वस्तुओंको नियंत्रित कर सकते हैं। हम ही सबसे ताकतवर जीव हैं जो जलवायु परिवर्तनका सामना कर सकते हैंए, आखिर यह तो मौसमसे जुड़ी एक छोटी और मामूली-सी बात है। दरअसल यह सब हमारी वजहसे हो रहा है। मुझे इसे सिलसिलेवार ढंगसे समझाने दें। पहला सवाल यह है कि नेपालमें २६ अगस्तको क्या हुआ। हम सभीने जो तस्वीरें देखी होंगी, वे पहाड़के गिरनेकी हैं-बस ढहनेकी-जब अचानक बाढ़ और ढेरों मलबेने अपने रास्तेमें आने वाली सभी वस्तुओंको दफन कर दिया। इसमें चीनके आव्रजन कार्यालयकी विशाल इमारत भी शामिल थी। यह डरावना दृश्य-सा है, जैसे किसी वैज्ञानिक कल्पनापर आधारित फिल्मसे निकला हो।

अब हम जानते हैं कि यह अचानक आयी बाढ़ अत्यधिक बादल फटनेसे नहीं हुई थी। यह लांगटांग लिरुंग चोटीके पास ऊंचे हिमखंडके ढहनेसे शुरू हुई थी। इसमें अनुमानित १४.२ करोड़ घन मीटर बर्फ और चट्टानें खिसकीं और इससे ५.२ तीव्रताकी भूकम्पीय घटना हुई। इससे प्राकृतिक बांधोंका निर्माण हुआ, जिनमें पानी एवं हिमनदसे बहाकर लायी गाद जमा हो गयी। फिर जब यह बांध टूटा तो इससे निचले इलाकेमें और भी विनाशकारी बाढ़ आयी। इसका कोई मुख्य कारण नहीं है लेकिन दो घटनाओंने इस क्षेत्रमें इस और इसी तरहकी अन्य त्रासदियोंमें बहुत योगदान दिया है। एक है जलवायु परिवर्तनके कारण होने वाली गर्मी। तापमान बढ़नेसे हिमनद पिघलते हैं। यह पिघलकर जब पहाड़से नीचेकी ओर आते हैं तो इससे हिमोढ़ ढलानें कटने लगती हैं। यह बम है जो फटनेके लिए तैयार है। ऐसा नेपालमें भी हुआ है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तनके कारण बेहद मुश्किल मौसम वाली घटनाओंकी आवृत्ति और तीव्रता बढ़ रही है और इससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी भीषण आपदाएं आती हैं। ऐसी घटनाएं २०२५ में हिमाचल प्रदेश, २०२४ में सिक्किम और २०२१ में चमोलीमें देखी गयीं। लिहाजा हम जिम्मेदार हैं, हम सभी। इसमें विशेष रूपसे वे देश भी हैं, जिन्होंने वायुमंडलमें ग्रीनहाउस उत्सर्जनके बढ़नेमें सबसे अधिक योगदान दिया है। ग्रीनहाउसके कारण तापमान बढ़ा रहा है और इससे बेकाबू विनाश हो रहा है। लोगोंकी मौतकी ऐतिहासिक जिम्मेदारीसे सर्वाधिक अमीर और सबसे विकसित देश भी पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं।

नेपालमें मरने वालोंकी संख्या बढ़ रही थी लेकिन विश्व १८७० के औद्योगिक कालकी तुलनामें १.५ डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धिकी सीमासे नीचे रहनेके परिकल्पित रास्तेपर आगे बढ़नेको तैयार नहीं था। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रमका अनुमान है कि दुनिया कुछ ही वर्षोंमें इस दायरेको लांघ जायगी। वैज्ञानिकोंको पता है कि १.५ डिग्री सेल्सियससे परे तापमान बढ़नेके प्रभाव बढ़ते जायंगे। इसके प्रभाव कहीं अधिक विनाशकारी होंगे- बर्फकी चादरोंके ढहनेसे लेकर अटलांटिक मेरिडियल ओवरटेकिंग सर्कुलेशन जैसी समुद्री धाराओंमें व्यवधान और बहुत कुछ। इस गर्मीमें हमने जो बेहद गर्मी, आग और अन्य मौसमकी असामान्यताएं देखीं, वे केवल उसकी झांकियां थी। काफी घटनाएं होनेका इंतजार कर रही हैं। फिर भी हम अपने पृथ्वीके तंत्रमें टूटनको लेकर शांत दिखते हैं। आज हम इंसानके अनुचित कृत्यों, जैसे बेवजह युद्धोंके कारण आर्थिक और आजीविकाकी चिन्ताओंसे बेहद विचलित हैं और यह मौजूदा संकट महत्वहीन लगता है। हम उत्सर्जनपर महज पैबंद लगा रहे हैं और प्रकृत्तिके दायरेमें रहनेके लिए बदलाव नहीं कर रहे हैं।

हिमालयके मुद्देपर वापस आते हैं। हम जानते हैं कि पारिस्थितिकीतंत्रके इन ज्वलंत स्थानोंपर कभी भी फटने वाले बमोंको विकासकी प्रकृतिने और बदहाल कर दिया है। हम प्रकृतिका ध्यान रखनेके बारेमें बढ़ चढ़कर बातें करते हैं लेकिन उसपर ध्यान ही नहीं दिया जाता है। हमें बदलती जलवायुपर अनिवार्य रूपसे जितना ध्यान रखना चाहिए, उतना रखते नहीं हैं। हम असलियतमें यह विश्वास करते हैं कि हम जो कर सकते हैं, उसे करते रहेंगे और उसका कोई प्रभाव भी उजागर नहीं होगा। जैसे संकीर्ण नदियोंपर बांध बनाकर तैयार होने वाली जलविद्युत परियोजनाओंको लें। मैंने पहले भी कहा है और इसे दोहराऊंगी, यह बांध विकासके नहीं है, बल्कि लापरवाहीके साथ किया विकास है। भारतके हिमालय क्षेत्रमें एकके बाद एक परियोजनाएं आ रही हैं, ताकि गंगाका स्वरूप ही बदल दिया जाय। गंगा स्वाभाविक रूपसे प्रवाहित होना बंद कर देंगी। इसका कारण यह है कि ये परियोजनाएं गंगाके पानीको नियंत्रित करेंगी, इसे बिजली उत्पन्न करनेके लिए ले जायंगी और फिर इसे वापस छोड़ देंगी। इसके साथ ही, हम पहाड़ोंमें सुरंगें बना रहे हैं और सड़कें बना रहे हैं, अक्सर ढलान प्रबंधनके प्रावधानके बिना। मैं और भी बहुत कुछ बता सकती हूं। सचाई यह है कि हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका यह संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है-अपनी मानसिकता बदलोय यह सोच कि तुम मुझे वशमें कर सकते हो और मुझे घुटनोंपर ला सकते हो, काम नहीं करेगी। संदेश है 'बदलो या बर्बाद हो जाओ'। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।

आत्मबोध

भरत मिलाप

❑ सदानन्द शास्त्री

भरतको जब पता चला कि माता कैकेयीने उन्हें राजसिंहासनपर बैठानेके लिए रामको १४ वर्ष का वनवास दिलाया है तो वह मातासे भला-बुरा कहने लगे और रामको वापस लानेके लिए वनकी ओर चल दिये। उधर वनमें प्राकृतिक शोभासे युक्त दर्शनीय स्थल चित्रकूट पर्वतपर निवास करते हुए राम-सीता प्राकृतिक छटाका आनन्द ले रहे थे, सहसा उन्हें चतुरंगिणी सेनाका कोलाहल सुनाई दिया और वन्य पशु इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिये। यह देखकर राम लक्ष्मणसे बोले, ऐसा प्रतीत होता है कि इस वन-प्रदेशमें वन्य पशुओंके आखेट हेतु किसी राजा या राजकुमारका आगमन हुआ है। तुम जाकर इसका पता लगाओ। लक्ष्मण तुरन्त एक ऊंचे वृक्षपर चढ़ गये। उन्होंने देखा, उत्तर दिशासे एक विशाल सेना हाथी, घोड़ों और अस्त्र-शस्त्रोंसे सुसज्जित सैनिकोंके साथ चली आ रही है जिसके आगे अयोध्याकी पताका लहरा रही थी। लक्ष्मण समझ गये कि वह अयोध्याकी सेना है। रामके पास आकर क्रोधसे लक्ष्मणने कहा, भैया! कैकेयीका पुत्र भरत सेना लेकर इधर चला आ रहा है। वह वनमें अकेला पाकर हमारा वध कर देना चाहता है जिससे निष्कंटक होकर अयोध्यापर राज्य कर सके। मैं इस भरतको उसके पापोंका फल चखाऊंगा। रामने कहा, लक्ष्मण! तुम ये कैसी बातें कर रहे हो। भरत तो मुझे प्राणोंसे भी प्रिय है। अवश्य ही वह मुझे अयोध्या वापस ले जानेके लिए आया होगा। बादमें लक्ष्मण अपने कठोर शब्दोंके लिए क्षमा मांगते हैं और भरत राम जीकी चरण पादुकाएं अयोध्या ले जाते हैं एवं राजकाज संभालते हैं। लखन राम सियं सुनि सुर बानी। अति सुखु लहेउ न जाइ बखानी॥ इहां भरतु सब सहित सहाय। मंदाकिनीं पुनीत नहाय॥ सरित समीप राखि सब लोगा। मागि मातु गुर सचिव नियोगा॥ चले भरतु जहं सिय रघुराई। साथ निषादनाथु लघु भाई॥ लक्ष्मणजी, श्री रामचंद्रजी और सीताजीने देवताओंकी वाणी सुनकर अत्यंत सुख पाया, जो वर्णन नहीं किया जा सकता। यहां भरतजीने सारे समाजके साथ पवित्र मंदाकिनीमें स्नान किया। फिर सबको नदीके समीप ठहराकर तथा माता, गुरु और मंत्रीकी आज्ञा मांग कर निषादराज और शत्रुघ्नको साथ लेकर भरतजी वहां चले जहां श्री सीताजी और श्री रघुनाथजी थे।

हड्डियोंके बदलावको गम्भीरतासे लें

❑ ऋतुपर्ण दवे

हड्डी गतिशील ऊतक है जो अस्थि निर्माण, मॉडलिंग और रीमॉडलिंग जैसी कई प्रक्रियाओंके माध्यमसे लगातार बदलती और अनुकूलित होती रहती है। इसमें आम तौरपर अस्थि क्लास्ट और अस्थि ब्लास्टकी समन्वित गतिविधियां शामिल होती हैं। अस्थि ब्लास्ट वह प्रक्रिया है, जिसमें विशेष कोशिकाएं नयी हड्डीके निर्माण और हड्डीके विकासमें मदद करती हैं। यह हड्डीमें कैल्शियम और अन्य खनिजोंको जमा करके नया अस्थि ऊतक तैयार करती हैं। ब्लास्ट कोशिकाएं अपरिपक्व या शुरुआती स्तरकी कच्ची कोशिकाएं होती हैं जो अस्थि मज्जामें बनती हैं और बादमें परिपक्व होकर लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं या प्लेटलेट्समें बदल जाती हैं। सामान्य अस्थि मज्जामें इनकी संख्या बहुत कम (पांच प्रतिशतसे कम) होती है। यदि अस्थि मज्जा या रक्तमें ब्लास्ट कोशिकाओंकी संख्या बीस प्रतिशत या उससे अधिक हो जाय तो यह ल्यूकेमिया यानी रक्त कैंसर या अन्य अस्थि मज्जा विकारोंका संकेत हो सकता है। जबकि अस्थि क्लास्ट विशेष प्रकारकी अस्थि कोशिकाएं होती हैं, जिनका मुख्य काम पुरानी, क्षतिग्रस्त या अनावश्यक हड्डीके ऊतकोंको तोड़ना और अवशोषित करना होता है। इस चक्रमें गड़बड़ीसे हड्डियोंके स्वास्थ्यमें जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनमेंसे एक जटिलता ऑस्टियोपोरोसिस है, जिससे विश्व स्तरपर लाखों लोग प्रभावित हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे अमूमन प्रतिवर्ष लगभग नौ लाख लोगोंकी हड्डियों टूटती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस एक जटिल विकार है जो जीवनशैली, शारीरिक गतिविधियां, आनुवंशिकी, हार्मोनल और अंत:स्रावी तंत्र, सह-रुग्णता यानी पूर्वसे मौजूदा रोग और कुछ दवाओंके उपयोग सहित कई कारकोंसे प्रभावित होता है। इसीसे बचाव, निदान और उपचारके लिए जागरूक करनेके हेतु हर वर्ष २० अक्तूबरको विश्व ऑस्टियोपोरोसिस-डे अलग-अलग थीमके साथ मनाया जाता है। इस वर्षकी थीम है 'बिल्ड, प्रोटेक्ट, स्ट्रेनदन योर बोन्स फॉर लाइफ' यानी जीवनभरके लिए अपनी हड्डियोंका निर्माण करें, रक्षा करें और उन्हें मजबूत बनायें। ऑस्टियोपोरोसिसको साइलेंट यानी 'खामोश बीमारी' कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती दौरमें इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं। प्राय: इसका पता तब चलता है जब मामूली झटके, छींकने या गिरनेसे हड्डी टूट जाती है। इसके कारण कूल्हे, रीढ़ और कलाईकी हड्डियां टूटनेका खतरा सबसे ज्यादा रहता है।

विश्व आस्टियोपोरोसिस दिवसका मुख्य उद्देश्य लोगोंमें हड्डियोंकी कमजोरी और नाजुक होनेकी बीमारीके कारणों, इसकी रोकथाम और शुरुआती निदान एवं इलाजके प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियानका नेतृत्व वैश्विक स्तरपर इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन यानी आईओएफ द्वारा किया जाता है। सच तो यह है कि उम्र बढ़नेके साथ नयी हड्डियोंके बननेकी तुलनामें पुरानी हड्डियोंके नष्ट होनेकी गति तेज हो जाती है। हार्मोनल बदलावके चलते महिलाओंमें मेनोपॉज यानी महावारी बंद होनेके बाद एस्ट्रोजन हार्मोनकी कमीसे यह समस्या तेजीसे बढ़ती है। वहीं पुरुषोंमें ५०-६० वर्षकी आयुके बाद जोखिम बढ़ जाता है। पोषणकी कमी होनेसे भी शरीरमें कैल्शियम और विटामिन-डी की भारी कमी हो जाती है जिससे भी हड्डी कमजोर हो जाती है और इसके टूटनेका खतरा बढ़ जाता है। अन्य कारणोंसे भी हमारी हड्डियां कमजोर और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। शारीरिक गतिविधियोंमें सक्रिय न रहना, धूम्रपान, अत्यधिक शराब पीना और कुछ खास दवाओं (जैसे स्टेरॉयड) का लम्बे समयतक इस्तेमालका भी प्रभाव पड़ता है। इसका पता लगानेके लिए आम तौरपर प्रचलित साधारण एक्स-रे की जगह डेक्सा स्कैन कराया जाता है जिसे चिकित्सकीय भाषामें बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट कहते हैं। ऑस्टियोपोरोसिस इसलिए भी बहुत खतरनाक हो जाता है, क्योंकि इसके कोई शुरुआती लक्षण नहीं दिखते हैं। इस बीमारीमें कोई संकेत भी नहीं मिलता है जिससे महसूस हो सके कि आस्टियोपोरोसिससे व्यक्ति घिरता जा रहा है। इस बीमारीमें सिरदर्द, बुखार या पेट दर्द भी नहीं होता जिससे पता चल सके कि शरीरमें कुछ गड़बड़ी है। हां बहुत ही मामूली तौरपर शरीरमें कुछ बदलाव नजर आ सकते हैं जो यह संकेत दे सकते हैं कि हड्डियां कमजोर या घनी हो रही हैं। ऑस्टियोपोरोसिसके संकेतोंके लिए कुछ चेतावनियां भी हैं जैसे कि लम्बाईमें इंच-सवाइंच या उससे अधिककी कमी होना। स्वाभाविक शारीरिक मुद्रामें परिवर्तन, जैसे झुकना या आगेकी ओर अधिक मुड़ना, सांस लेनेमें तकलीफ होती है जिसकी वजह रीढ़की हड्डीमें डिस्कके संकुचित होनेसे फेफड़ोंकी क्षमता कम हो जाती है।

किसी व्यक्ति द्वारा अपने शारीरिक रूपमें होने वाले बदलावोंको पहचानना मुश्किल हो सकता है। इसको स्वजन या अन्य लोग जिनसे आप कुछ अन्तरालसे मिल रहे हैं वही बता सकते हैं कि शरीरमें क्या बदलाव दिख रहे हैं। इसके लिए एक सुझाव यह भी दिया जाता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदातासे मिलकर अस्थि घनत्व परीक्षण करवाना चाहिए। ५० वर्षसे अधिक आयुके लगभग एक-तिहाई वयस्कोंमें, जिन्हें ऑस्टियोपोरोसिस नहीं है, ऑस्टियोपेनिया पाया जाता है। इसका अर्थ यह है कि उनकी हड्डियोंका घनत्व उनकी उम्रके हिसाबसे कम है। यह भी ऑस्टियोपोरोसिसके प्रारंभिक लक्षण हैं। यदि ऑस्टियोपेनियाका इलाज समयपर न किया गया तो यह ऑस्टियोपोरोसिसमें परिवर्तित हो सकता है। इसलिए बढ़ती उम्रमें ऐसी बीमारियोंसे बचनेके लिए सचेत रहते हुए समय-समयपर जरूरी चिकित्सकीय परामर्श लेते रहना आवश्यक होता है।

महंगाई के बावजूद त्योहारी सीजन में जमकर हुई खरीदारी

नयी दिल्ली। महंगाई के दबाव के बावजूद इस बार नवरात्रि-दशहरे के त्योहारी सीजन में बाजार में खरीदारी का उत्साह देखने को मिला। कपड़ों, जूतों, रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और वॉशिंग मशीन जैसे उत्पादों की बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। इंडस्ट्री के अनुमानों के अनुसार, बिक्री के कुल मूल्य के साथ कई श्रेणियों में बेची गई यूनिट्स की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। जानकारों का मानना है कि आसान फाइनेंसिंग और श्वरूढ्ढ की सुविधाओं ने ग्राहकों को खरीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। पिछले साल जीएसटी दरों में कटौती के बाद हुई रिकॉर्ड खरीदारी के कारण इस बार बाजार के सामने हाई बेस की चुनौती थी। इसके बावजूद नवरात्रि के दौरान कारों की रिटेल बिक्री में करीब 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। डीलरों के अनुमान के मुताबिक, 11 से 19 अक्टूबर के बीच लगभग 10.3 लाख गाड़ियां बिकीं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 10.1 लाख यूनिट था। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन्स के अध्यक्ष साई गिरिधर के अनुसार, पिछले साल जीएसटी कटौती से पहले कारों की बिक्री काफी कमजोर थी, जबकि दरें घटने के बाद मांग में अचानक उछाल आया था। ऐसे में इस साल की वृद्धि की तुलना सीधे पिछले साल से करना उचित नहीं होगा।

स्मार्टफोन, लैपटाप और टेलीविजन की बिक्री पर दबाव रहा।

हीरो मोटोकॉर्प के इंडिया बिजनेस यूनिट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी आशुतोष वर्मा ने बताया कि हाई बेस के बावजूद नवरात्रि में रिटेल बिक्री पिछले साल से बेहतर रही। इसमें स्कूटर की मांग प्रमुख रही। लाइफस्टाइल और फुटवियर ब्रांड वुडलैंड तथा इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन विजय सेल्स ने भी 20 प्रतिशत से अधिक की ग्रोथ दर्ज की। विजय सेल्स में.ष्ट की बिक्री 50 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी। एलजी, गोदरेज अप्लायंसेज, हायर और लॉयड की बिक्री में भी 20त्न से अधिक की वृद्धि हुई। कंपनियों ने मांग बनाए रखने के लिए ईएमआई की अवधि बढ़ाई और एंट्री-लेवल उत्पादों पर फाइनेंसिंग विकल्प बढ़ाए। अक्टूबर से प्रस्तावित कीमतों में बढ़ोतरी भी दिवाली तक टाल दी गई। हालांकि, स्मार्टफोन, लैपटॉप और टेलीविजन की बिक्री पर दबाव रहा। मेमोरी चिप की कीमतों में दो से तीन गुना वृद्धि के कारण इन उत्पादों की औसत कीमतें पिछले साल की दिवाली के मुकाबले 15-40 प्रतिशत तक बढ़ गईं। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, नवरात्रि में ऑनलाइन स्मार्टफोन बिक्री 16 प्रतिशत घटी, जबकि मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन ने ऑफलाइन बिक्री में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट बताई। गुजरात में हालांकि स्मार्टफोन बिक्री की यूनिट्स में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

सेंसेक्स 143 अंक गिरकर 73,709 पर बंद, निफ्टी 22,811 पर आया

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार में आज कारोबार के दौरान तेज गिरावट देखने को मिली। दिन के ऊपरी स्तरों से सेंसेक्स करीब 1,200 अंक नीचे आ गया, जबकि निफ्टी 50 भी 22,700 के स्तर से नीचे फिसल गया। बैंकिंग और ऑटो शेयरों में बिकवाली के चलते बाजार पर दबाव बढ़ा। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी कमजोरी रही। सेंसेक्स 143.21अंक यानी 0.19 प्रतिशत गिरकर 73,709.69 पर आ गया। वहीं, निफ्टी 77.60 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 22,811.35 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट की प्रमुख वजह ऊंचे स्तरों पर निवेशकों की ओर से मुनाफावसूली रही। ऑटो और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिला। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 1 प्रतिशत से अधिक गिरा। सोना, बीएलडब्ल्यू, टीबीएस मोटर्स और ईचर मोटर्स के शेयरों में 2 प्रतिशत से 3 प्रतिशत तक की कमजोरी रही। हालांकि, इंफोसिस और टीसीएस की मजबूती से निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.39 प्रतिशत चढ़ा। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में सैन्य गतिविधियों के कारण ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। भारत अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में महंगा कच्चा तेल महंगाई, आयात बिल और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव बढ़ा सकता है।

नई खबर...

अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल रीलोडेड की घोषणा

अमेज़न ने आज अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल रीलोडेड की घोषणा की, जो ग्राहकों के लिए नए डील्स, ऑफर्स, प्राइम मेंबर्स के लिए अतिरिक्त बचत और अब तक की सबसे तेज़ त्योहारी डिलीवरी लेकर आया है। आधी रात से शुरू होकर ग्राहक स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम, किचन, रोज़मर्रा की ज़रूरतों और अन्य श्रेणियों में भारी बचत का लाभ उठा सकते हैं, साथ ही सबसे बड़े चयन की सबसे तेज़ डिलीवरी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा बैंक ऑफर्स, अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त 5प्रतिशत कैशबैक, अमेज़न पे लेटर पर 10प्रतिशत कैशबैक, नो-कॉस्ट ईएमआई और एक्सचेंज ऑफर्स के ज़रिए अतिरिक्त मूल्य मिलता है, साथ ही प्राइम मेंबर्स के लिए विशेष बचत भी शामिल है। अमेज़न पे त्योहारी खरीदारी को हर कदम पर और अधिक फायदेमंद बनाता है। खरीदारों को एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड ईएमआई लेनदेन पर 10प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट मिलता है। अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड ग्राहक अपनी खरीदारी पर अतिरिक्त 5प्रतिशत कैशबैक पा सकते हैं, जो प्राइम मेंबर्स के मौजूदा 5प्रतिशत कैशबैक और नॉन-प्राइम मेंबर्स के 3प्रतिशत कैशबैक के अतिरिक्त है। अमेज़न पे लेटर के ज़रिए ग्राहक इस फेस्टिव सेल के दौरान 10प्रतिशत कैशबैक कमा सकते हैं और अपनी खरीदारी को आसान ईएमआई में बदलने या अगले महीने पूरा भुगतान करने का विकल्प चुन सकते हैं। प्राइम मेंबर्स योग्य खरीदारी पर अतिरिक्त 250 रुपये के कैशबैक का भी लाभ उठा सकते हैं।

जेके मैक्स पेंट्स ने पेश किया भारत का पहला नेचर लवर्स पेंट

जेके मैक्स पेंट्स, जिसे जेके सीमेंट लिमिटेड की समृद्ध विरासत और विशेषज्ञता का साथ प्राप्त है, ने सस्टेनेबल पेंट्स का नया ब्रांड जेके नैचुरल्स लॉन्च किया है। इस ब्रांड का पहला प्रोडक्ट जेके नैचुरल्स ऑरा है। भारत के पहले नेचर लवर्स पेंट के रूप में पेश किया गया यह ब्रांड घर की सुंदरता और रोजमर्रा की जिंदगी में जागरूक सोच को एक साथ लाता है। आधुनिक घरों के लिए डिजाइन किए गए जेके नैचुरल्स ऑरा लक्जरी इंटीरियर इमल्शन में 40%+ इको-फ्रेंडली सामग्री और एयर-प्यूरिफिकेशन तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही इससे प्रीमियम फिनिश भी मिलती है। लॉन्च के बारे में बात करते हुए व्हाइट सीमेंट एंड पेंट्स के बिजनेस हेड श्री नितीश चोपड़ा ने कहा, जेके मैक्स पेंट्स में हमने हमेशा ऐसे समाधान विकसित करने पर ध्यान दिया है जो ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करते हैं। जेके नैचुरल्स के साथ हम घर को सुंदर बनाने की कैटेगरी में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करके इस प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं।

कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल को मिले 2,349 करोड़ रुपये के नये ठेके

नयी दिल्ली। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल को 2,349 करोड़ रुपए के नए ठेके मिले हैं। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि उसे घरेलू बाजार में पारेषण एवं वितरण (टीएंडडी) और भवन एवं कारखाना (बीएंडएफ) क्षेत्रों में इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) से जुड़े ठेके मिले हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनीष मोहनोत ने कहा, इस मजबूत गति के दम पर वित्त वर्ष 2026-27 में अब तक मिले ठेकों की राशि 22,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। इससे हम भविष्य में सतत वृद्धि के लिए बेहतर स्थिति में हैं। कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) बिजली पारेषण एवं वितरण, भवन एवं कारखानों, जल आपूर्ति एवं उपचार, रेलवे, तेल एवं गैस बुनियादी ढांचे, शहरी परिवहन, राजमार्गों और हवाई अड्डों सहित विभिन्न क्षेत्रों में इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) समाधान उपलब्ध कराती है।

जापान का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में व्यापार घाटा 2.81 लाख करोड़ येन

तोक्यो। ईरान में युद्ध के कारण तेल आयात की कीमतें बढ़ने से जापान का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में व्यापार घाटा 2.81 लाख करोड़ येन (17.8 अरब अमेरिकी डॉलर) पर पहुंच गया। सरकार की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त मंत्रालय के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-सितंबर अवधि में जापान का निर्यात सालाना आधार पर 18.4 प्रतिशत बढ़कर 63.5 लाख करोड़ येन हो गया। वहीं, आयात 20.4 प्रतिशत बढ़कर 66.3 लाख करोड़ येन पर पहुंच गया। जापान के लिए निर्यात और आयात, दोनों का यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। तेल की कीमतों में भारी वृद्धि का असर प्लास्टिक के सामान और माल ढुलाई लागत समेत कई क्षेत्रों पर पड़ रहा है। प्राकृतिक संसाधनों की कमी वाले जापान को अपने तेल की लगभग पूरी जरूरत आयात से पूरी करनी पड़ती है। तेल की खेप मंगाने के लिए वह पश्चिम एशिया में होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली आवाजाही पर निर्भर रहा है। अब यह मार्ग लगभग बंद हो गया है और जापान को दूसरे रास्तों से तेल मंगाने के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत फरवरी में 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर हाल में करीब 100 डॉलर प्रति बैरल हो गई है। पिछले कुछ महीनों में इसका भाव 110 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर चला गया था। विश्लेषकों का कहना है कि कीमतों में जल्द राहत मिलने के आसार नहीं हैं। सितंबर में जापान का व्यापार घाटा 53,660 करोड़ येन रहा। यह लगातार पांचवां महीना था, जब देश को व्यापार घाटा हुआ। हालांकि, अगस्त के 1.1 लाख करोड़ येन के घाटे के मुकाबले इसमें कमी आई। सितंबर में जापान का आयात पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 18.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निर्यात में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। येन का कमजोर होना भी जापान के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि इससे आयात की लागत बढ़ जाती है। येन हाल में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 150 के स्तर पर बना हुआ है। बैंक ऑफ जापान ने पिछले महीने अपनी प्रमुख ब्याज दर को एक प्रतिशत से बढ़ाकर 1.25 प्रतिशत कर दिया था। यह 31 साल का उच्च स्तर है। बैंक की मौद्रिक नीति समिति अगले सप्ताह फिर बैठक करेगी।

भारत के सामने तेज वृद्धि के साथ रोजगार बढ़ाने की भी चुनौती- सुब्बाराव

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को सात प्रतिशत या उससे अधिक के स्तर पर बनाए रखने के लिए निजी निवेश बढ़ाने, अधिक रोजगार देने वाले विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, मानव पूंजी में सुधार करने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ बेहतर एकीकरण की जरूरत है। सुब्बाराव ने कहा कि चुनौती केवल तेजी से आर्थिक वृद्धि हासिल करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि वृद्धि से उत्पादकता बढ़े, अधिक रोजगार पैदा हों और अर्थव्यवस्था झटकों का सामना करने में सक्षम बने। उन्होंने कहा, पहली तिमाही में भारत की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर बताती है कि अर्थव्यवस्था कई लोगों की उम्मीद से अधिक मजबूत है। मैं मध्यम अवधि में भारत की संभावनाओं को लेकर आशावादी हूं, लेकिन निश्चिंत नहीं हूं। विश्व बैंक ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान अप्रैल के अपने अनुमान से 0.5 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया था। इसके पीछे वैश्विक चुनौतियों के बावजूद घरेलू मांग में मजबूती और निर्यात में अच्छी वृद्धि को वजह बताया गया था। सुब्बाराव ने कहा कि पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि की गति बनाए रखने में तीन कारकों की भूमिका रही। घरेलू खपत मजबूत बनी रही, बुनियादी ढांचे में सार्वजनिक निवेश ने मांग को समर्थन दिया और कुछ क्षेत्रों में निजी निवेश को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा विनिर्माण और सेवाओं, खासकर वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं का प्रदर्शन अच्छा रहा। यह पूछे जाने पर कि तेज आर्थिक वृद्धि के बावजूद पर्याप्त रोजगार क्यों नहीं पैदा हो रहे हैं, उन्होंने कहा कि समस्या यह नहीं है कि वृद्धि से रोजगार पैदा ही नहीं होते, बल्कि आर्थिक वृद्धि की संरचना भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी उसकी गति।

डालर के मुकाबले मजबूत हुई भारतीय करेंसी



मुम्बई। रुपया बुधवार को 48 पैसे मजबूत होकर छह सप्ताह के उच्च स्तर 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम से जुड़े विदेशी मुद्रा प्रवाह और डॉलर की मांग को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से रुपये पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.78 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 94.41 के उच्चस्तर तक गया और 94.82 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 48 पैसे की बढ़त है। इससे पहले भारतीय मुद्रा चार सितंबर को इसी स्तर के आसपास बंद हुई थी। रुपया सोमवार को दो पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.91 पर बंद हुआ था। दशहरा के कारण मंगलवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, आईपीओ से जुड़े विदेशी पूंजी प्रवाह और अमेरिकी डॉलर में अपेक्षाकृत कमजोरी से रुपया छह सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गया। हालांकि, घरेलू बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने रुपए की तेज बढ़त को सीमित किया।%% उन्होंने कहा कि डॉलर में कुल मिलाकर कमजोरी और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल में नरमी से रुपए में सकारात्मक रुख बने रहने के आसार हैं। चौधरी ने कहा, डॉलर के मुकाबले रुपए का हाजिर भाव 94.20 से 94.80 के दायरे में रह सकता है। गौरतलब है कि जियो प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ रुपए का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम बुधवार को अभिदान के लिए खुला। यह आईपीओ 23 अक्टूबर को बंद होगा। 1,065 से 1,119 रुपए प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाले इस निर्गम को खुलने के 100 मिनट के भीतर ही पूर्ण अभिदान मिल गया। इसके साथ ही यह अबतक का सबसे तेजी से पूरा अभिदान पाने वाला आईपीओ बन गया। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत चढ़कर 101.59 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 143.21 अंक फिसलकर 73,709.69 अंक पर जबकि निफ्टी 77.60 अंक टूटकर 22,811.35 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का भाव वायदा कारोबार में 1.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 110.96 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध रूप से 1,148.64 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे।

त्योहारी सीजन में महंगी हुई चीनी, 21 राज्यों में दाम आसमान पर



नयी दिल्ली। त्योहारी सीजन के दौरान देश में चीनी की कीमतों में तेजी से इजाफा हो रहा है, जिससे आम जनता का बजट बिगड़ गया है। हाल ही में जारी ताजा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के मुताबिक, सितंबर 2026 में देश के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 21 में चीनी की खुदरा महंगाई दर 30 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई है।
देशभर में चीनी की खुदरा महंगाई दर अगस्त 2026 के 24.27 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 29.80 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह आंकड़ा नई सीपीआई सीरीज में जनवरी 2026 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2026 में चीनी की खुदरा महंगाई दर महज 1.44 प्रतिशत थी, जो अगस्त में बढ़कर 24.27 प्रतिशत हुई और सितंबर में और उछलकर 29.80 प्रतिशत पर आ गई।
ताजा आंकड़ों के मुताबिक, ओडिशा ऐसा राज्य है जहां चीनी की कीमतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ओडिशा में चीनी की सालाना महंगाई दर 37.48 प्रतिशत तक पहुंच गई है। वहीं दूसरी ओर, राजस्थान एकमात्र ऐसा राज्य रहा जहां सितंबर में चीनी की महंगाई दर में मामूली कमी देखी गई, यहां यह आंकड़ा अगस्त के 25.65 प्रतिशत से घटकर सितंबर में 25.15 प्रतिशत रह गया।
चीनी के दामों में लगातार हो रही इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण गन्ने के उत्पादन में आई कमी और इस साल कम बारिश होना है। देश में सबसे ज्यादा गन्ने की खेती करने वाले महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में कम बारिश के कारण चीनी के उत्पादन और बाजार में उपलब्धता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

जनवरी 2026 के बाद उच्चतम स्तर पर खुदरा महंगाई खुदरा के मुकाबले थोक बाजार में थोड़ी नरमी

खुदरा बाजार के विपरीत थोक बाजार में चीनी की महंगाई दर में सितंबर महीने के दौरान कुछ गिरावट दर्ज की गई। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 में थोक चीनी महंगाई दर 16.29 प्रतिशत थी, जो सितंबर 2026 में घटकर 12.72 प्रतिशत रह गई, हालांकि यह अभी भी पिछले साल की तुलना में काफी अधिक बनी हुई है।

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि सितंबर में बढ़कर 7.9 प्रतिशत

नयी दिल्ली। लौह अयस्क, बिजली और सीमेंट क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन से आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में सितंबर 2026 में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक साल पहले इसी महीने में यह वृद्धि 3.1 प्रतिशत थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 में इन प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही थी। विभिन्न क्षेत्रों में लौह अयस्क के उत्पादन में 18.4 प्रतिशत, बिजली में 11.4 प्रतिशत, कोयले में 10.7 प्रतिशत और रिफाइनरी उत्पादों में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सीमेंट उत्पादन पिछले साल की समान अवधि की तुलना में सितंबर में 9.8 प्रतिशत और इस्पात उत्पादन 4.9 प्रतिशत बढ़ा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि सितंबर 2026 में उर्वरक, प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। मंत्रालय ने बताया कि अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की संचयी वृद्धि दर 5.1 प्रतिशत रही, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 2.5 प्रतिशत थी।

टमाटर के दाम में बड़ी गिरावट से किसान परेशान, 65 प्रतिशत तक गिरे भाव

नयी दिल्ली। टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। महाराष्ट्र की प्रमुख थोक मंडियों में से एक पिंपलगांव एपीएमसी में टमाटर के दाम एक सप्ताह के भीतर करीब 65त्न तक टूट गए हैं। बढ़ती आवक और कमजोर मांग के चलते थोक कीमतें 20 किलो के एक क्रेट के लिए 321 रुपए से गिरकर महज 111 रुपए रह गई हैं। इससे खेती की बढ़ती लागत से जूझ रहे किसानों के सामने अपनी उपज का उचित दाम पाने की चुनौती खड़ी हो गई है। वहीं, खुदरा बाजार में भी टमाटर सस्ता हुआ है। नासिक में सोमवार को टमाटर करीब 20 रुपए प्रति किलो बिक रहा था, जबकि एक सप्ताह पहले इसकी कीमत लगभग 40 रुपए प्रति किलो थी यानी खुदरा कीमतों में भी करीब 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिंपलगांव एपीएमसी में पिछले सप्ताह से रोजाना करीब 3 लाख से 3.75 लाख क्रेट टमाटर पहुंच रहे हैं। बाजार में सप्लाई बढ़ने के मुकाबले मांग कमजोर रहने से कीमतों पर भारी दबाव बना हुआ है। एपीएमसी के एक अधिकारी के अनुसार, मंडी में टमाटर की आवक लगातार अधिक बनी हुई है।
इसके चलते अलग-अलग गुणवत्ता के टमाटरों की कीमतों में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। सोमवार को एक क्रेट की कीमत गुणवत्ता के आधार पर 20 रुपए से 331 रुपए तक रही। खराब गुणवत्ता वाले टमाटर करीब 1 रुपए प्रति किलो के भाव पर बिके, जबकि बेहतर गुणवत्ता वाले टमाटरों का भाव लगभग 16.55 रुपए प्रति किलो तक पहुंचा। पिंपलगांव एपीएमसी में 12 अक्टूबर को 20 किलो के एक क्रेट की औसत थोक कीमत 321 रुपए थी। सोमवार तक यह घटकर 111 रुपए रह गई।
इस तरह किसानों को मिलने वाले थोक भाव में करीब 65.4 प्रतिशत की गिरावट आई है। कीमतों में इस तेज गिरावट से उन किसानों की परेशानी बढ़ गई है, जिन्हें बीज, खाद, कीटनाशक, मजदूरी और परिवहन जैसी लागतों पर पहले ही अधिक खर्च करना पड़ रहा है।
व्यापारियों के मुताबिक, तापमान अधिक रहने से टमाटर सामान्य से जल्दी पक रहे हैं। इससे कम समय में बड़ी मात्रा में उपज मंडियों तक पहुंच रही है और सप्लाई का दबाव बढ़ गया है। जब बड़ी मात्रा में टमाटर एक साथ बाजार में पहुंचते हैं, तो मांग के मुकाबले आपूर्ति बढ़ने पर कीमतों में तेज गिरावट आ सकती है। टमाटर जल्दी खराब होने वाली फसल है, इसलिए किसानों और व्यापारियों के पास लंबे समय तक स्टॉक रखने का विकल्प भी सीमित रहता है। मांग में कमी भी कीमतों में गिरावट की एक बड़ी वजह है। एपीएमसी अधिकारियों ने नवरात्र के दौरान कारोबार में सुस्ती और कमजोर निर्यात मांग का जिक्र किया। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख उपभोक्ता राज्यों में स्थानीय टमाटर की सप्लाई उपलब्ध होने से नासिक के टमाटरों की मांग प्रभावित हुई है। इस स्थिति में महाराष्ट्र के उत्पादकों को दूसरे राज्यों के बाजारों में अपनी उपज बेचने के लिए कम अवसर मिल रहे हैं, जिससे कीमतों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। खुदरा कारोबारियों के मुताबिक, थोक कीमतों में गिरावट का असर दुकानों पर दिखने में आमतौर पर एक से दो दिन लग सकते हैं। यदि मंडियों में आवक अधिक बनी रहती है और मांग में सुधार नहीं होता, तो खुदरा कीमतों में और कमी आने की संभावना है। हालांकि, आने वाले दिनों में टमाटर के भाव किस दिशा में जाएंगे, यह मंडियों में आवक, मौसम, स्थानीय मांग और अन्य राज्यों से मिलने वाले ऑर्डर पर निर्भर करेगा।

दैनिक मंडी समीक्षा

नयी दिल्ली। फ्लोर मिलों की मांग बढने से गेहूं की कीमतों में 15/25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी हुई। ग्राहकी निकलने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। दाल मिलों की मांग कमजोर होने से मसूर व चने की कीमतों में 100/125 रुपये क्विंटल की गिरावट रही। बिकवाली कमजोर होने से काबली चना व राजमा के भाव 200/300 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। खाद्य तेलों में आपूर्ति कमजोर होने से तिल तेल के भाव 400 रुपये प्रति क्विंटल तेज हो गए। जबकि दूसरी ओर उठाव न होने से राइसब्रान ऑयल व बिनौला तेल के भाव 100/200 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। साबुन निर्माताओं की मांग घटने से सोया एसिड ऑयल की कीमतों में 250/350 रुपये क्विंटल की गिरावट रही। आवक बढने से गुड़ के भाव 100/200 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। जबकि उठाव न होने से चीनी में नरमी की रुख रहा। किराना जिंसों में मांग बढने से काली मिर्च के भाव 15/20 रुपये प्रति किलो तेज हो गए। जबकि मुनाफा वसूली आने से धनिया-जीरा व हल्दी के भाव 200/700 रुपये प्रति क्विंटल घट गए। मेवों में मांग बढने से बादाम गिरी की कीमतों में 10 रुपये तेज हो गई।

अनाज-दाल

फ्लोर मिलों की मांग निकलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली कमजोर होने से गेहूं 15/20 रुपये बढ़कर मिल डिलीवरी 3075/3085 रुपये तथा चक्की पहुंच के भाव 3090/3100 रुपये प्रति क्विंटल हो गए। गेहूं में तेजी का रुख होने के कारण मिलों की बिकवाली कमजोर होने से आटा 20 रुपये बढ़कर 1685/1695 रुपये, मैदा 1715/1720 रुपये तथा सूजी के भाव 1845/1855 रुपये प्रति 50 किलो हो गए। निर्यातकों की मांग बढने तथा राइस मिलों की बिकवाली सुस्त पडने से बासमती चावल के भाव 100 रुपये बढ़कर 1121 चावल सेला 10100/10200 रुपये, स्टीम 10600/10700 रुपये तथा 1509 चावल सेला 8400/8500 रुपये एवं 1401 स्टीम 9900/10100 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। कैटलफीड निर्माताओं की मांग कमजोर होने से कमजोर होने से 100 रुपये घटकर 5900/5925 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। मांग के अभाव में मसूर दाल भी 200 रुपये घटकर 6800/10500 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। जबकि आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से राजमा चित्रा 200 रुपये बढ़कर ब्राजील इंडियन



बाजरा 50 रुपये मुलायम होकर 2575/2600 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। दाल मिलों की मांग कमजोर होने से चना 100/125 रुपये घटकर 7350/7400 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। कनाडा की मसूर भी मांग 13000/13300 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। काबली चना भी स्टाकिस्टों की बिकवाली घटने से महाराष्ट्र का 8700/8800 रुपये प्रति क्विंटल रह गया।

तेल-तिलहन

सप्लाई कमजोर होने तथा मांग बढने से तिल तेल 400 रुपये तेज होकर 20500 रुपये क्विंटल हो गया। जबकि ऊंचे भाव पर ग्राहकी का समर्थन न मिलने से राइसब्रान ऑयल 100 रुपये मुलायम होकर 12750 रुपये तथा बिनौला तेल 200 रुपये घटकर 15050 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। वनस्पति घी निर्माताओं की मांग सुस्त पडने से कांदला में सीपीओ के भाव 20 रुपये गिरकर 11980 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। साबुन निर्माताओं की मांग घटने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली से सोया एसिड ऑयल 300/350 रुपये घटकर 9700/9800 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। अरंडी तेल भी मांग कमजोर होने से पूर्व स्तर पर टिकी रही।

गुड़-चीनी

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मंडियों से नए मालों की आवक बढने तथा मांग कमजोर होने से गुड़ 100/200 रुपये घटकर पेड़ी 5400/5500 रुपये तथा ढैया के भाव 5900/6000 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। उठाव न होने से शक्कर के भाव भी 6100/6200 रुपये प्रति क्विंटल पर सुस्त रहे। जबकि चीनी में ग्राहकी का समर्थन न मिलने तथा स्टाकिस्टों की बिकवाली से चीनी हाजिर 100/200 रुपये मुलायम होकर 5700/6000 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

किराना-मेवे

ग्राहकी निकलने तथा बिकवाली कमजोर होने से सौंठ 1500 रुपये बढ़कर 34000/36500 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। पूछपरख बढने से काली मिर्च के भाव भी 15/20 रुपये बढ़कर 800/850 रुपये प्रति किलो हो गए। जबकि मुनाफा वसूली आने से धनिया 200 रुपये घटकर बादामी 17800/18100 रुपये तथा ग्रीन माल 19100/21200 रुपये प्रति क्विंटल रह गए। हल्दी भी उठाव न होने से 700 रुपये घटकर ईरोड गट्ठा 22700/22800 रुपये तथा सेलम फली के भाव 23600/29100 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। मेवों में त्योहारी मांग निकलने तथा आयातकों की बिकवाली कमजोर होने से बादाम गिरी कैलिफोर्निया 10 रुपये तेज होकर 1060/1160 रुपये प्रति किलो हो गई। अन्य मेवों में भी बिकवाली कमजोर होने से मजबूती का रुख रहा।

सर्राफा

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बुलियन की कीमतों में नरमी का रुख होने तथा मांग कमजोर होने से सोने के भाव 2300 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा चांदी के भाव 3000 रुपये प्रति किलो नीचे आ गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निवेशकों की लिवाली कमजोर होने से सोना 4178 से घटकर 4125 डॉलर प्रति ओंस रह जाने से सोना 2300 रुपये घटकर किलोबार 148100 रुपये तथा स्टैंडर्ड 148850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 8 ग्राम वाली गिन्नी भी मांग कमजोर होने से 1000 रुपये घटकर 111000 रुपये रह गई। विदेशों में चांदी के भाव भी 5740 सेंट प्रति ओंस बोले जाने तथा मांग सुस्त पडने से चांदी हाजिर 3000 रुपये घटकर 214000 रुपये प्रति किलो रह गई। स्टोरिया लिवाली के अभाव में चांदी वायदा 211800 रुपये से गिरकर 209000 रुपये प्रति किलो रह गया।

नवरात्रि में ऑटो रिटेल बिक्री में बढ़ोतरी

नयी दिल्ली। नवरात्रि के 9 दिनों के दौरान ऑटोमोबाइल रिटेल बिक्री में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी तब हुई है, जब 2025 में त्रस्ञ्ज में कटौती और लंबे समय से रुकी हुई मांग के कारण खरीदारी में भारी उछाल आया था, जिससे उस समय का आधार (बेस) काफी ऊंचा हो गया था। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस के शुरुआती आंकड़ों के अनुसार नवरात्रि की इस अवधि में पैसेंजर वाहनों (कारों आदि) की बिक्री में 14 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। 11 से 19 अक्टूबर के बीच कुल ऑटोमोबाइल रिटेल बिक्री 10.32 लाख यूनिट रही, जबकि पिछले साल नवरात्रि के शुरुआती नौ दिनों (22 से 30 सितंबर) में यह आंकड़ा 10.12 लाख यूनिट था। दोपहिया वाहनों की बिक्री 6 प्रतिशत बढ़कर 7,59,684 यूनिट हो गई, जो ग्रामीण इलाकों में लगातार मजबूत मांग को दर्शाती है।

हर्षोल्लास के साथ मना विजयदशमी का पर्व, रावण का हुआ दहन

चंदौली । जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में दुर्गापूजा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, तत्पश्चात बुधवार को मूर्ति विसर्जन किया गया। **पड़ाव प्रतिनिधिनुसार**- क्षेत्र में भव्य एवं पारंपरिक शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में 'जय श्रीराम' और 'जय माता दी' के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा का शुभारंभ कटेसर स्थित शिव मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं गंगा आरती के बाद हुआ। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी की आकर्षक झांकियों से सजे रथ शोभायात्रा के प्रमुख आकर्षण रहे। शोभायात्रा के मुख्य मार्गों से गुजरने के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में पारंपरिक ढोल-नगाड़े, नासिक ढोल, बैंड-बाजे और लोक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। रामलीला मंडलियों के कलाकारों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों और भरत मिलाप का सजीव मंचन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। **चकिया प्रतिनिधिनुसार**- विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को नगर स्थित मां काली जी के पोखरे पर 62 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान पचवनिया प्रखंड रामलीला समिति के कलाकारों ने राम-रावण युद्ध का सजीव मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रावण दहन देखने के लिए नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पूरा मेला परिसर दर्शकों की भीड़ से गुलजार रहा। वहीं, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सहदुल्लापुर की ओर से भरत मिलाप का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता जानकी और पवनसुत हनुमान की झांकी सजाई गई। पूर्व विधायक शिव तपस्या पासवान ने सभी पात्रों का पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। दशहरा मेले के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार चौहान के नेतृत्व में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता झांकी भी निकाली गई। इसके माध्यम से लोगों को महिला सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता का संदेश दिया गया। **सकलडीहा प्रतिनिधिनुसार**- दुर्गा पूजा सेवा समिति की ओर से लगातार कई वर्षों से रामलीला और दशहरा पर रावण दहन का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था। बीते दो साल से सकलडीहा में दोनों कार्यक्रम बंद होने से लोगों में आक्रोश है। ताजपुर के एम्ब्रोसिया स्कूल के खेल ग्राउंड में दशहरा पर राम लक्ष्मण संवाद के साथ रावण का पुतला दहन कार्यक्रम भव्य तरीके से किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। करीब 7 बजे 40 फीट उंची रावण की प्रतिकात्मक पूतला दहन के बाद छात्रों ने जय श्रीराम के नारे लगाये।







एयर-शो को सुरक्षित संपन्न कराने को लेकर मंथन

चंदौली। नमो घाट, वाराणसी में आयोजित होने वाले एयर शो का आयोजन 22, 24 और 25 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित है। इस भव्य एयर शो को सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने पड़ाव स्थित जयपुरियां स्कूल में जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन एवं सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ रूट मैप, पार्किंग स्थल एवं अन्य महत्वपूर्ण की ब्रिफिंग डीआईजी वाराणसी परिक्षेत्र वैभव कृष्ण, जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग, पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल की उपस्थिति में आयोजित हुई। प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक के दौरान एयर शो देखने आने वाली आम जनता की सुरक्षा, यातायात प्रबंधनए भीड़ नियंत्रण और विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एयर शो के दौरान दर्शकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होए इसके लिए पुख्ता सुरक्षा घेरा और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिये गये। डुमरी, सुजाबाद और कटेसर, बहादुरपुर एवं आस-पास तक सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और दर्शकों की सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कार्यक्रम के दौरान राजघाट पुल एवं सामने घाट पुल से वाराणसी की ओर जाने वाले वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। जनपद चंदौली के थाना मुगलसराय एवं थाना अलीनगर क्षेत्र से आने वाले वाहन चालक उक्त दोनों पुलों का प्रयोग कर वाराणसी जाने से बचें तथा निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। एयर शो देखने आने वाले दो पहिया वाहनों की पार्किंग-गंगा नदी रिंग रोड पुल के मवई शिवाला अंडरपास से केवल दोपहिया वाहन बहादुरपुर रोड पर निर्धारित पार्किंग स्थल की ओर जाएंगे तथा अपने वाहन वहीं खड़े करेंगे। दोपहिया वाहन चालक निर्धारित मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था का पालन करें।



वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन

चंदौली। भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा समस्त भारत वर्ष में जनसुरक्षा संस्तृप्तिकरण अभियान शुभारंभ 21दिसम्बर से 31दिसम्बर किया गया है । इसके तत्वाधान में आज अजहा ग्रामपंचायत में बृहद वित्तीय समावेशन का शिविर लगाया गया । जिसमें भारत सरकार द्वारा चलाए गए विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं जैसे कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना , अटल पेंशन योजना , प्रधानमंत्री जनधन खाता , आपकी पूंजी आपका अधिकार, के.सी.सी., फसल बीमा योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई । इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक से अग्रणी जिला अधिकारी, नाबार्ड से जिला विकास मैनेजर , चंदौली जिले के अग्रणी जिला प्रबंधन ,यूनियन बैंक के बबुरी शाखा के प्रबन्धक , आरसेटी निदेशक बैठक में उपस्थित रहें ।

पड़ाव चौराहे के पास अचेत मिले अजय की अस्पताल में मौत

पड़ाव। सोमवार की सुबह नौ कन्याओं को भोजन कराकर पूजन-अर्चन करने वाले सुजाबाद निवासी 50 वर्षीय अजय सेठ की सोमवार रात मौत हो गई। रात करीब नौ बजे वह पड़ाव चौराहे के पास अचेत अवस्था में पड़े मिले। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह अजय सेठ ने नौ कन्याओं को भोजन कराकर पूजन-अर्चन किया था। वहीं, रात में पड़ाव चौराहे के पास उनके अचेत अवस्था में पड़े मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने फोटो दिखाकर उनकी पहचान कराई और परिजनों को सूचना दी। मृतक की पहचान सुजाबाद निवासी अजय सेठ के रूप में हुई। सूचना मिलते ही उनकी पत्नी रेखा और बेटे भोला 19 वर्ष व बॉबी 12 वर्ष सहित परिजन पहुंचे। मृतक का तीसरा बेटा राजा 23 वर्ष मुंबई में रहता है। पिता की मौत की सूचना मिलने पर वह भी मुंबई से घर के लिए रवाना हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले में अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

संक्षिप्त

रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अज्ञात महिला का शव

दुलहीपुर। क्षेत्र के व्यासनगर रेलवे स्टेशन के समीप पोल के पास बुधवार की सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात महिला उम्र 25 वर्ष का शव पाया गया। जिसकी सूचना पाकर आरपीएफ व्यासनगर और काशी जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। महिला का शव को कब्जे में लेकर आसपास गांव के ग्रामीणों से पूछताछ कर शिनाख्त करने का प्रयास किया। शिनाख्त नहीं हो पाने के उपरांत जीआरपी पुलिस काशी ने महिला के शव को कब्जे में लेकर अपने अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई। महिला के देखने के उपरांत किसी ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु हुई है। परंतु किस ट्रेन से हुई है इसकी जानकारी नहीं हो पा रही है।

६.५ कुंतल गौमांस बरामद, फरार आरोपी गिरफ्तार

मुगलसराय। अलीनगर पुलिस ने 6 कुंतल 500 ग्राम गौमांस बरामदगी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे मुगलसराय के कसाब मोहल्ला स्थित स्लाटर हाउस के पास से पकड़ा। गौरतलब है कि 17 अक्टूबर को पुलिस ने इनोवा गाड़ी से 6.5 कुंतल गौमांस और दो चापड़ बरामद किए थे। मामले में आरोपी फैयाज कुरैशी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि वाहन चालक गुड्डू की तलाश जारी है। प्रभारी निरीक्षक गगनराज सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

भगवान राम, भाई लक्ष्मण का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत



कमालपुर। स्थानीय कस्बा के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज प्रांगण में बरसों पुराने लगने वाला मेला में एक तरफ प्रभो श्रीराम लक्ष्मण तथा हनुमान जी बैठे हुए थे वही दूसरी तरफ माता सीता जी बैठी हुई थी। रावण का विशाल पुतला रखा गया था। मेले में आने वाले राम, लक्ष्मण और हनुमान जी और माता सीता को माला फूल पहनाकर, चढ़ाना चढ़ा कर पैर स्पर्श कर आशीर्वाद लिए। मेले में क्षेत्रीय लोगों की बहुत बड़ी भीड़ रही। कालेज के गेट पर पुलिस काफी सतर्क रही। मेले के अंदर प्रवेश करने तथा बाहर निकलने का एक ही रास्ता है जिसे लेकर पुलिस को काफी सिर दर्द रहा। अनहोनी, होनी को देखते हुए धीना थाना तथा चौकी पुलिस काफी सक्रिय रही। मंचन के दौरान राम रावण के बीच होने वाला महा संवाद दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण रहा। लंकापति रावण का संवाद उसके अगाध ज्ञान और बल के प्रचंड अलंकार को दर्शाए गए। दूसरी तरफ प्रभु श्री राम के गंभीर संवाद और उपदेश जनमानस को धैर्य, मर्यादा और धर्म के मार्ग पर चलने की सीख दे रहे थे। विजयदशमी का पर्व केवल एक मेला नहीं, बल्कि हमारे भीतर छिपे अहंकार और बुराइयों के अंत का संदेश है। शाम छ: बजे रावण के पुतले का प्रभो श्रीराम के हाथों से अंत किया गया। श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण जी का मिलन हुआ । मेला का समापन किया गया। सभी लोग अपने घर को वापस लौट गए।

पुलिस बल के वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

चन्दौली। पुलिस अधीक्षक आकाश पटेल द्वारा पुलिस लाइन चन्दौली में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर अपने कर्तव्य पथ पर बलिदान हुए भारतीय पुलिस बल के वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उन्होंने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारीगण को शहीद वीर जवानों की शौर्य गाथा बताते हुए कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राणों का उत्सर्ग कर देने वाले बहादुरों का बलिदान सदैव हमें अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा देता है। आइए उन बहादुरों को 'शत्-शत् नमन' करें जिनके लिए अपने कर्तव्य का पालन प्राणों से भी अधिक प्रिय रहा। इन वीर जवानों से हम सभी सदैव अपने कर्तव्य व दायित्व को मन-वचन-कर्म से पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा लें।

एयर-शो को लेकर २५ तक नो-एंट्री लागू

चंदौली। एयर शो के मद्देनजर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए 21 से 25 अक्टूबर तक विशेष नो-एंट्री प्लान लागू किया गया है। इसके तहत कोयला मंडी, लंका मैदान, कटेसर, रामनगर और पड़ाव-मुगलसराय मार्ग पर ट्रक समेत भारी और मालवाहक वाहनों के आवागमन को लेकर प्रतिबंध निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित यातायात व्यवस्था के अनुसार, कोयला मंडी से पड़ाव होते हुए रामनगर की तरफ कोई भी ट्रक या भारी वाहन नहीं जा सकेगा। इस मार्ग पर रात 12 बजे से सुबह पांच बजे तक नो-एंट्री में छूट दी जाएगी। इसी प्रकार लंका मैदान से कटेसर होते हुए कोयला मंडी की तरफ भी ट्रक और भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इस मार्ग पर भी रात 12 बजे से सुबह पांच बजे तक छूट निर्धारित की गई है। दिन के समय कोयला मंडी और लंका मैदान, दोनों तरफ से नो-एंट्री का सख्ती से पालन कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त लंका मैदान से चकिया तिराहा होते हुए पड़ाव-मुगलसराय की तरफ किसी भी मालवाहक या भारी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए ट्रक व्यापारियों और चालकों से निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की गई है। साथ ही कोयला मंडी क्षेत्र में किसी भी ट्रक या भारी वाहन को मुख्य मार्ग अथवा सर्विस रोड पर खड़ा नहीं करने को कहा गया है। प्रशासन की ओर से निर्धारित व्यवस्था का उद्देश्य एयर शो के दौरान यातायात बाधित होने से रोकना तथा आमजन की आवाजाही को सुगम बनाए रखना है।

धम्म यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, बुद्ध के संदेशों से गूंजा चकिया

चकिया। अशोक विजय धम्म दिवस के अवसर पर चकिया क्षेत्र में भव्य धम्म यात्रा निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान तथागत गौतम बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। भीषमपुर स्थित बुद्ध चौराहे से यात्रा का शुभारंभ सांसद छोटेलाल खरवार ने किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। धम्म यात्रा भीषमपुर से शुरू होकर गनेशपुर, गायघाट, भंगड़ा, मुजफ्फरपुर, चकिया और सैदूपुर होते हुए तिलौरी स्थित सम्राट लॉन पहुंची। यहां कार्यक्रम का समापन किया गया। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों में उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता से पूरा आयोजन भव्य और आकर्षक बन गया। यात्रा के माध्यम से शांति, करुणा, समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सांसद छोटेलाल खरवार ने भगवान गौतम बुद्ध और महान सम्राट अशोक की प्रतिमा स्थापना के लिए 75 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने भगवान बुद्ध के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मस्तराम मौर्य, डॉ. प्रदीप मौर्य, ग्राम प्रधान अरविंद गुप्ता, टोनी खरवार, सदर मुस्ताक खान, चंदन पाल, रामविलास मौर्य, बबलू खान, रिंकू मौर्य, प्रभु, श्रीकांत मौर्य, विजयी मौर्य, शैलेंद्र कुमार, मनोज राम, लकडू राम, देवा मौर्य, रामआशीष यादव, प्रताप यादव, रोहित मेहता, काजू और निखिल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।



सचिव ने वाराणसी कारागार का किया निरीक्षण

चंदौली। माननीय कार्यकारी जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली अशोक कुमार ११ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली के पूर्णकालिक सचिव श्रीमती निकिता गौड़ द्वारा 21 अक्टूबर को जिला कारागार वाराणसी निरीक्षण किया गया। जेलर सुरेश बहादुर सिंह एवं डिप्टी जेलर शिवपूजन मिश्रा, एवं सत्यम मिश्रा तथा जेल के अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। सचिव द्वारा महिला एव पुरूष बैरकों का निरीक्षण किया गया, महिला बंदियों से पूछने पर महिला बंदियों द्वारा बताया गया कि उन्हे किसी प्रकार की कोई समस्या नही है, इसी क्रम में जेल अस्पताल में बन्दियों के ईलाज तथा दवाईयों का भी निरीक्षण किया गया, सचिव द्वारा चिकित्सकों को निर्देश दिया गया कि बंदी मरीजों को समय पर दवा दी जाये। सचिव द्वारा पाकशाला में भोजन के गुणवत्ता व स्वच्छता पर ध्यान देने के निर्देश दिये। जेल में निरूद्ध महिला बन्दियों की समस्याओं के बारे में भी जाना तथा उनके साथ रह रहे बच्चों के शिक्षा की भी जानकारी ली। साथ ही बंदियों को फ्री लीगल एडवाईजरी के बारे में जानकारियां दी। उन्होने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि कानूनी सहायता लेने के इच्छुक बंदियों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराए। ताकि ऐसे लोगो को कानूनी सहायता दी जा सके।

दुर्गा पूजा सिर्फ पूजा नहीं,समाज को जोड़ने का पर्व-अश्वनी

दुल्हीपुर। क्षेत्र के डाडी गांव में दुर्गा पूजा पंडाल में प्रमुख समाजसेवी अश्वनी शुक्ला और सलमा किन्नर का हुआ जोरदार स्वागत व सम्मान किया गया । दुल्हीपुर क्षेत्र के डाडी गांव के समीप स्थित भव्य दुर्गा पूजा पंडाल में बीती रात एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी अश्वनी शुक्ला और सलमा किन्नर का स्थानीय लोगों द्वारा जोरदार स्वागत और सम्मान किया गया। जैसे ही अश्वनी शुक्ला और सलमा किन्नर जी पंडाल परिसर में पहुंचे, आयोजकों और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। पंडाल में माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमा के समक्ष दोनों ने दर्शन-पूजन किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पंडाल को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और भव्य सजावट से सजाया गया था। मां दुर्गा, भगवान गणेश, भगवान कार्तिकेय सहित अन्य देवी-देवताओं की मनमोहक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल छाया रहा। इस अवसर पर अश्वनी शुक्ला ने कहा कि दुर्गा पूजा सिर्फ पूजा नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का पर्व है। सभी वर्गों का एक साथ माँ के दरबार में आना ही सच्ची भक्ति है। उन्होंने डाडी गांव के लोगों के प्यार और सम्मान के लिए आभार जताया। वहीं सलमा किन्नर ने भी सभी का अभिवादन स्वीकार किया और कहा कि माँ दुर्गा सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें। उनके आशीर्वाद से उपस्थित लोगों ने खुशी जाहिर की। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने दोनों अतिथियों के साथ फोटो खिंचवाकर इस पल को यादगार बनाया। लोगों ने कहा कि अश्वनी शुक्ला जी हमेशा सामाजिक कार्यों में आगे रहते हैं और सलमा किन्नर का आशीर्वाद क्षेत्र के लिए शुभ माना जाता है। कार्यक्रम देर रात तक सौहार्दपूर्ण वातावरण में चलता रहा। अंत में सभी ने जय माता दी के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया।



किसानों ने किया किसान दिवस का बहिष्कार

चंदौली। किसान दिवस में जिले के अधिकांश विभागीय अधिकारियों और सक्षम जिला स्तरीय अधिकारी की अनुपस्थिति से नाराज किसानों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की गैरमौजूदगी में उनकी समस्याओं का समाधान कैसे होगा। बैठक का संचालन सूचना अधिकारी भीम लाल कर रहे थे। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सतीश सिंह,, किसान विकास मंच के जिलाध्यक्ष राम अवध सिंह, संयुक्त मजदूर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष पिंटू पाल समेत किसान नेता दीनानाथ श्रीवास्तव, रतन सिंह, मुन्ना सिंह और शेषनाथ सहित अन्य किसानों ने नाराजगी जताई। किसानों ने मांग की कि जब तक डीएम स्वयं किसान दिवस की अध्यक्षता नहीं करेंगे, वे बैठक में शामिल नहीं होंगे। भारतीय किसान यूनियन के वाराणसी मंडल प्रवक्ता मणि देव चतुर्वेदी ने कहा कि धान की बिक्री और गेहूं की बुवाई के समय किसान दिवस बेहद महत्वपूर्ण है।

ओमप्रकाश राजभर पर टिकट बेचने का आरोप

चंदौली। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बड़ा झटका लगा है। अपने संघर्ष, निष्ठा व समर्पण से सुभासपा को सींचने वाले दर्जनों पदाधिकारियों ने दहशरे के दिन पार्टी प्रमुख व सूबे के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी। आरोप लगाया कि जिस उद्देश्य से सुभासपा का गठन किया गया था वह अपने उद्देश्यों से भटक चुकी है। पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती दिलाने से लगायत पार्टी अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को कैबिनेट मंत्री बनाने में जिन कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने खून-पसीना बहाया। आज पार्टी के पास ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए समय नहीं है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के चंदौली जिले के प्रतिनिधि बबलू राजभर ने आरोप लगाया कि ओमप्रकाश राजभर को राजभर समाज सहित आमजनता के हितों से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। अब उन्हें न तो जनता का दर्द दिखता है और ना ही अपने स्वजातीय बंधुओं का विकास ही उनकी प्राथमिकता में है। यही वजह है कि आज सड़क, नाली, आवास व खड़ंजा जैसी छोटी-मोटी जनहित से जुड़ी समस्याएं दूर नहीं हो पा रही है। इन्हीं मुद्दों वादों के साथ ही राजभर समाज व दलित वर्ग ने इन्हें वोट व चंदा देकर सरकार का हिस्सा बनाया, लेकिन पद-प्रतिष्ठा पाते ही वह संगठन और स्वजातीय बंधुओं को पूरी तरह से भूल गए है।

कन्याओं की पूजा के साथ आश्रम, मठ पर भंडारा

सकलडीहा। शारदीय नवरात्रि की पूजा के समापन पर मंदिर और मठ में देवी शक्ति का पूजा अर्चना के साथ भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर अभेद आश्रम के चन्द्रशेखर साधू ने विधि विधान से पूजा हवन कराया। वही सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने आश्रम और पंडालों में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। टिमिलपुर के अभेद आश्रम में नौ कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा-अर्चना की गई तथा धार्मिक परंपराओं के अनुसार उनका पूजन अर्चन किया गया। नौरात्रि के इस पावन पर्व पर संत चंद्रशेखर साधु महाराज ने कन्या पूजन के माध्यम से श्रद्धा भक्ति और नारी सम्मान का भी संदेश दिया। मां दुर्गा से सभी के सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना भी किया। दूर दराज से आये हुए भक्तों ने कन्या पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा चतुर्भुजपुर में संत डगरिया सरकार के आश्रम में नौ दिवसीय अखंड भजन कीर्तन के समापन पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। वही सकलडीहा कस्बा के कोतवाली गली में मूर्ति विसर्जन से पूर्व दोपहर 12 बजे से रात्र आठ बजे तक प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह, भाजपा नेता अम्बरीश सिंह भोला, अमित जायसवाल, आकाश मोदनवाल, अंबर जायसवाल, सुनील रस्तोगी, विनोद नागे, सत्यप्रकाश यादव पुत्तुल, नरेन्द्र जायसवाल, संजय जायसवाल, विजेन्द्र यादव, चाखन यादव , कमला प्रसाद, सुभाष चौहान, जीता सिंह, अनिमेष श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला पथ संचलन यात्रा

चकिया। नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से बुधवार की दोपहर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन यात्रा निकाली गई। इसमें संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। संघ की धुन पर कदम से कदम मिलाकर चलते स्वयंसेवकों ने अनुशासन,एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी पार्क तिराहा, सहदुल्लापुर, तिलौरी, वार्ड नंबर एक, आदित्य नारायण राजकीय इंटर कॉलेज और डाकखाना होते हुए पुन: गांधी पार्क के रास्ते सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान स्वयंसेवक कतारबद्ध होकर अनुशासित ढंग से आगे बढ़ते रहे। पथ संचलन मार्ग पर नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। यात्रा को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। पूरे मार्ग पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य समाज में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सेवा और आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत करना है। ऐसे आयोजन स्वयंसेवकों में संगठनात्मक एकता और समाज के प्रति कर्तव्यबोध जागृत करते हैं। उन्होंने समाजहित में कार्य करने और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान विधायक कैलाश आचार्य, चेयरमैन गौरव श्रीवास्तव, अशोक द्विवेदी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अवध बिहारी मिश्रा, डॉ प्रदीप मौर्या, परितोष गुप्ता सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नाले की सफाई न होने से नाराज वार्डवासियों का प्रदर्शन

पड़ाव। पड़ाव से बहादुरपुर मार्ग पर स्थित सुजाबाद वार्ड में नाले की सफाई नहीं होने से नाराज वार्डवासियों ने नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सड़क और घरों के दरवाजे पर जमा नाले के गंदे पानी में खड़े होकर लोगों ने अपनी नाराजगी जताई और समस्या के स्थायी समाधान की मांग की। वार्डवासियों का कहना है कि पिछले करीब दो महीने से नाले का पानी सड़क और घरों के दरवाजे तक जमा हो रहा है। इसको लेकर कई बार संबंधित विभाग से शिकायत की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। अब तक नाले की समुचित सफाई नहीं कराई गई, जिससे लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों के मुताबिक, रोजाना सुबह और शाम के समय मशीन मंगाकर नाले का पानी निकाला जाता है। मशीन से पानी निकालने के कुछ समय बाद स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर नाला चोक हुआ है, यदि वहां समुचित सफाई करा दी जाए तो समस्या का स्थायी समाधान हो सकता है। बार-बार मशीन से पानी निकालने के बजाय नाले की रुकावट दूर करने की जरूरत है। वार्डवासियों ने बताया कि इन दिनों एयर शो होने वाला है और सुजाबाद क्षेत्र से बहादुरपुर घाट की ओर जाने वाला मार्ग भी इसी क्षेत्र से जुड़ा है। ऐसे में सड़क पर नाले का गंदा पानी जमा रहना लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द कार्रवाई कर मार्ग को साफ-सुथरा कराने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में सुभाष गुप्ता, ललन यादव उर्फ कल्लू, डॉ. कमलेश कुमार पाण्डेय, पप्पू साहनी, शौकत अली, मंगल कनौजिया, सुदामा साहनी, बबलू यादव, सोनू केशरी, संतोष कुमार गुप्ता, दिलीप सेठ, कालीचरण यादव, संजय कुमार गुप्ता, बचाऊ यादव, राधेश्याम यादव, अफजाल अहमद, कल्लू गुप्ता, वारिस, मिस्टर खां और बछरू यादव सहित अन्य वार्डवासी मौजूद रहे।



ट्रक चालक का पेड़ से लटका मिला शव

फोरेंसिक टीम, पुलिस ने घटना की जांच कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में बुधवार सुबह हाइवे से तीन सौ मीटर दूर लक्ष्मी पेट्रोल पंप के पीछे सीवान में आम के पेड़ में एक व्यक्ति का शव लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लालगंज थाना क्षेत्र के थर परसिया गांव निवासी उमा कृष्ण दुबे के बड़े पुत्र 50 वर्षीय भोलानाथ दुबे मध्यप्रदेश के रीवा से मंगलवार दोपहर अपने पैतृक गांव थर परसिया के लिए निकले थे लेकिन देर रात तक घर नहीं पहुंचे।भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में बुधवार सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ की डाली में करीब फीस फुट ऊंचे नायलान की रस्सी से अधेड़ व्यक्ति का शव लटकता देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। आम के पेड़ में शव लटका मिलने की खबर मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर मृतक के पिता उमा कृष्ण दुबे स्वजनों के साथ रोते बिलखते हुए घटना स्थल पर पहुंचे। मृतक के छोटे भाई विनोद दुबे ने बताया कि बड़े भाई भोलानाथ दुबे ट्रक चालक थे। बीस वर्ष से मध्यप्रदेश के रीवा शहर में मकान बनाकर पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। मंगलवार को ड्राइविंग लाइसेंस लेने के लिए गांव आ रहे थे लेकिन देर रात तक घर नही पहुंचे। सुबह सूचना मिली कि भाई का शव भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में आम के पेड़ की डाली में रस्सी से लटक रहा है। बड़े भाई भोलानाथ की किसी कोई रंजिश भी नही थी। भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में आम के बगीचे में किन परिस्थितियों में पहुंचे समझ में नही आ रहा है। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़े थे एक पुत्र और एक पुत्री है। पुत्री का विवाह इसी वर्ष हुआ है। पत्नी ललिता देवी का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथमदृष्टया आत्म हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। इस संबंध में मृतक पिता की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत, दो गंभीर

कछवां। स्थानीय थाना क्षेत्र के रामापुर टर्निंग पर दशमी को दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में छोटी बरैनी निवासी शिवम सिंह (27) पुत्र उमेश सिंह की जान चली गई। वहीं, चितरसेनपुर निवासी बृजेश पटेल (22) पुत्र रवि पटेल और शेरसिंह पटेल (23) पुत्र मल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर बृजेश पटेल और शेरसिंह पटेल सवार थे। वे कछवां से कछवारोड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी बाइक पर सवार शिवम सिंह कछवारोड की ओर से आ रहे थे। रामापुर टर्निंग के पास दोनों बाइकों की टक्कर हो गई, जिसमें तीनों युवक घायल हो गए। वहीं भैंसा ओवरब्रिज का निरीक्षण कर लौट रहे उपजिलाधिकारी महेंद्र सिंह ने हादसा देखा। उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और तीनों घायलों को उसी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। उनके इस कदम की सराहना की जा रही है। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कछवां ले जाया गया, वहां डॉक्टरों ने शिवम सिंह को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि सिर में गंभीर चोट लगने और अधिक खून बहने के कारण उसकी मौत हुई। वहीं, बृजेश पटेल और शेरसिंह पटेल की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

संदिग्ध परिस्थिति में ट्रक ड्राइवर की मौत, मचा कोहराम

पड़री। थाना क्षेत्र के जरहा गांव निवासी सुभाष पाल (40) की महाराष्ट्र में सड़क हादसे में मौत हो गई। बुधवार सुबह एंबुलेंस से उनका शव गांव पहुंचा तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। पत्नी संध्या देवी और तीन बेटियों व एक बेटे का रो-रोकर बुरा हाल रहा। परिजनों के अनुसार, सुभाष कई वर्षों से महाराष्ट्र में ट्रक चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। सोमवार शाम औरंगाबाद रोड पर आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से उनका ट्रक पीछे से टकरा गया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनकी मौत से परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। गांव में शोक व्याप्त है।

भाजपा नेता की सड़क हादसे में मौत, शोक की लहर



फाइल फ़ोटो

चील्ह। ग्राम पंचायत कमासिन निवासी भाजपा नेता रुद्रेश प्रताप सिंह उर्फ ओपी सिंह उम्र 32 वर्ष की राजातालाब, वाराणसी में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि रुद्रेश प्रताप सिंह किसी कार्य से वाराणसी जा रहे थे। राजातालाब के पास उनकी गाड़ी ट्रक की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रुद्रेश प्रताप सिंह अपने परिवार में दो भाई और दो बहनों में तीसरे नंबर पर थे। परिवार पर पहले भी दुखों का पहाड़ टूट चुका है। उनके पिता की मौत कई साल पहले ट्रेन हादसे में हो गई थी। उनकी माता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत हैं। जैसे ही इस घटना की जानकारी परिजनों को मिली, घर में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विधिक कार्रवाई में जुट गई है। उनकी असामयिक मौत से कमासिन सहित पूरे चील्ह क्षेत्र में शोक व्याप्त है। ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

नदी में विवाहिता ने लगायी छलांग, मौत



मृतक की फाइल फोटो

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के तिलांव चौकी अंतर्गत लालगंज-हलिया सम्पर्क मार्ग के कोटा घाट बेलन नदी में शव उतराया देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी सुचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची लालगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार हलिया थाना क्षेत्र के मवई कला गांव निवासिनी 19 वर्षीया विवाहिता रितु पत्नी रंजीत पुत्री स्व फुलचंद ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर बेलन नदी के पुल से छलांग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार रितु 19 की शादी प्रयागराज जिला के मेजा शिकरो गांव निवासी रंजीत से पांच मई को हुई थी। पति कांशी में रूम लेकर प्राईवेट नौकरी करता है। साथ में रितु भी रहती थी। दोनों बीच पारिवारिक कलह होने के कारण वह करीब 20 दिनों से अपने मायके मवई कला आई थी। बीतें 20 तारीख को पांच बजे मायके से लापता थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी बीच बेलन नदी के पुल पर आज सुबह दुपट्टा और चप्पल देख राहगीर पुल से नीचे देखें तो एक शव उतराया दिखा। राहगीर ने स्थानीय लोगों को सुचना दिया मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा तो शव रितु निवासी मवई कला रूप में शिनाख्त हुई। मौक़े पर पहुंचे परिजन रितु को मृत देख रोने विलखने लगे। वहीं, सूचना पर पहुंची लालगंज और हलिया पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। बार्डर विवाद हल होने पर लालगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। वहीं, इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक लालगंज वेद प्रकाश पाण्डेय ने बताया की मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आयेगा।

बिजली चोरी की जांच में खुलासा, जेई के सामने तोड़ा मीटर

हलिया। थाना क्षेत्र के बरुआ गांव में बुधवार को विद्युत चोरी की जांच के दौरान मीटर बाईपास कर बिजली का इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया। जांच करने पहुंचे अवर अभियंता के सामने ही उपभोक्ता की पत्नी ने लाठी से मीटर तोड़ दिया। घटना के दौरान महिला और अवर अभियंता के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। अवर अभियंता रमाशंकर ने बताया कि जांच के दौरान बरुआ गांव में मीटर बाईपास कर बिजली का उपयोग किए जाने का मामला पकड़ा गया है। इसी दौरान महिला ने लाठी से मीटर तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि विद्युत चोरी के मामले में विभागीय नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जंगली मादा सूअर के शिकार में दो गिरफ्तार, तीन अन्य की तलाश

हलिया। वन सेंचुरी रेंज हलिया के हर्रा कंपार्टमेंट नंबर 4 में जंगली मादा सूअर का शिकार किए जाने के मामले में वन विभाग ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से मृत मादा सूअर को बरामद करने के बाद विभाग ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया, जबकि अन्य तीन की तलाश जारी है। वन क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार को सूचना मिली थी कि वन क्षेत्र में तार का फंदा लगाकर जंगली मादा सूअर का शिकार किया गया है। शिकार के बाद उसके शव को पास के धान के खेत में छिपा दिया गया है। सूचना में यह भी बताया गया था कि आरोपी रात में शव को वहां से हटाकर मांस बेचने की तैयारी में थे। मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और बताए गए स्थान पर पहुंचकर छानबीन की। जांच के दौरान धान के खेत से मृत मादा सूअर बरामद हुआ। टीम ने कार्रवाई करते हुए हर्रा गांव निवासी मंगरू कोल और रामलाला को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान तीन अन्य लोगों की संलिप्तता की जानकारी सामने आई। इसके आधार पर वन विभाग ने दो नामजद और तीन अज्ञात व्यक्तियों समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। शेष तीन आरोपियों की पहचान और तलाश के लिए कार्रवाई की जा रही है।

संक्षेप

अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

पड़री। थाना क्षेत्र के मीरजापुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रसैना गांव के सामने मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से करीब 60 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद शव को मर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस के अनुसार, मृतक ने नीले रंग का फुल लोअर और सफेद रंग की गंजी पहन रखी थी। पुलिस मृतक की पहचान कराने में जुटी है। साथ ही हादसे में शामिल अज्ञात वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

टोटो पलटने से बालक घायल

पटेहरा। संतनगर थाना क्षेत्र के डढ़िया गांव में बुधवार दोपहर टोटो पलटने से आठ वर्षीय शनि गंभीर रूप से घायल हो गया। सहरसा निवासी मोतीलाल का परिवार डढ़िया आया था। द्वार पर खड़ी टोटो की चाबी निकालकर एक दर्जन से अधिक बच्चे उसमें सवार होकर घूम रहे थे। इसी दौरान टोटो पलट गई। अन्य बच्चे कूदकर निकल गए, जबकि शनि नीचे दब गया। परिजनों ने उसे पीएचसी पटेहरा पहुंचाया, जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. महेंद्र चौधरी ने टांके लगाकर उपचार किया और एक्सरे कराने की सलाह दी। थानाध्यक्ष रमेश प्रसाद ने बताया कि एक बच्चा घायल हुआ है।

सकुशल संपन्न हुआ विजयदशमी का त्योहार

अदलहाट। क्षेत्र के विजयदशमी का त्यौहार सकुशल मंगलवार को संपन्न हो गया कुछ वर्षों से कस्बा एवं आसपास और जगह पर रावण प्रतीक पुतले का दहन शाम को करने के बाद पूर्णरुप से मेले का समापन हो गया। पुतला दहन के समय हनुमान मंदिर के पास मेले का वृहद रूप था। हजारों महिलाएं, पुरुषों, बच्चों की भीड़ लगी रही जो मेले का लुप्त उठाया।

प्रभु श्रीराम का हुआ राज्याभिषेक

छानबे। क्षेत्र में मंगलवार को विजय दशमी के अवसर पर रावण के पुतला दहन मेला के पश्चात राम का राज्याभिषेक किया गया, जिसमें समित के लोगों के साथ ही दर्शकों ने भी आरती उतारी और जय श्रीराम के नारे लगते रहे। बिहसडा बाजार में 35 फ़ीट चलते-फिरते गर्जते रावण का पुतला दहन किया गया, जहां पर देखने के लिए काफी भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में लोगों ने जमकर ख़रीदारी की, इसके अतिरिक्त कटरा सरोंई, खम्हरिया दमुआन, पाली, मवैयामोहनपुर , खैरा, गौरा, सिकराकला, गोडसर , बजटा, पटेहरा चितौली नरोइया, मनिकठी, गोगांव, श्रीनिवास धाम आदि में भी रावण पुतला दहन के साथ ही मेले का आयोजन किया गया। मेले मे खिलौना, मिष्ठान, जलेबी, फल, लाई व गट्टा आदि की दुकानों पर लोगों ने ख़रीदारी किया। कटरा सरोंई में संतोष कुमार तिवारी विन्ध्यवासनी तिवारी आदि ने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया।

धूमधाम से मनाया गया विजयादशमी का पर्व, पुतला हुआ दहन

चुनार। अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक पावन पर्व विजयादशमी (दशहरा) के अवसर पर नगर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास के साथ पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पालिका क्षेत्र के उसमानपुर मुहल्ले मे स्थित लंका पर रावण के पुतले का दहन कर लोगों को सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया मिला। रावण पुतला दहन की समुचित व्यवस्थाओं मे संजय साहू, फूलचंद, अमित गुप्ता, चन्द्रहाश गुप्ता, सहित समिति के समस्त पदाधिकारी गण लगे रहे। मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव कोतवाल विजयशंकर सिंह पटेल पुलिस बल के साथ मेला परिसर में चक्रमण करते रहे।

नम आंखों से मां दुर्गा के भक्तों ने किया विसर्जन

चुनार। नौ दिन पूजा करने के बाद नम आंखो से माता की विदाई पालिका प्रशासन द्वारा बनवाए गये उत्तरामुखी गंगा तट के पास विसर्जन स्थल पर लोगों ने प्रतिमा विसर्जन किया। डीजे के धुन पर नाचते गाते, जयकारा लगाते हुए नगर श्रेत्र व आस पास के गांवो से मंगलवार को देर रात्रि तक लगभग 30 प्रतिमाओं का व बुधवार की शाम तक शेष प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा ड्रोन कैमरा से निगरानी करने के साथ बडी संख्या मे पुलिस बल तैनात रही। इस दौरान उपजिलाधिकारी अनेग सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी गायत्री यादव, तहसीलदार इवेन्द्र कुमार, कोतवाल बिजय शंकर सिंह पटेल, अपराध निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह,अधिशासी अधिकारी बिजय सिंह यादव, सफाई निरीक्षक लालमणी यादव सहित राजस्व व पालिका कर्मी मौजूद रहे।

श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया दशहरा पर्व

मीरजापुर। नगर के विजयपुरा भटौली रोड स्थित डॉ. सरला सर्राफ पब्लिक स्कूल में दशहरा पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ विंध्यवासिनी के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की भव्य झाँकी सजाई गई तथा विधिवत पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय परिसर में सजे श्रीराम दरबार की झाँकी ने सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी के स्वरूपों का सजीव चित्रण किया। कार्यक्रम में श्रीराम द्वारा रावण के अंत तथा रावण दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। विद्यालय के चेयरमैन दिनेश चंद्र सर्राफ ने कहा कि रावण केवल एक पौराणिक पात्र नहीं, बल्कि अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या और अन्य बुराइयों का प्रतीक है, जबकि श्रीराम सत्य, प्रेम, मर्यादा, त्याग, करुणा एवं संस्कारों के प्रतीक हैं।

दुर्गा पूजा पंडाल के पास खड़ी बाइक चोरी

अदलहाट। स्थानीय बाजार के शर्मा रोड स्थित दुर्गा पंडाल के पास मंगलवार की रात खड़ी बाइक चोर उठा ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गरौड़ी ग्राम निवासी पवन कुमार गिरि अपने बाइक को शर्मा रोड स्थित जायसवाल हार्डवेयर की दुकान के पास रात 12 बजे खड़ी कर दुर्गा पूजा देखने गए। एक घण्टे बाद घर जाने के लिए वापस बाइक के पास गये तो बाइक गायब थी। रात में ही वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को जानकारी दी गई।

स्थापित दुर्गा मूर्तियों का हुआ विसर्जन

अदलहाट। क्षेत्र में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं को बुधवार सायं काल उनके निर्धारित तालाबों में विसर्जित किया गया। शासन के निर्देशानुसार क्षेत्र के बिक्सी नदी, भुईली खास तालाब, रस्तोगी तालाब, अदलहाट स्थित हनुमान मंदिर के पास पोखरे में खजुरौल स्थित तालाब में विभिन्न स्थलों की स्थापित मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है, जहां गाजे बाजे के साथ मूर्तियों का विसर्जन किया गया।

परिषदीय विद्यालयों में ओलंपियाड परीक्षा हुआ संपन्न

राजगढ़। स्थानीय विकास खंड में परिषद के विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों के लिए शैक्षिक प्रतियोगिता राजगढ़ ओलंपियाड-3.0 का आयोजन किया गया।खंड शिक्षा अधिकारी राजगढ़ संजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन पढ़ेगा राजगढ़, बढेगा राजगढ़ थीम पर किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैचारिक समझ को बढ़ाना और उनके भीतर छिपी बौद्धिक क्षमता को निखारना है।पारंपरिक स्कूली रटने वाली शिक्षा से अलग हटकर छात्रों के मानसिक और तार्किक विकास पर ध्यान केंद्रित करना हैं।प्रतियोगिता में विकास खंड के 188 प्राथमिक व 64 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के कुल 1500 छात्रों ने न्याय पंचायतो में बने अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर प्रतिभाग किया। संतोष कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, विजय लक्ष्मी, महिमा सिंह, अशोक कुमार सिंह, सुमनलता, अखिलेश सिंह, श्यामरतन, सत्य प्रकाश, सर्वेश, ओम राहुल सिंह, शक्तिधर आदि ने पर्यवेक्षक व मनोज सिंह, रहमान, आदर्श सिंह आदि ने कक्ष निरीक्षक के दायित्व का निर्वहन किया।



स्कूल में होती परीक्षा।

शाखा विलय होने पर जताया विरोध

छानबे। क्षेत्र के ग्राम पंचायत अरगी सरपती में स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा को गैपुरा स्थित बैंक में विलय करने की जानकारी होते ही बुधवार की सुबह ग्रामीणों व बैंक खाता धारकों ने प्रदर्शन कर विलय का विरोध जताया और शाखा प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। कहा कि वे जिलाधिकारी एवं बैंक के उच्चाधिकारियों को ज्ञापन देकर बैंक शाखा हटाने का विरोध जतायेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग पांच हजार से अधिक खाताधारकों और 500 से अधिक महिलाओं की परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उनकी मांग है कि ग्रामीणों व खाता धारकों की सुविधा को देखते हुए बैंक शाखा को यथावत रखा जाए।प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया गया है कि इस बैंक शाखा के सेवा क्षेत्र में अरगी सरपती, महुआरी खुर्द, बिरोही, भटेवरा , कौड़िया-रामपुर, देवरी, बघरा, महरौडा और अकोढ़ी सहित कई गांव आते हैं। इन गांवों के 5000 से अधिक खाताधारक और ग्राहक इस शाखा से जुड़े हुए हैं। इस क्षेत्र में बैंक की दूसरी शाखा भी नहीं है। ग्रामीणों के मुताबिक, गैपुरा स्थित बैंक शाखा इन गांवों से लगभग 3 से 7 किलोमीटर की दूरी पर है। परिवहन सुविधा के अभाव में बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगजनों और व्यापारियों को बैंक आने-जाने में काफी परेशानी होगी कुछ खाताधारकों की उम्र 80 से 90 वर्ष तक बताई गई है।
इतना ही नहीं, प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस शाखा से 50 से अधिक स्वयं सहायता समूह जुड़े हैं, जिनसे लगभग 500 महिलाएं संबंधित हैं। ऐसे में शाखा के विलय से महिलाओं को बैंकिंग कार्यों, लेन-देन में परेशानी होगी।

क्षतिग्रस्त नाली के गहरे गड्ढे में फंसा टोटो का पहिया, लोगों ने बचाया

कछवां। आदर्श नगर पंचायत वार्ड तेगबहादुर स्थित साकेत हॉस्पिटल के पास बुधवार एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। स्थानीय लोगों की कई बार शिकायत के बाद भी नगर पंचायत द्वारा सड़क पर बने बड़े गड्ढे व क्षतिग्रस्त नाली की मरम्मत न किए जाने के कारण एक टोटो क्षतिग्रस्त नाली के गहरे गड्ढे में धंस गया। टोटो में सवार लोग किसी तरह बाहर निकलने में सफल रहे और बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गड्ढा पिछले एक महीने से बना हुआ है। कई बार नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वही टोटो चालक वाहन सहित उसमें फंस गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में सड़कों की स्थिति बेहद खराब है।

रावण का सिर कलम, पुतला दहन होते ही जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा मैदान

ड्रमंडगंज। बाजार के दशहरा मैदान में विजय दशमी पर्व पर प्रभु श्रीराम के हाथों देर शाम रावण का सिर कलम व पुतला दहन होते ही दशहरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। परंपरा के अनुसार ड्रमंडगंज बाजार में रावण के पुतले का सिर कलम किया जाता है, लेकिन इस बार रामलीला कमेटी ने दहन करने के लिए रावण का एक और 35 फुट लंबा पुतला तैयार करवाया था।लोहे के बने रावण के दस सिर वाले पुतले को ड्रमंडगंज बाजार का भ्रमण कराया गया। दशहरा मैदान पर रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक भाजपा नेता मनीष त्रिपाठी, अध्यक्ष आशीष गुप्ता गूड्डू ग्राम प्रशासक कौशलेंद्र गुप्ता, धीरज मिश्र, लवकुश केशरी ने कमेटी के पदाधिकारियों संग राम दल की आरती उतारी। इसके बाद श्रीराम और रावण बीच हुए घमासान युद्ध का मंचन किया गया। प्रभु श्रीराम द्वारा रावण का वध करने व विशालकाय पुतले का दहन होते ही दशहरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। दशहरा मेला देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ जुटी हुई थी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसडीएम लालगंज अजीत कुमार सीओ अमर बहादुर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज जितेंद्र कुमार, एसआइ पुनीत गुप्ता, कृपाशंकर यादव देर रात तक टीम के साथ दशहरा मैदान में डटे रहे। कार्यक्रम का संचालन तारकेश्वर केशरी ने किया।इस दौरान रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अंजनी सोनी, ग्राम प्रशासक महोगढ़ी सुरेश केशरी, अरूण मिश्र,सोनू सिंह, अनिल केशरी,सतीश केशरी, बैजनाथ बिंद, सच्चिदानंद केशरी सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

जयकारों के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जित

छानबे। विजयपुर में हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का बुधवार देर शाम रानी तालाब में विसर्जन किया गया। नौ दिनों की पूजा के बाद भक्तों ने गाजे-बाजे, अबीर-गुलाल और जयकारों के साथ विदाई दी। सुरक्षा के लिए विंध्याचल पुलिस मुस्तैद रही।



सिर कलम करते प्रभु श्रीराम।

१५० से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

छानबे। क्षेत्र में सोमवार शाम और मंगलवार को हवन-पूजन, आरती, कन्या पूजन व प्रसाद वितरण के बाद 150 से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए मां को अगले वर्ष फिर आने का निमंत्रण दिया। विजयपुर, भटेवरा, गाजीपुर, बिहसड़ा कला, सुमतिया, गोनौरा, खैरा, फुलवरिया और मुराजपुर सहित विभिन्न गांवों की प्रतिमाएं कर्णावती नदी व तालाबों में विसर्जित की गईं। गंगा में विसर्जन रोकने के लिए जिगना और विंध्याचल पुलिस घाटों पर निगरानी करती रही। बिहसड़ा बाजार में मां विंध्यवासिनी सेवा समिति की ओर से 51 कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद, उपहार और दक्षिणा देकर विदाई दी गई। आयोजन में ऋषु पांडेय, राज मिश्र, आनंद तिवारी, राहुल अग्रहरि, उमेश अग्रहरि, शुभम और दिनेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कुशहा स्थित कर्णावती नदी घाट पर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार गरिमा यादव, राजस्व निरीक्षक विजय शंकर चौधरी, लेखपाल और पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

धूमधाम से मनाया गया विंध्य किसान परिषद का ३१वां स्थापना दिवस

किसानों की समस्याओं को लेकर एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान, सिंचाई और जल संकट का उठाया मुद्दा

हलिया। स्थानीय विकास खंड के अतरी दक्षिण स्थित विंध्य किसान परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय पर मंगलवार को संगठन का 31वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोस्वामी आनंद शेखर गिरी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों और किसानों को तिलक लगाकर सम्मानित किया तथा संगठन के विस्तार और मजबूती पर जोर दिया। साथ ही किसानों के साथ होने वाले कथित दुर्व्यवहार और उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को खेती-किसानी से जुड़ी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को समय पर डीजल, सिंचाई के लिए पानी, खाद और बीज उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसानों की सबसे बड़ी समस्या सिंचाई की है। क्षेत्र के अदवा डैम और ददरी बांध जैसे जलस्रोतों में पानी की उपलब्धता को लेकर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि बाणसागर परियोजना के माध्यम से पानी प्रयागराज की ओर भेजे जाने से स्थानीय किसानों के सामने सिंचाई का संकट गहरा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किसानों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जलस्रोतों का पानी स्थानीय किसानों की जरूरतों के अनुरूप उपलब्ध कराने के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं। इस दौरान आदित्य सिंह, रमाशंकर ओझा, पुष्पराज सिंह, पूर्व प्रधान रामसखा कोल, महेश गिरी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



ध्वजारोहण करते अध्यक्ष।

गाजे-बाजेके साथ दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव और राज्यसभा सांसद विद्यासागर सोनकर ने आरती उतारकर दिखायी हरी झंडी

जौनपुर। शारदीय नवरात्र के समापन के बाद जिले में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन मंगलवार देर रात से बुधवार दोपहर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। श्री दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव मंगल और महासचिव मनीष गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित 48 वां भव्य मां प्रतिमा शोभायात्रा व विसर्जन कार्यक्रम के दौरान शहर से लेकर घाटों तक श्रद्धालुओं की भीड़ रही। दोपहर तक लगभग ४00 से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान प्रशासन और पुलिस के अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। शहर के कोतवाली चौराहा स्थित श्री दुर्गा पूजा महासमिति के केंद्रीय कंट्रोल रूम में मंगलवार रात मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद विद्यासागर सोनकर पहुंचे। दोनों अतिथियों ने मां दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन किया। इसके बाद अहियापुर मोड़ पर विसर्जन के लिए तैयार प्रतिमाओं के समक्ष आरती उतारी। विधिवत पूजन के बाद नारियल फोड़कर हरी झंडी दिखाई और प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए शोभायात्रा के रूप मे रवाना किया। इस अवसर पर महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव मंगल, महासचिव मनीष गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। महासमिति की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। प्रतिमाओं के विसर्जन को सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए थे। सद्भावना पुल के पास स्थित विसर्जन घाट पर बनाए गए शक्ति कुंड में दोपहर तक प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। सभी प्रमुख घाटों पर पुलिस बल के साथ एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें तथा स्थानीय गोताखोर तैनात रहे। विसर्जन कुंड के आसपास भी पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया था। महासमिति के विसर्जन नोडल अधिकारी लालचंद निषाद के नेतृत्व में सभी प्रतिमाओं का विसर्जन कराया गया। महासमिति की ओर से प्रतिमाओं को पुरस्कार देने के लिए गठित निर्णायक मंडल के सदस्य देवेश गुप्ता, गायत्री वंशिका सिंह, डा. योगेन्द्र सिंह भी कोतवाली चौराहा स्थित कंट्रोल रूम में मौजूद रहे। उन्होंने प्रतिमाओं का आकलन किया। महासमिति के अध्यक्ष मनीष देव मंगल ने विसर्जन के लिए पहुंची प्रतिमाओं के अध्यक्षों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम एंव मां का प्रसाद नारियल चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। मोहम्मद शाहिद की नेतृत्व में सभी प्रतिमाओं को अहियापुर मोड़ से विसर्जन घाट तक शोभायात्रा के रूप मे सकुशल पहुंचाया गया उक्त जानकारी महासमिति के मीडिया प्रभारी दीपक श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। **तेजीबाज़ार संवाददाता के अनुसार :** मूर्तियों के विसर्जन के लिए प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थान पर मूर्तियों का विसर्जन किया गया, नौवरात्री के समापन के बाद मंगलवार और बुधवार को मूर्तियों का विसर्जन कंधीपुल सई नदी के समीप चिन्हित स्थान पर प्रशासन की निगरानी में दशमी पर्व पर मछलीशहर, बरईपार क्षेत्र से आयी हुई लगभग पँच्चास से अधिक मूर्तियों का विषर्जन किया गया, कोई ट्रैक्टर से, कोई पिकअप से, कोई ई रिक्शा से तो कोई किसी साधन से अपने अपने घरों में और पंडालो में स्थापित दुर्गा मूर्तियों को बड़ी



धूमधाम से भक्तगण देवी गीत, पंचरा तथा डी जे की धुन के साथ भोजपुरी भक्ति गीत पर नाचते - गाते, झूमते हुए मातारानी के हो रहे जयकारों के उदघोष के साथ मूर्तियों को विसर्जित किया। **जफराबाद संवाददाता के अनुसार :**मंगलवार को विजयदशमी पर्व के दिन पूरा जफराबाद क्षेत्र जय मां दुर्गे की जयकारों से गूंजायमान हो उठा। अवसर था मां दुर्गा के प्रतिमाओं के विसर्जन का। जफराबाद बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में स्थापित दुर्गा पूजा समितियों यथा जय श्री राम संस्था रसूलाबाद, नवयुवक दुर्गा पूजा समिति जफराबाद, सेवा समिति जफराबाद, एवं मातेश्वरी दुर्गा पूजा समिति अहमदपुर, मां वैष्णो देवी दुर्गा पूजा समिति बन्हवा आदि विसर्जन के पूर्व द्वारा भव्य शोभायात्रा व झांकी निकालकर बाजार में घुमाया गया तत्पश्चात नावघाट ले जाकर नगर पंचायत जफराबाद द्वारा गोमती नदी के किनारे बनवाये गये विसर्जन कुण्ड में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

बक्शा संवाददाता के अनुसार : शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के समापन पर बुधवार दोपहर 12 बजे राम-जानकी दुर्गा पूजा समिति चकपटैला पोखरा, शम्भूगंज की ओर से स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को नम आंखों से भावभीनी विदाई दी गई। विधि-विधान से पूजन-अर्चन और आरती के बाद मां दुर्गा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। मां दुर्गा के जयकारों से चकपटैला पोखरा, शम्भूगंज बाजार और शिवगुलामगंज बाजार का वातावरण भक्तिमय हो उठा। **पवांरा संवाददाता के अनुसार :**नवमी के दिन पवांरा में नवदुर्गा पूजा डान्स प्रतियोगिता महोत्सव में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को ईनाम दिया गया। बता दे कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी नवमी के दिन नवदुर्गा पूजा डान्स प्रतियोगिता महोत्सव पवांरा बाजार में आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने इस डान्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा प्रथम स्थान पर आने वाली आकृति चौरसिया को साइकिल दूसरे स्थान पर आने वाली प्रीति गुप्ता को रूम एअर हीटर व तीसरे स्थान पर आने वाली अनन्या बारी को मोबाइल फोन दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डब्लू जायसवाल, जगन्नाथ यादव व ग्रामवासी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम ग्राम प्रधान गौरव चौरसिया के सौजन्य से आयोजित हुआ। **मुंगराबादशाहपुर संवाददाता के अनुसार :** शारदीय नवरात्रि में नौ दिन तक चले जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमाओं के पूजन हवन के पश्चात मंगलवार को जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमाओं को विभिन्न जलाशयों में श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा आस्था एवं भावनाओं के साथ विसर्जित किया गया। इसके पूर्व विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की दर्शनार्थ झांकियां निकाली गई। तहसील प्रशासन द्वारा नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर के सहयोग से मुंगराबादशाहपुर नगर के भगत सिंह वार्ड में स्थित सूरजकुंड जलाशय एवं थाना क्षेत्र के उकनी गांव में बनाये गये जलाशय में दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि गुप्त की देखरेख में सुबह नौ बजे से शुरू हुआ विसर्जन कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा।

राम ने किया रावण का वध, मनी विजयादशमी

रामलीला मंचन के बाद गूंजे जय श्री राम के जयकारे, राम-रावण के युद्ध का मंचन, रावण का पुतला जलाया गया

जौनपुर। जिले में शारदीय नवरात्रि के विजयदशमी पर्व पर राजा साहब फाटक के पास रावण दहन किया गया। इस अवसर पर रामलीला मंचन के बाद भगवान राम और रावण के बीच युद्ध का प्रदर्शन किया गया। मंचन के दौरान, सर्वप्रथम भगवान राम ने कुंभकरण का वध किया। इसके उपरांत भगवान लक्ष्मण और मेघनाद के मध्य युद्ध हुआ, जिसमें लक्ष्मण ने मेघनाद का अंत किया। अंतत:, भगवान श्रीराम और रावण के बीच लगभग एक घंटे तक युद्ध चला। युद्ध के समापन पर, भगवान राम ने बाण चलाकर रावण का वध किया। बाण लगते ही 20 फुट ऊंचे रावण और मेघनाद के पुतले धू-धू कर जल उठे। इस कार्यक्रम को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक रामलीला मैदान पहुंचे। लोगों ने राम और रावण के युद्ध तथा रावण दहन का सजीव चित्रण देखा। कुछ दर्शक रावण के पुतले की जली हुई लकड़ियां भी अपने साथ ले जाते हुए दिखाई दिए। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए बड़ी संख्या में महिला और पुरुष



पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। **जफराबाद संवाददाता के अनुसार :**जफराबाद धर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा विजयदशमी का पर्व मंगलवार को क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के शिवाला मंदिर पर विजयदशमी का मेला आयोजित हुआ। उक्त मेले में आये लोगों ने जमकर खरीदारी की और मेले का भरपूर लुफ्त उठाया। भगवान राम व रावण का रथ मेले में पहुंचने के पूर्व श्री रामलीला समिति जफराबाद के कार्यकर्ताओं द्वारा डीजे व गाजे-बाजे के भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकालकर जफराबाद बाजार में घुमाया गया। शोभायात्रा में भगवान जय श्री राम के जयकारे से जफराबाद क्षेत्र गूंज उठा। रात्रि 9.00 बजे अयोध्या के कलाकारों द्वारा भरत मिलाप व राजगद्दी की लीला का मंचन किया गया। 14 वर्ष बाद चारों भाईयों का मिलन देख दर्शक भाव विभोर हो गये। इस मौके पर जबिन्दर साहू, प्रमोद बरनवाल, छोटेलाल जायसवाल दीनानाथ निगम, भगवंत बरनवाल, आशीष चौरसिया, रमाशंकर साहू, गुड्डु निगम सहित भारी संख्या लोग शामिल रहे।

दुकान में लगी आग, नकदी समेत लाखों का सामान जलकर खाक

मुंगराबादशाहपुर। नगर के अहमदपुर कैथौली मोहल्ला स्थित किराना स्टोर एवं आनलाइन सेंटर की दुकान में बीती रात रहस्यमय परिस्थितियों में आग लग जाने से लाखों रुपए के सामान जल कर खाक हो गए। मिली जानकारी के अनुसार नई बाजार निवासी सत्यम कुमार गुप्ता की अहमदपुर कैथौली में जनरल स्टोर एवं फोटो स्टेट कापी सेंटर की दुकान है। बीती रात करीब 12 बजे दुकान में रहस्यमय परिस्थितियों में आग लग गई।जो देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक आस-पास के लोग पहुंच कर आग पर काबू पाते तब तक भयंकर रूप धारण कर पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और आस-पास के लोग आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और घंटों की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जल कर खाक हो चुका था। इस हादसे में कंप्यूटर, लैपटाप, प्रिंटर, फोटो स्टेट कापी मशीन, स्कैनर, इन्वर्टर और बैटरी फ्रिज, कूलर, पंखे, किराना व जनरल स्टोर के सामान जल कर नष्ट हो गये। आग कैसे लगी पूरी तरह रहस्यमय बना हुआ है।

भगवान राम के जीवन से जुड़े आदर्शों को अपने जीवन में उतारें - शांतनु जी महाराज



जौनपुर। बीआरपी कॉलेज परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान पूज्य शांतनु जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रामकथा सुनने की वास्तविक सार्थकता तभी है, जब उसकी शिक्षाओं को व्यवहार में उतारा जाए। भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, सत्य, मर्यादा, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा की अनुपम मिसाल है। महाराज जी ने विभीषण की शरणागति और हनुमान जी के पराक्रम का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के प्रति सच्चा समर्पण ही जीवन को सही दिशा देता है। कलियुग में प्रभु श्रीराम का नाम-स्मरण सबसे सरल साधना है। उन्होंने कहा कि रामकथा केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि इसे गाने, समझने और जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। मनुष्य का मन सर्वोपरि है, इसलिए अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एकाग्रता, समर्पण और दृढ़ संकल्प जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। माता-पिता का सम्मान, पारिवारिक संबंधों का निर्वहन, सत्य के मार्ग पर चलना और समाज में प्रेम एवं सद्भाव बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने श्रद्धालुओं से रामकथा की शिक्षाओं को अपने परिवार और समाज में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शांतनु जी महाराज ने श्रीराम कथा के मुख्य आयोजक ज्ञान प्रकाश सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद विद्यासागर सोनकर, रमेश जी (प्रांत प्रचारक, काशी प्रांत, आरएसएस), करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह, रत्नाकर चौबे, अरविन्द सिंह, रत्नसेन सिंह, माउंट लिट्रा जी स्कूल के निदेशक अरविंद सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. सत्यप्रकाश सिंह, डॉ. राकेश सिंह, रमेश सिंह, डॉ. मनोज वत्स, डॉ. सुभाष सिंह, राजेश सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नकदी सहित दस लाख के जेवरात पर चोरों ने किया हाथ साफ

मुफ्तीगंज। केराकत कोतवाली के क्षेत्र के मुर्तजाबाद गांव में बिती रात छत से चढ़ कर चोरों ने डेढ़ लाख नकद सहित लगभग दस लाख का जेवरात उठा ले गये,मुर्तजाबाद गांव निवासी केशर राय के घर में बिती रात चोरों ने छत से चढ़ कर दो लोहे का बाक्स उठाए एक बाक्स ताला अंगद राय के छत पर तोड़ कर छोड़ दिए उसमें कुछ नहीं मिला दूसरा बाक्स पप्पू राय के खेत में मिला उसका ताला तोड़ कर उसमें रखा सोने का एक हार दो सोने का चैन तीन सोने की अंगूठी एक मंगल सूत्र कान का सोने का आयरन चार सोने की चूड़ी एक सोने की नथिया एक सोने का नथिया का सहारा एक चांदी की करधन एक चांदी का छागल चार जोड़ी चांदी का मीना सहित डेढ़ लाख नकद सहित उठा ले गये चोर बाक्स जिस घर में से लेकर गये उसी घर में केशर राय की पत्नी सोई हुई थी, लेकिन उनको भनक तक नहीं लगने दिया पड़ोस की एक महिला सुबह शौच के लिए गयी तो कागजात पर केशर राय का नाम पढ़ी तो उनके घर बताई की आप के नाम का कागजात पप्पू के खेत में बिखरा पड़ा है तब परिवार वालों ने देखा कि दोनों बाक्स नहीं है मुफ्ती गंज पुलिस चौकी पर सुचना दिए तो सुचना पर मुफ्ती गंज चौकी की पुलिस ने पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू किया केशर राय से पूछे जाने पर की बड़ी चोरी हुई है डाग स्क्वायड या फारेंसिक टीम आ रही है परिजन ने बताया कि पुलिस अपना कोरम पूरा कर चली गयी, चौकी प्रभारी शिवानंद वर्मा ने बताया कि चौकी प्रभारी ने कहा कि सारा सामान छू लिया गया कोई रिस्पांस नहीं मिलेगा।

घर में घुसकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

जफराबाद। क्षेत्र के रायपुर गांव में खूंटा उखड़ने के विवाद को लेकर एक महिला के घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में तीन लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उक्त गांव निवासी वर्षा यादव एडवोकेट पुत्री सियाराम यादव ने आरोप लगाया कि बीते 19 अक्टूबर को वह कचहरी से घर पहुंची। उसी समय शाम को लगभग 6.30 बजे पटीदार विवेक यादव खूंटा उखाड़ने की बात को लेकर उसके घर में घुसकर मेरे पिता सियाराम यादव का गला दबाते हुए मारने पीटने लगा। वर्षा व परिवार के कई लोगों ने आकर बीच-बचाव किया। मेरे पिता की जान बच सकी। विवेक यादव वर्षा व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। वर्षा ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। थानाध्यक्ष कमलनयन दूबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मंगलवार को गांव के विवेक यादव, लालती यादव, सुनीता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह की अगुवाई में निकली ऐतिहासिक कलशयात्रा

जय श्रीराम के उद्घोष और हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा ने आयोजन को बनाया यादगार

२१ से २९ अक्टूबर तक बीआरपी कॉलेज मैदान में होगी श्रीरामकथा

जौनपुर। जिले में मंगलवार को वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सेवा भारती के तत्वावधान में भव्य कलशयात्रा निकाली गई। गोमती नदी के किनारे स्थित हनुमान घाट से शुरू हुई इस ऐतिहासिक कलशयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं की लंबी कतारें, भगवान श्रीराम के जयकारे, आकर्षक धार्मिक झांकियां और जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यात्रा के दौरान शहर की प्रमुख सड़कों पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजन को लेकर लोगों में विशेष उत्साह रहा और जगह-जगह खड़े होकर लोगों ने कलशयात्रा का भव्य स्वागत किया। चिलचिलाती धूप के बावजूद महिलाएं पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ती लेने का अवसर भी है। उन्होंने लोगों से कथा में शामिल होकर भगवान श्रीराम के जीवन मूल्यों को समझने और उन्हें अपने व्यवहार में अपनाने का आह्वान किया। हनुमान घाट से बीआरपी कॉलेज मैदान तक निकली भव्य



रहीं। उन्होंने श्रद्धालुओं से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे तक परिवार सहित कार्यक्रम में पहुंचकर कथा सुनने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रीरामकथा केवल धार्मिक श्रवण का माध्यम नहीं है, बल्कि भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और व्यक्तित्व से प्रेरणा कलशयात्रा के साथ जौनपुर में नौ दिवसीय श्रीरामकथा का माहौल तैयार हो गया है। श्रद्धालुओं की बड़ी भागीदारी, धार्मिक झांकियों, जय श्रीराम के उद्घोष और हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

विधि-विधान से राजा हवेली में हुआ शस्त्र पूजन, लगा भव्य दरबार

जौनपुर। विजयादशमी के पावन पर्व पर जौनपुर की ऐतिहासिक राजा हवेली में राज परिवार की परंपराओं के अनुरूप इस वर्ष भी शस्त्र पूजन का आयोजन विधि-विधान और राजसी परंपराओं के साथ संपन्न हुआ। शस्त्र पूजन राजपुरोहित पंडित जनार्दन मिश्र के देखरेख में वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार कराया गया। राजा जौनपुर अवनींद्र दत्त के अस्वस्थ होने के कारण महाराज दरबार हॉल में उपस्थित नहीं हो सके। हालांकि उनकी अनुपस्थिति में भी राज परिवार की वर्षों पुरानी परंपराओं और निर्धारित रीति-रिवाजों का निर्वहन पूरी श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ किया गया।

शस्त्र पूजन के अवसर पर राजा हवेली में पारंपरिक राज दरबार भी लगाया गया। दरबार में शामिल दरबारी राजसी गणवेश एवं पारंपरिक वेशभूषा में



नजर आए। इस दौरान जौनपुर राज्य की पुरानी परंपराओं के अनुरूप प्रतीकात्मक रूप से हवेली में नजराना अर्पित करने की रस्म भी निभाई गई। इस दौरान राजसी परंपरा, अनुशासन और ऐतिहासिक विरासत की झलक देखने को मिली। शस्त्र पूजन एवं दरबार की रस्मों के बाद विजयादशमी के अवसर पर राजा पोखरे पर भव्य मेले का आयोजन हुआ। मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उत्सव का आनंद लिया। यहां परंपरागत रूप से रावण दहन किया गया। इसके पश्चात राजा पोखरे पर राजपुरोहित पंडित जनार्दन मिश्र द्वारा शमी पूजन संपन्न कराया गया। विजयादशमी के इस आयोजन में जौनपुर की ऐतिहासिक राजपरंपरा, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिला। राजा हवेली में आयोजित कार्यक्रम लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। शस्त्र पूजन से लेकर राज दरबार और राजा पोखरे पर आयोजित मेले तक पूरे आयोजन में पुरानी परंपराओं की जीवंत झलक दिखाई दी। इस अवसर पर डॉ. शंभू राम चौहान प्राचार्य, सत्य राम प्रजापति, प्रबंधक, डॉ. संजय चौबे, प्रधानाचार्य, पूर्व प्राचार्य डॉ. अखिलेश्वर शुक्ल, संजय अस्थाना, श्याम सुंदर दुबे, ओम प्रकाश शाही, सुभाष चंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र प्रताप सिंह, संत प्रसाद राय, अशोक मिश्रा; अशोक तिवारी, जियाराम यादव, आशा राम यादव, नन्हे सिंह, राज कुमार सिंह, रवि सिंह, लोलारक दुबे; प्रेम प्रकाश मिश्रा, आत्म प्रकाश यादव, डॉ. अजीत कपूर, दिनेश कपूर, आंवले यादव, अवनींद्र तिवारी सहित राज परिवार से जुड़े अनेक लोग मौजूद रहे।

एक नज़र इधर भी

बाइक की टक्कर से नगर पंचायत का लिपिक गंभीर

गौराबादशाहपुर। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर में कार्यरत लिपिक रविन्द्र यादव (36) मंगलवार शाम सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गंभीर चोट आई है। परिजनों ने उन्हें जौनपुर के शेखर क्रांति हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां रात में ही ऑपरेशन किया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, बघंद्रा निवासी रविन्द्र यादव की मंगलवार को मूर्ति विसर्जन में ड्यूटी लगी थी। शाम करीब छह बजे वह बाइक से घर से गौराबादशाहपुर ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी दौरान नयनसंड रोड पर सामने से जा रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रविन्द्र यादव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घायल लिपिक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रात में ऑपरेशन किया।

खड़ी ट्रक में जा घुसी टैम्पो, वृद्ध की मौत, चार घायल

मुंगराबादशाहपुर। प्रयागराज मार्ग पर स्थित थाना क्षेत्र के कोदहूं बाईपास के निकट सड़क किनारे पहले से ही खड़ी ट्रक में तेज रफ्तार से आ रही टैम्पो अनियंत्रित होकर जा घुसी। हादसा इतना जोरदार था कि टैम्पो के परखच्चे उड़ गए तथा टेंम्पो में आगे बैठे वृद्ध की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु पीएचसी में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रयागराज के फूलपुर से एक टैम्पो पांच सवारियां लेकर मुंगराबादशाहपुर की ओर आ रहा था। जैसे ही वह कोदहूं बाईपास के निकट पहुंची तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पहले से ही खड़ी ट्रक में जा घुसा। टक्कर इतनी तेज थी कि टैम्पो के परखच्चे उड़ गए और आगे बैठे फूलपुर प्रयागराज निवासी श्याम सुंदर शुक्ला (65) गंभीर रूप से घायल हो गए सहित अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आस-पास के पहुंचे लोगों ने घायलों को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगराबादशाहपुर में भर्ती कराया। जहां श्याम सुंदर की हालत गंभीर देख चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। टेंपो में सवार अन्य चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जो प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु मर्चरी हाउस भेज विधिक कार्यवाही शुरू कर दिया है।

सेवा और समर्पण की मिसाल बने लोगों को समिति ने किया सम्मानित

खेतासराय। जय मां विंध्यवासिनी दुर्गा पूजा समिति की ओर से मंगलवार को पांचवें सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें



समाजसेवियों, पत्रकारों और आठ रक्तवीरों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में सामाजिक एकता और मानव सेवा का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अजय सिंह ने कहा कि समाज की तरक्की केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि लोगों के आपसी सहयोग और संवेदनशीलता से होती है। जरूरत के समय दूसरों के काम आने वाले लोग समाज को नई दिशा देते हैं। रक्तदान करने वाले रक्तवीर अनमोल सेवा करते हैं, क्योंकि उनका योगदान किसी परिवार की खुशियां बचाने का माध्यम बन सकता है। समिति अध्यक्ष शांतिभूषण मिश्रा ने कहा कि संस्था धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी प्राथमिकता देती है। समारोह के दौरान लकी ड्रॉ में जीविका जायसवाल को एलईडी टीवी, जय प्रकाश प्रजापति को मिक्सर, शिवम गुप्ता को फर्राटा पंखा, डॉ. आजम खान को गैस चूल्हा और सबीर इमरान को प्रेस प्रदान की गई। इस मौके पर सुनील यादव मम्मन, सतीश यादव प्रिंस, सुरेंद्र पांडेय, धर्मेंद्र मिश्रा, जगदम्बा पांडेय, गजेंद्र पांडेय, कृष्ण कुमार जायसवाल, उपेंद्र नाथ मिश्रा, शांतिभूषण मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन समिति के संरक्षक मनीष गुप्ता ने किया।

अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष की पत्नी का निधन

मछलीशहर। तहसील क्षेत्र के आयर गांव निवासी तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद मिश्र की धर्मपत्नी देवराजी का 80 वर्ष की आयु में बुधवार, 21 अक्टूबर 2026 को निधन हो गया। उनके निधन से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस दु:खद समाचार से गांव एवं अधिवक्ताओं में शोक की लहर व्याप्त है। दिवंगत देवराजी का अंतिम संस्कार प्रयागराज स्थित छतनाग घाट पर किया गया। उनके पुत्र डा.चन्द्र प्रकाश मिश्र ने मुखाग्नि देकर अपनी मां को अंतिम विदाई दी। अधिवक्ता संघ की तहसील परिसर में शोक सभा हुई,जिसमें शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं गई। अधिवक्ता शोक में न्यायिक कार्य कार्य से विरत रहे। शोक सभा में अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री आलोक कुमार विश्वकर्मा, आरपी सिंह, रघुनाथ प्रसाद, सरजू प्रसाद बिन्द, हुबेदार पटेल, प्रेम बिहारी यादव, विनय कुमार पाण्डेय, शिव प्रसाद, सुरेश कुमार मौर्य सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

नंद उत्सव वाटिका का भव्य उद्घाटन

जौनपुर। धर्मापुर बाजार में नंद उत्सव वाटिका का भव्य उद्घाटन मंगलवार को पूर्व मंत्री, जफराबाद के विधायक जगदीश नारायण राय और एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जगदीश नारायण राय ने कहा कि शहर से सटे धर्मापुर बाजार में मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित परिसर युक्त भवन उपलब्ध हो जाने से आसपास के लोगों को काफी सहूलियत होगी। आशुतोष सिन्हा ने भी नंद उत्सव वाटिका की व्यवस्थाओं की सराहना की। मालूम हो कि उद्घाटन से पूर्व सोमवार से अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया था, जिसका मंगलवार को समापन हुआ। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राज बहादुर यादव, विवेक रंजन यादव, ब्लाक प्रमुख धर्मापुर मुन्ना लाल यादव आदि उपस्थित रहे। हरि शंकर यादव, प्रबंधक मुरारी यादव व रमा शंकर यादव ने आगंतुकों का आभार जताया।

छह अज्ञात समेत कई पर मुकदमा दर्ज

सुइथाकला। सरपतहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर (भुलनिया) निवासी एक व्यक्ति ने मुकदमे की तारीख से लौटते समय रास्ते में घेरकर मारपीट करने, मोबाइल व रुपये छीनने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद सहित पांच-छह अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित उमाशंकर दूबे के अनुसार, सोमवार को जौनपुर दीवानी न्यायालय में मुकदमे की तारीख थी।

कार्यालय ग्राम पंचायत कन्हौली वि.ख. मुफ्तीगंज, जौनपुर

पत्रांक-मेमो/निविदा/2026-2027 दिनांक- 22.10.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्हौली में सोलर स्ट्रीट लाइट हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्तिकर्ता हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक-23.10.2026 से दिनांक 30.10.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं। ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा सील बन्द लिफाफे में ही स्वीकार की जायेगी।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1.	30+31=61 स्ट्री लाईट प्रति नग	61	808704

नियम एवं शर्ते-1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश से होगी। 3. सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। 4. भुगतान निर्माण समिति की स्वीकृत के बाद ही होगा। 5. निविदा बिना कारण बताए निरस्त भी की जा सकती है।
6. आपूर्तिकर्ता का जीएसटी विभाग मश रजिस्ट्रेशन अवश्य होना चाहिए।

प्रदीप कन्नौजियाव
प्रधान-
ग्राम पंचायत कन्हौली
वि.ख.- मुफ्तीगंज,
जनपद, जौनपुर

आकाश यादव
सहायक विकास अधिकारी
समाज कल्याण/ग्राम पंचायत अधिकारी
कन्हौली वि.ख.- मुफ्तीगंज,
जनपद, जौनपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत सुरैला वि.ख. मुफ्तीगंज, जनपद जौनपुर

पत्रांक-मेमो/निविदा/2026-2027 दिनांक- 22.10.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरैला में सोलर स्ट्रीट लाइट हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्तिकर्ता हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक-23.10.2026 से दिनांक 30.10.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सील बन्द निविदा जमा कर सकते हैं। ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा सील बन्द लिफाफे में ही स्वीकार की जायेगी।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1.	40+40+9=89 स्ट्री लाईट प्रति नग	89	808704

नियम एवं शर्ते-1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी। 2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश से होगी। 3. सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। 4. भुगतान निर्माण समिति की स्वीकृत के बाद ही होगा। 5. निविदा बिना कारण बताए निरस्त भी की जा सकती है।
6. आपूर्तिकर्ता का जीएसटी विभाग मश रजिस्ट्रेशन अवश्य होना चाहिए।

कविराज यादव
प्रधान- सुरैला, वि.ख.
मुफ्तीगंज,जनपद जौनपुर

आकाश यादव
सहायक विकास अधिकारी
समाज कल्याण/ग्राम पंचायत अधिकारी
सुरैला मुफ्तीगंज, जौनपुर

संक्षिप्त

डालमियानगर में ६० फ़ीट रावण का धू-धू कर जला पुतला

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। विजयदशमी पर डालमियानगर झंडा चौक खेल मैदान में भव्य रावण दहन का आयोजन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रति रावण दहन को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी । 114 साल पुरानी परंपरा को देखने के लिए मैदान में एक लाख से अधिक लोगों का जैन सैलाब उमड़ा था।। 60 फीट ऊंचे रावण का पुतला बनाया गया था जिसका दहन आतिशबाजियों के साथ बड़े ही शानदार तरीके से किया गया। इस बार रावण के साथ कुंभकरण और मेघनाद के पुतले दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने प्रभु श्री राम का जयकारा लगाया और रावण दहन का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डेहरी विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह और डेहरी एसडीएम निलेश कुमार ने फीता काटकर और पुतले में आग लगाकर किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि रावण दहन से समाज को बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया ।इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस और प्रशासन ने भारी बंदोबस्त किए गए थे। जहां डेहरी विधानसभा क्षेत्र सहित दूर दराज से लाखों की संख्या में लोग रावण का पुतला दहन कार्यक्रम का देखने के लिए जन सैलाब में तब्दील कर दिया। बुराई पर अच्छाई के प्रतीक रावण दहन के बाद लोगों ने सत्य और धर्म की हुई विजय को लेकर यह सीख ली की अहंकार सबसे बुरी बात है। अहंकारी रावण ने जैसा किया उसका अंत निश्चित रूप से श्री राम ने कर दिया।

अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या कर फेंका गया शव मिला

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के डुमरा गांव में एक अधेड़ की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गयी। मृतक की पहचान गांव निवासी स्वर्गीय राधा किशुन तिवारी के 50 वर्षीय पुत्र जनार्दन तिवारी के रूप में हुई है।उनका शव गांव के बीच दलित बस्ती की ओर जाने वाले रास्ते पर खून से लथपथ अवस्था में मिला। घटना की खबर फैलते ही गांव में सनसनी फैल गयी और घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। जनार्दन तिवारी खाना खाने के बाद घर से निकले थे। देर रात तक उनके वापस नहीं लौटने पर परिजन चिंतित थे।शव मिलने की खबर फैलते हीघटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गयी. घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। करगहर थानाध्यक्ष थानाध्यक्ष के अनुसार, मृतक की छाती और ललाट पर जख्म के निशान मिले हैं।परिजनों ने पुलिस को बताया कि जनार्दन तिवारी की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी. वह खेती और पशुपालन के काम में ही व्यस्त रहते थे।ऐसे में हत्या के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया है। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने के साथ ही वारदात में शामिल लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छानबीन कर रही है।

कार से 343 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र में एन एच 19 पर गिरधारिया मोड के पास पुलिस ने बुधवार को छापामारी कर 343 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने एक स्विफ्ट कार को जब्त किया और कैमूर जिले के तस्कर विशाल कुमार को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि वह अंग्रेजी शराब उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार में इसे खपाने वाला था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार में लोड 343.125लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दबोच लिया।

रोहतास में तालाब में नहाने के दौरान डूबने से बच्चे की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र के कादिरगंज में बुधवार को नयका तालाब में नहाने के दौरान पैर फिसलने से आठ वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई। डूबने वाले बच्चों की पहचान भदोखरा गांव के बलिस्टर बिंद के पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई है। इस हादसे के बाद मृतक बच्चे के परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है।पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज कर उसके परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस लाइन में स्मरण दिवस पर शहीद जवानों को दी गयी श्रद्धांजलि

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। बुधवार को पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर रोहतास पुलिस द्वारा डेहरी में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।पुलिस उप-महानिरीक्षक डॉक्टर सत्यप्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मि राज रोहतास द्वारा कारगिल चौक स्थित शहीद स्मारक पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिसकर्मियों को नमन किया गया। इस दौरान परेड का आयोजन कर शहीदों को सलामी दी गई और उनके पराक्रम को याद किया गया। अधिकारियों ने कहा कि कर्तव्य के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके अदम्य साहस और बलिदान से प्रेरणा लेकर पुलिस बल राष्ट्र सेवा और कानून-व्यवस्था के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लेता है। कार्यक्रम में जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे।

दो बाइकों की टक्कर में पिता की मौत ,पुत्र घायल

डेहरी ऑन सोन (आससे.)। रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के आरा- मोहनिया फोरलेन पर दो बाइकों की सीधी टक्कर में पिता की मौत हो गई, जबकि उनके पुत्र घायल हो गया। मृतक की पहचान पंडितपुरा गांव के 50 वर्षीय संजय सिंह के रूप में हुई है। घायल पुत्र सुधाकर कुमार का अस्पताल में इलाज चल रहा है ।पिता -पुत्र दिनारा प्रखंड कार्यालय परिसर में चल रहे हैं मिट्टी भराई का काम देखने के लिए बाइक से गए थे ।इस दौरान समता कॉलेज के पास बुलेट बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी ।अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में संजय सिंह की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों बाइकों को जब्त कर आगे की काररवाई शुरू कर दी है।


सिद्धार्थनगर में २३८ शीशी कोडीन सीरप बरामद, पुलिस ने घेर कर युवक को पकड़ा

सिद्धार्थनगर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की बांसी कोतवाली पुलिस ने तेलौरा के पास एक व्यक्ति को 238 शीशी प्रतिबंधित कोडीन सीरप तथा नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ अभिषेक महाजन ने बताया कि बांसी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक की टीम को क्षेत्र गस्त के दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि तेलौरा के पास एक मकान में एक व्यक्ति नशीली दवाई के साथ तेलौरा से रोहुआ रोड पर स्थित ट्रैवल एजेन्सी से कहीं जाने की फिराक में है। इस सूचना पर वे अपनी टीम के साथ रोहुआ रोड पर स्थित ट्रैवल एजेन्सी के पास पहुंचे। ट्रैवल एजेन्सी के पास बने मकान में एक व्यक्ति एक बैग व बोरा लिए खड़ा दिखाई दिया। घेर कर पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022457
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।



सूर्योदय : ०५.५९
सूर्यास्त : ०५.२५
तापमान
अधि. : ३१.०
न्यून. : २०.०

संवेदनशीलताके साथ करें हर पीड़ित की सहायता-योगी



जनत दर्शन में २०० लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने, समाधान कराने का दिया भरोसा

गोरखपुर (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सबकी समस्या का समाधान करते हुए जन कल्याण और नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है। सरकार के इस संकल्प के अनुरूप हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि जमीन जायदाद से जुड़ा विवाद पारिवारिक हो तो संबंधित पक्षों को बैठाकर आपसी संवाद से निस्तारण कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कुछ लोग उपचार के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उपचार के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि उपचार से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने इलाज में सहायता के लिए आए लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा। न होने की दशा में उन्होंने हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों के साथ आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया और चॉकलेट देते हुए प्यार व आशीर्वाद दिया।

इंटरनेटका इस्तेमाल मौलिक अधिकार-सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट तक पहुंच और उसके इस्तेमाल को बच्चों समेत प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार बताते हुए केंद्र सरकार को बाल यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार सामग्री (सी-सीम) की पहचान और उसे हटाने के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने का निर्देश दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने सोशल मीडिया खातों में बच्चों के लिए 'चाइल्ड मोड' शुरू करने का सुझाव भी दिया, जिसमें अभिभावकों की सहमति और निगरानी सुनिश्चित की जाए। अदालत ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बच्चों की सुरक्षा के नाम पर उन्हें इंटरनेट से पूरी तरह वंचित नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय डेटाबेस में शामिल सामग्री की कम से कम तीन प्रशिक्षित विशेषज्ञों से स्वतंत्र जांच कराई जाएगी। डेटाबेस से मेल खाने वाली बाल यौन शोषण सामग्री को डिजिटल प्लेटफॉर्म को तत्काल हटाना होगा।

जमीन के बैनामे के बजाय, अधिकारोंके लिए संघर्ष करें किसान-राकेश टिकैत

बिजनौर (एजेंसी)। बिजनौर में किसान महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने जमीन के उचित मुआवजे को लेकर किसानों से एकजुट होकर आंदोलन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान जमीन के बैनामे करने के बजाय अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करें, ताकि उन्हें सर्किल रेट के अनुसार उचित मुआवजा मिल सके। टिकैत ने हाईवे और इंडस्ट्रियल एरिया के लिए जमीन देने से पहले किसानों से अपने अधिकारों की आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर किसानों को भूमिहीन बनाने की कोशिश करने का आरोप भी लगाया और किसान संगठनों में गुटबंदी खत्म कर एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया।बिजनौर में आयोजित किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने जमीन के मुआवजे का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे जमीन के बैनामे करने के बजाय अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करें।टिकैत ने कहा कि किसानों को अपनी जमीन के उचित मुआवजे के लिए एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। उनके मुताबिक, किसानों को सर्किल रेट के अनुसार मुआवजा दिलाने के लिए सामूहिक संघर्ष जरूरी है। उन्होंने किसानों से जमीन से जुड़े मामलों में अपने हितों को ध्यान में रखते हुए संगठित रहने का आह्वान किया।महापंचायत में हाईवे और इंडस्ट्रियल एरिया के लिए ली जाने वाली जमीन के मुआवजे का मुद्दा भी उठाया गया। राकेश टिकैत ने किसानों से कहा कि जमीन देने से पहले वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाएं और उचित मुआवजे की मांग करें।उन्होंने सर्किल रेट के अनुसार मुआवजा मिलने की जरूरत पर जोर दिया। किसानों की जमीन से जुड़े मामलों में एकजुट होकर आंदोलन करने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना जरूरी है। महापंचायत में जमीन और मुआवजे से जुड़े सवाल किसानों के लिए अहम मुद्दे के रूप में सामने आए।राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार पर किसानों को भूमिहीन बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने किसानों से जमीन से जुड़े मामलों में सतर्क रहने और अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की अपील की। टिकैत ने कहा कि किसानों को अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहना चाहिए।

उन्होंने हाईवे और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए जमीन दिए जाने के मामलों में उचित मुआवजे की मांग को मजबूती से उठाने पर जोर दिया।

देशसे २०२९ तक नशे का खात्मा करनेका लक्ष्य-गृहमंत्री

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 दिसंबर 2029 तक देश से नशे की समस्या खत्म करने का लक्ष्य तय किया है। बुधवार को नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में



पुलिस स्मृति दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने देशभर के पुलिस बलों से इस दिशा में मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने के साथ अर्थव्यवस्था पर बोझ डालता है और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लगे संगठनों को आर्थिक मदद भी पहुंचाता है। शाह ने कहा कि देश ने इस साल 31 मार्च को नक्सलवाद से मुक्ति हासिल की। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद से अब तक 36,852 पुलिसकर्मी कर्तव्य निभाते हुए शहीद हुए हैं। इन जवानों का बलिदान देश की सुरक्षा, प्रगति और विकास की नींव है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बिना लोकतंत्र की रक्षा और लोकतांत्रिक व्यवस्था का सुचारु संचालन संभव नहीं है। शाह ने दावा किया कि बिहार और उत्तर प्रदेश में चुनावी हिंसा समाप्त हो गई है और सुरक्षा बलों की सतर्कता से इस बार पश्चिम बंगाल में भी पहली बार चुनाव हिंसामुक्त संपन्न हुए। इससे पहले गृह मंत्री ने 'नशे के खिलाफ लड़ाई' की थीम पर राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर देशव्यापी मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर ट्रंप का बड़ा बयान

वॉशिंगटन (एजेंसी)। भारत और अमेरिका ट्रेड डील (व्यापार समझौता) के काफी करीब पहुंच चुके हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह समझौता पहले किए गए समझौतों से काफी अलग होगा। मंगलवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब पहुंच गए हैं। एक सवाल के जवाब में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, वे (भारत) समझौता करना चाहते हैं। हम समझौता करेंगे। हां, हम इसके काफी करीब हैं। यह समझौता अब तक किए गए हमारे समझौतों से काफी अलग होगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत की यात्रा के दौरान व्यापार, ऊर्जा, टेक्नोलॉजी, रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। मार्को रुबियो ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि दोनों पक्ष एग्रीमेंट को फाइनल करने के करीब हैं, बस कुछ ही मुद्दों पर बात होनी बाकी है। उन्होंने कहा, मैं कहूंगा कि हम बिना किसी एग्रीमेंट के जितना करीब हो सकते हैं, उतने करीब हैं।

आपका आरोप : मुख्यमंत्री मान को दिल्ली एयरपोर्ट पर रोका, ५०,००० का काटा चालान

नयी दिल्ली (आससे.)। आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को दिल्ली एयरपोर्ट पर तीन घंटे रोका गया। पेरिस से लौटने के बाद अधिकारियों ने मान का 50 हजार रुपए का चालान भी काटा। अधिकारियों ने इसके पीछे ऊपर से बहुत दबाव होने की बात कही। दिल्ली के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने ङ्ग पर पोस्ट कर कहा कि जैसे दशहरे पर रावण का घमंड खत्म हुआ था, वैसे ही केंद्र सरकार का अहंकार टूटना चाहिए।मान पेरिस में 17 से 21 अक्टूबर तक चल रहे अंतरराष्ट्रीय फूड ट्रेड एग्जीबिशन शैल पेरिस 2026 में शामिल हुए थे। केंद्र के फैसले के खिलाफ मान को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने फ्रांस दौरे की परमिशन दी थी।पंजाब-क्क के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने इस घटना को केंद्र की ओर से मान की विदेश यात्राओं की अनुमति बार-बार रोकने से जोड़ा। उन्होंने ङ्ग पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि अधिकारियों ने शुरू में सामान आने या जांच में देरी का हवाला दिया। जब मुख्यमंत्री मान का सामान उनकी गाड़ी में लोड होने वाला था और वे जाने वाले थे, तभी अधिकारियों ने यह कहते हुए चालान जारी कर दिया कि वे ऊपर से भारी दबाव में हैं।विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा, उनसे पूछिए कि जुर्माना किस बात पर लगाया गया। मेरी जानकारी के मुताबिक, मैं आपको पहले भी बता चुका हूं कि एक यात्री दो बोतलें ला सकता है, लेकिन वे 8 से 10 बोतलें लेकर आए थे। इसलिए उन पर जुर्माना लगाया गया। कानून हर व्यक्ति के लिए समान है, चाहे वह मुख्यमंत्री ही क्यों न हो। नेता बलतेज पन्नू ने केंद्र सरकार पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मान पंजाब के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ावा देने के लिए पेरिस में आयोजित स्ढ्ढरु फूड ट्रेड एग्जिबिशन में शामिल हुए थे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0, मीरजापुर

पत्रांकः- 4775 / 53काम-मी0वृत्त / 26-27 दिनांक:-13.10.2026

अल्पकालीन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मिक बिडिंग
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के पात्र एवं पंजीकृत मार्ग श्रेणी कालम-13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए आइटम रेट के आधार पर आन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

2.

क्रमांक	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण सहित कुल लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यदायी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीकरण श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
राज्य राजमार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत स्वीकृति की प्रत्याशा में												
1	सोनभद्र	कलवारी रावर्ट्सगंज खलियारी (राज्य मार्ग- 154) मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लम्बाई 15.00 किमी0) चैनेज- 79.320 से 94.320 (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	3350.00	83.75	3433.75	50.00	7720.00 (GST सहित)	14 माह	निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0 सोनभद्र	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर	मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर	A

3. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 9 के अनुसार होगी।
4. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
5. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नहीं ली जा सकती।
6. ई निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (एस0बी0डी0) आन लाईन दिनांक 23.10.2026 से 13.11.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो आन लाईन (htttp://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
8. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0
सोनभद्र।

अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0
मीरजापुर।

उ.प्र.:-258973 दिनांक-21.10.2026 वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

शेष

यूपी में...

असलहे लहराते हुए खुलेआम घूमते थे। पुलिस अपराधियों पर हाथ डालने से पहले सोचती थी। कार्रवाई करने पर अपराधी के बजाय अधिकारी पर ही गाज गिर जाती थी। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में अपराधियों को पता है कि उनका आखिरी ठिकाना कहां है। योगी ने कहा कि पहले पुलिस नेताओं के पालतू जानवरों को जंगल में तलाशने में लगी रहती थी। एसपी और थानेदार किसी अपराधी के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले कई बार सोचते थे। कुछ ही घंटों में अपराधी के बजाय अधिकारी पर कार्रवाई हो जाती थी। उस दौर में अपराधी खुलेआम असलहे लहराते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग पुलिस की एनकाउंटर नीति पर सवाल उठाते हैं और माफिया की कब्र पर जाकर छाती पीटते हैं, वे शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों के आंसू पोंछने नहीं जाते।

महिला आरक्षण...

विपक्ष की सहमति नहीं लेने का आरोप- खड़गे ने कहा कि सरकार ने अप्रैल 2026 में परिसीमन से जुड़ा संविधान संशोधन विधेयक कम समय में और विपक्ष की सहमति के बिना लाने की कोशिश की। उन्होंने बड़े संवैधानिक बदलावों से पहले सभी दलों से चर्चा करने और सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की।3. चुनाव आयुक्तों को कानूनी संरक्षण देने वाला कानून हटाने की मांग- खड़गे ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की धारा 16 हटाने की मांग की। इस धारा के तहत चुनाव आयुक्तों को उनके आधिकारिक काम से जुड़े कुछ मामलों में कानूनी संरक्षण मिलता है।खड़गे ने आरोप लगाया कि इससे उनकी जवाबदेही कम होती है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने, पुरानी व्यवस्था बहाल करने और मतदाता सूची में बदलाव की निगरानी बढ़ाने की मांग की।लोकसभा सीटें बढ़ाने से जुड़े 3 विधेयक को 17 अप्रैल को जरूरी दो-तिहाई बहुमत नहीं मिलने के कारण पारित नहीं किया जा सका। इस मुद्दे पर खड़गे ने प्रधानमंत्री को 11 अप्रैल, 16 जुलाई, 27 अगस्त और 16 अक्टूबर 2026 को पत्र लिखे थे।

पुलिस स्मृति...

जाता है। यह दिवस 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सैनिकों के घात लगाकर किए गए हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 10 जवानों की स्मृति में मनाया जाता है।

इंटरनेट...

निजता की सुरक्षा, बहलाकर शोषण के जाल में फंसाने और यौन शोषण के लिए ब्लैकमेल करने जैसी गतिविधियों के प्रति जागरूक करने के कदम उठाने को कहा। अदालत ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा और उनकी स्वतंत्रता एक-दूसरे के विरोध में नहीं हैं।

जंतर-मंतर...

प्रसाद ने दोनों नेताओं से पूछा कि जब प्रदर्शन पर प्रतिबंध था, तो वे जंतर-मंतर क्यों गए? उन्होंने कहा आपने बॉन्ड का उल्लंघन किया है। आप दोनों जेन-जी नहीं हैं। अदालत ने उनके संगठन के उद्देश्य पर भी सवाल उठाए। सुनवाई के दौरान अदालत ने अन्य देशों में छात्र आंदोलनों के हिंसक होने की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वालों की जिम्मेदारी अधिक होती है। यदि वे बैरिकेड तोड़ेंगे, तो दूसरे लोग भी उनका अनुसरण कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में संभव है कि कुछ लोग उनके नियंत्रण से बाहर हो जाएं। न्यायमूर्ति प्रसाद ने कहा कि देश के बाहर ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जहां छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ आंदोलन आगजनी और इमारतों को जलाने तक पहुंच गया।

बिना...

कि विभिन्न स्थानों पर मंत्रियों के वॉयस मैसेज भेजे जा रहे हैं। अखिलेश ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग से हस्तक्षेप करने की मांग की। शिक्षामित्रों के मुद्दे पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षामित्रों से जुड़ी योजना को अधूरा छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर शिक्षामित्रों को पूर्ण शिक्षक बनाकर सरकारी नौकरी देने का काम किया जाएगा। सपा अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री आजम खान के साथ अन्याय होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी उन्हें न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयास करती रहेगी। अखिलेश यादव ने दावा किया कि मुख्यमंत्री की कुर्सी सुरक्षित नहीं है और जनता इस बार भाजपा से सत्ता छीनने जा रही है।

भारतके बाहर...

और भारत की मजबूती से परेशानी है, वही लोग आज भारत के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं। दुष्प्रचार वाली ये ताकतें भारत के अंदर भी हैं और भारत के बाहर से भी स्पॉन्सर्ड (प्रायोजित) हैं।उन्होंने कहा कि रामभक्तों पर अत्याचार करने वाले भी अब कालनेमि की भांति राम-राम चिल्लाह रहे हैं। सीएम योगी मंगलवार शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी लोगों को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज को बांटने वाली ताकतों की साजिश से जब भारत कमजोर होता है तब उसकी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत पर आघात होता है। भारत जब कमजोर होता है तब कोई राम जन्मभूमि अपमानित होती है। भारत जब कमजोर होता है तब कोई कृष्ण जन्मभूमि अपमानित होती है। भारत जब कमजोर होता है तब कोई काशी विश्वनाथ का मंदिर अपमानित होता है। जब भारत कमजोर होता है तब कोई सोमनाथ का मंदिर तोड़ा जाता है, लूटा जाता है। जब भारत कमजोर होता है तब नारी गरिमा तार-तार होती है। उनके बाजार लगते हैं, उनकी बोलियां लगती हैं, उन्हें नीलाम किया जाता है। मुख्यमंत्री ने समझाया कि इसके इतर जब भारत मजबूत होता है, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा यशस्वी नेतृत्व प्राप्त होता है, तब भारत 500 वर्ष पहले तोड़ी गई गरिमा को वापस पाने में समर्थ होता है और अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण होता है। सीएम योगी ने कहा कि जो लोग भारत को कमजोर करना चाहते हैं, उन लोगों को अयोध्याधाम में त्रेतायुग का स्मरण, वहां भव्य दीपोत्सव, प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण कैसे बर्दाश्त होगा? यही कारण है कि ऐसे लोग लगातार दुष्प्रचार और भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं कि अयोध्या को कैसे अपमानित किया जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या के बारे में वे लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं, जिन लोगों ने अभी तक अयोध्या में रामलला के दर्शन भी नहीं किए। जिन्होंने राम मंदिर के खिलाफ रामभक्तों पर गोलियां चलाई थीं। जिन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर अत्याचार की पराकाष्ठा की थी, आज वे भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सबको याद करना होगा कि देश है तो धर्म भी है। धर्म है तो हम सब भी हैं। ?कोई व्यक्ति, कोई समाज, कोई जाति, तब तक सुरक्षित नहीं है जब तक कि भारत सुरक्षित नहीं है। जब तक सनातन सुरक्षित नहीं है तब तक कोई सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि इस तथ्य में अगर किसी को गलतफहमी हो तो वह दुनिया के अंदर देख ले। सीएम योगी ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, संकल्प और मन, वचन व कर्म की एकरूपता का संदेश देता है। रामलीलाएं भी श्रीराम के जीवन का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाने के साथ सामाजिक समरसता का आदर्श प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि रामलीलाएं समाज को जोड़ने और समरसता का संदेश देने का काम करती हैं।

सीजेपीके...

थाने में नवनियुक्त विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने उनकी हिरासत बढ़ाने की मांग की, जिस पर मजिस्ट्रेट ने दोनों को दो दिन और जेल में रखने का आदेश दिया।दोनों नेता जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के मामले में हिरासत में हैं। आरोप है कि प्रतिबंध लागू होने के बावजूद वे बंद गेट पार कर जंतर-मंतर परिसर में दाखिल हुए थे। वहां सीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने तिरंगा लहराया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया था। 13 अक्तूबर को उन्हें पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।जानकारी के अनुसार, सीजेपी नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को दिल्ली की स्पेशल एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट (एसईएम) अदालत ने पांच दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजते हुए तिहाड़ जेल भेजने के आदेश दिए हैं। इन दोनों नेताओं पर पहले से तय बेल बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर, इसी मामले में शामिल तीसरे नेता अजिंक्य शिंदे को राहत देते हुए अदालत ने उनसे नया बेल बॉन्ड भरवाकर प्रक्रिया पूरी की है।   जंतर-मंतर को प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों की सूची से हटाए जाने के बाद भी सीजेपी के नेताओं ने वहां विरोध प्रदर्शन किया। रांका, दास और पार्टी के अन्य कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पार कर अंदर पहुंचे और तिरंगा लहराते हुए नारेबाजी की। इसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस की कार्रवाई ऐसे समय हुई, जब सीजेपी और विपक्षी दल मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग का विरोध कर रहे हैं।सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या अब राष्ट्रीय ध्वज फहराना भी गैरकानूनी हो गया है? उन्होंने कहा कि आशु और सौरव को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उनकी गलती? जंतर-मंतर पर तिरंगा फहराना। थोड़ी हिम्मत दिखाइए, नरेंद्र मोदी। अगर आप विरोध की आवाज को दबाने के लिए इतने ही पक्के इरादे वाले हैं, तो इन कायरतापूर्ण तरीकों की आड़ लेने के बजाय आधिकारिक तौर पर आपातकाल घोषित करने की हिम्मत दिखाइए।सीजेपी नेता अजिंक्य शिंदे ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराने और %भारत माता की जय% के नारे लगाने के कारण अशुतोष रांका और सौरव दास को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि आज अशुतोष का जन्मदिन है और इसी दिन उन्हें जेल भेजा गया।

अथलेटिक्समें स्वर्णकी बौछार

एशियाई पैरा खेल : ट्रैक और फील्ड खिलाड़ियोंने पांच स्वर्ण समेत १८ पदक जीते, भारत पांचवें स्थानपर


सिमरन शर्मा


प्रवीण


सचिन खिलारी

नागोया (एजेन्सियां)। फर्राटा धाविका सिमरन, ऊंची कूद में प्रवीण कुमार और शाटपुट में सचिन खिलारी ने नये रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते और ट्रैक और फील्ड खिलाड़ियों ने बुधवार को पांच स्वर्ण समेत १८ पदक भारत की झोली में डालकर पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। सिमरन (महिलाओं की १०० मीटर टी१२), प्रवीण (पुरुषों की ऊंची कूद टी४४.६४) और सचिन (पुरुष शाटपुट एफ४६) के अलावा दिलीप गावित (पुरुषों की १०० मीटर टी४७) और आयुष वर्मा (पुरुषों की शाटपुट एफ५३) ने भी सुनहरी सफलता हासिल की। पुरुषों की शाटपुट एफ४६ स्पर्धा में भारत ने 'क्लीन स्वीप' करते हुए तीनों पदक जीते। पैरा तीरंदाजी, पैरा तैराकी और पावरलिफ्टिंग में भी भारत ने पदक जीते। भारत को अब तक मिले १४ में से १३ स्वर्ण पैरा अथलेटिक्स दल ने जीते हैं। भारत ने २१ रजत (१३ अथलेटिक्स में) और २७ कांस्य (१६ अथलेटिक्स में) समेत कुल ६२ पदक अपने नाम किये हैं। सिमरन ने १२.०२ सेकेंड के खेलों के रेकार्ड समय के साथ महिला १०० मीटर टी१२ स्पर्धा जीतकर एशियाई पैरा खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने मंगलवार को खेलों के नये रेकार्ड के साथ २०० मीटर स्पर्धा में स्पर्धा पदक जीता था। प्रीति ने महिलाओं की १०० मीटर टी३५ स्पर्धा में रजत पदक जीता। वह मंगलवार को २०० मीटर टी३५ में दूसरे स्थान पर रही थी। भारत को दिन का पहला पदक आयुष वर्मा ने दिलाया जिन्होंने पुरुषों की शाट पुट एफ५३ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में ८.१६ मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी४४/६४ स्पर्धा में खेलों के नये रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने २.०५ मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जबकि बंटी ने १.९२ मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुषों की शॉटपुट एफ४६ स्पर्धा में सचिन खिलारी ने एशियाई पैरा खेलों के नये रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के ही मोहम्मद यासर ने तीसरे प्रयास में १५.०६ मीटर का थ्रो करके रजत पदक जीता जबकि परवीन १४.९४ मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। सुबह के सत्र में बंटी (पुरुषों की ऊंची कूद टी४४/६४), भाग्यश्री जाधव (महिलाओं के शाट पुट एफ३४), मोहम्मद यासर (पुरुषों के शाट पुट एफ४६) और मनजीत (पुरुषों के भाला फेंक एफ१२/१३) ने रजत पदक अपने नाम किये। अनुभव चौधरी (पुरुषों की १०० मीटर टी३५), परवीन (पुरुषों का शाट पुट एफ४६) और राकेशभाई भट्ट (पुरुषों की १०० मीटर टी३७) ने कांस्य पदक जीते। दिलीप गावित ने पुरुषों की १००मीटर टी४७ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के ही मोहम्मद मोर्सिंगनाकथ को रजत पदक मिला। टी४६ खिलाड़ी गावित ने १०.६९ सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण हासिल किया। वहीं टी४७ खिलाड़ी मोर्सिंगनाकथ ने १०.७२ सेकंड का समय निकाला। सुखचैन ने पुरुष भाला फेंक एफ५५ स्पर्धा में २९.९४ मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। शरथ माकनहल्ली ने पुरुषों की १५०० मीटर टी१२ स्पर्धा में चार मिनट 11.01 सेकेंड के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ कांस्य पदक जीता। पैरालंपियन करमज्योति दलाल ने महिला चक्का फेंक एफ५५ स्पर्धा में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं शैलेष कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी४२/टी६१/टी६३ स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। शैलेष ५.५७ मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के ही महेंद्र गुर्जर ५.५६ मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे। जापान के हाजिमे कोंडो ने ६.५१ मीटर के खेलों के रेकार्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। थाईलैंड के फालाथिप खामता ने ६.४१ मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। शैलेष ने ५.४० मीटर के साथ शुरुआत की और दूसरे प्रयास में ५.४४ मीटर की कूद लगायी। उनका तीसरा प्रयास ५.५५ मीटर का रहा जबकि चौथा प्रयास फाउल था। पांचवें प्रयास में उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ५.५७ मीटर की कूद लगायी।


आयुष वर्मा



पैरा बैडमिण्टन

कृष्णा-सिवाराजन को एसएच६ में रजत

नागोया (एजेन्सियां)। भारत के कृष्णा नागर और सिवाराजन सोलाइमलाइ ने एशियाई पैरा खेलों की पुरूष युगल एसएच६ बैडमिंटन स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि एसएल४ वर्ग में भारत के तीन पदक पक्के हो गए । कृष्णा और सिवाराजन तीन मैचों में एक जीत और दो हार के बाद दूसरे स्थान पर रहे । सिर्फ चार टीमें होने के कारण ग्रुप में स्थिति के आधार पर पदक तय किये गये। चीन के लिन नेइली और किंगताओ जेंग ने तीनों मैच जीतकर स्वर्ण पदक जीता । इंडोनेशिया के अजी दिमास त्रि और सुभांतुक ने दो मैच गंवाने के बाद कांस्य पदक हासिल किया। एसएच६ श्रेणी पैरा बैडमिंटन में कम कद के खिलाड़ियों के लिए है। इससे पहले मौजूदा चैम्पियन सुहास एलवाई और दो अन्य खिलाड़ियों के सेमीफाइनल में पहुंचने से भारत ने पुरुषों के एकल एसएल४ बैडमिंटन प्रतियोगिता में तीन पदक पक्के कर दिये। वर्तमान में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और आईएएस अधिकारी सुहास ने कोरिया के चो नादान को २१-१२, २१-१६ से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी जहां उनका सामना इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से होगा। सेतियावान ने क्वार्टरफाइनल के एक अन्य मैच में भारत के सुकांत कदम को २१-१७, १८-२१, २१-१५ से हराया। दूसरा सेमीफाइनल दो अन्य भारतीय खिलाड़ियों नवीन शिवकुमार और अभिजीत सखूजा के बीच खेला जायेगा। नवीन ने क्वार्टरफाइनल में कोरिया के शिन क्युंग ह्वान को २१-१४, २१-४ से जबकि अभिजीत ने हमवतन सूर्यकांत यादव को २१-१६, २१-१२ से हराया। एसएल४ श्रेणी में ऐसे खिलाड़ी भाग लेते हैं जिनके निचले अंग दिव्यांग होते हैं लेकिन दौड़ने में उनका संतुलन एसएल३ श्रेणी के खिलाड़ियों से बेहतर होता है।

शीतल-पायल ले आयीं चांदी, स्वाति और आदिलको कांस्य

पैरा तीरंदाजी

नागोया (एजेन्सियां)। शीतल देवी और पायल नाग की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में फाइनल में हारने के कारण रजत पदक हासिल किया जबकि स्वाति चौधरी और आदिल मुहम्मद नजीर अंसारी ने मिश्रित टीम डब्ल्यू१ रिकर्व में कांस्य पदक जीता। जन्म से ही बिना हाथों वाली शीतल तथा हाथ और पांव से दिव्यांग पायल स्वर्ण पदक के मुकाबले में चीन की जू जुएकिंग और झाओ जिंग से १४१-१५० से हार गयीं। भारतीय खिलाड़ी शुरू से ही चीन की खिलाड़ियों के सामने संघर्ष करती हुई दिखी। शीतल ने बेहतर खेल दिखाया और उन्होंने चार १० अंक हासिल किये लेकिन पायल उनकी तरह प्रदर्शन नहीं कर पायी। उन्होंने अपने अंतिम तीर पर सात अंक बनाये। इससे पहले वह केवल नौ और आठ अंक ही हासिल कर पायी थी। शीतल ने इस स्पर्धा में लगातार दूसरा रजत पदक जीता है। पिछले एशियाई पैरा खेलों में उन्होंने सरिता देवी के साथ जोड़ी बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। व्यक्तिगत स्पर्धा में भी वह स्वर्ण पदक की दावेदार हैं। जम्मू और कश्मीर के किश्तवार जिले में बसे लाइधर गांव की रहने वाली शीतल फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ जन्मजात स्थिति के कारण भुजाहीन पैदा हुई थी। आठ साल की उम्र में पायल ११००० वोल्ट की हाई-टेंशन बिजली की लाइन के संपर्क में आ गयी जिससे उनके हाथ और पांवों को काटना पड़ा था। इस बीच तोमन कुमार और श्याम सुंदर स्वामी की पुरुष युगल जोड़ी कांस्य पदक से चूक गयी। उन्हें चीन के ऐ शिनलियांग और झांग यिचेंग से १५३-१५४ से हार का सामना करना पड़ा। वहीं स्वाति और आदिल की जोड़ी ने मिश्रित टीम डब्ल्यू१ रिकर्व में कांस्य पदक जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी कोरिया की किम ओक गियुम और पार्क होंग जो से २-६ से हार गयी। ड्रा में तीन ही टीमें होने के कारण कांस्य पदक का मुकाबला नहीं खेला गया। कोरिया ने चीन को शूटआफ में ५-४ से हराकर स्वर्ण पदक जीता।



कस्तूरी राजमणिने उठाया चांदी का भार

एशियाई पैरा खेल

नागोया (एजेन्सियां)। भारतीय पावरलिफ्टर कस्तूरी राजामणि ने बुधवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में महिलाओं के ६७ किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। तमिलनाडु की रहने वाली कस्तूरी ने अपने तीसरे और अंतिम प्रयास में १०८ किलोग्राम वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया जबकि उनकी करीबी प्रतिद्वंदी किम ह्योंगहुई अपने अंतिम प्रयास में लड़खड़ा गयीं और उन्हें १०७ किलोग्राम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। उज्बेकिस्तान की रुखशोना उक्तामोवा ने १२७ किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। कस्तूरी ४२ वर्ष की है और उनके दोनों पैरों में पोलियो है। उन्होंने बचपन में ही अपनी मां को खो दिया था और उनका पालन पोषण उनकी दादी ने किया था। भारत का मौजूदा खेलों में पावरलिफ्टिंग में यह दूसरा पदक है। मंगलवार को अशोक कुमार मलिक ने पुरुषों के ६५ किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता था।

तैराक हिमांशुने दूसरा कांस्य जीता

नागोया (एजेन्सियां)। भारतीय तैराक हिमांशु नंदल ने बुधवार को यहां पुरुष १०० मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एस११ स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहते हुए एशियाई पैरा खेलों में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। हरियाणा के रोहतक के इस २२ वर्षीय खिलाड़ी ने एक मिनट २०.७२ सेकेंड का समय निकाला। आप्टिक नर्व में खराबी के कारण वह जन्म से ही पूरी तरह दृष्टिबाधित हैं। चीन के यांग बोझुन ने एक मिनट १२.६९ सेकेंड के खेलों के रेकार्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान के केइची किमुरा ने एक मिनट १२.७२ सेकेंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। हिमांशु ने मंगलवार को पुरुषों की ४०० मीटर फ्रीस्टाइल एस११ स्पर्धा में चार तैराकों के बीच पांच मिनट १०.९१ सेकेंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया और अपना पहला पदक जीता। खेल पृष्ठभूमि वाले परिवार से आने वाले हिमांशु को उनके पिता से प्रेरणा मिली जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर हाकी खेली थी। वह चार साल की उम्र में दिल्ली आ गये थे और यहां 'नेशनल असोसियेशन फार द ब्लाइंड' से जुड़े जहां उन्होंने ब्रेल लिपि सीखी। वर्ष २०२४ में वह पेरिस पैरालम्पिक के लिए न्यूनतम क्वालीफाइंग मानक हासिल करने वाले भारत के पहले पूर्ण दृष्टिबाधित तैराक बने। पैरा तैराकी में एस११ वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए है जिन्हें गंभीर दृष्टिबाधिता होती है। इसमें बेहद कम दृष्टि वाले या प्रकाश का बिल्कुल भी आभास नहीं कर पाने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी अहमदाबाद में २३ से

अहमदाबाद (एजेन्सियां)। अहमदाबाद २३ से ३१ अक्तूबर तक पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी चैम्पियनशिप की मेजबानी करेगा। नौ दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में १३ देश हिस्सा लेंगे। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) की स्वीकृति से भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) द्वारा आयोजित इस चैम्पियनशिपमें २३ टीम और ४०० से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान ६२ मुकाबले होंगे। इसकी औपचारिक घोषणा बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में की गयी। भारतीय पुरुष टीम की कप्तानी सुरजीत सिंह करेंगे जबकि महिला टीम की कमान निधि शर्मा संभालेंगी। इस प्रतियोगिता में भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नाइजीरिया, कीनिया, तंजानिया, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, युगांडा, इंगलैण्ड, स्काटलैण्ड और आस्ट्रेलिया की टीमें हिस्सा लेंगी।

जीतके साथ आगाज करना चाहेगी टीम इण्डिया

भुवनेश्वर करेंगे वापसी, न्यूजीलैण्डके खिलाफ पहला टी-२० आज

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। पिछली दो टी-२० शृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैण्ड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिए दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी। न्यूजीलैण्ड में पिछली बार भारत ने २०२२ में नेपियर में टी-२० मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रा रहा था। भारत ने वह शृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था। भारत के सिर्फ चार बल्लेबाज पहले न्यूजीलैण्ड में टी-२० खेल चुके हैं जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है। अय्यर की कप्तानी की शुरुआत आयरलैण्ड और इंगलैण्ड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू शृंखला २-२ से ड्रा खेली। अगर न्यूजीलैण्ड के खिलाफ शृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंगलैण्ड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ़ जायेगा। ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैण्ड में होने वाले टी-२० विश्वकप में वह भारत के कप्तान होंगे। वेस्टइण्डीज के खिलाफ घरेलू शृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग-अलग हालात में खेलने की आदत है। भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं। बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे। सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइण्डीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं। हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी। न्यूजीलैण्ड के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने कहा कि शानदार बल्लेबाजों से भरी भारतीय टीम के लिए सपाट पिच बनाना सही रणनीति नहीं होती। उन्होंने उम्मीद जतायी कि ग्लेन फिलिप्स और फिन एलेन जैसे उनके आक्रामक बल्लेबाज भारतीयों पर भारी पड़ेंगे। न्यूजीलैण्ड के पास जैकब डफी, मैट हेनरी, एडम मिल्ने, लाकी फर्ग्युसन, काइल जैमीसन और ब्लेयर टिकनेर जैसे अच्छे गेंदबाज हैं।

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, नीतिश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैण्ड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, मिचेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कान्वे, जैकब डफी, लाकी फर्ग्युसन, जाक फोकेस, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ।

प्रसारण-दोपहर १२.३० बजेसे।

दिल्ली कैपिटल्सके अमित मिश्रा गेंदबाजी कोच बने

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल २०२७ के लिए भारत के पूर्व लेग स्पिनर अमित मिश्रा को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ मिश्रा उसी फ्रेंचाइजी में एक नयी भूमिका के साथ वापस लौटे हैं जहां से उन्होंने अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी। ४३ वर्षीय मिश्रा ने सितम्बर २०२५ में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और अब वह पहली बार इस लीग में कोचिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। फ्रेंचाइजी के सोशल मीडिया हैंडल पर बुधवार को पोस्ट किये गये वीडियो में मिश्रा ने कहा मैं खुद को दिग्गज तो नहीं कहूंगा लेकिन आईपीएल में मेरा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। दिल्ली दिलवालों की है। जब आईपीएल का पहला सीजन हुआ था, तब मैं दिल्ली का हिस्सा था। आज, जब मैं अपने कोचिंग करियर की शुरुआत कर रहा हूं, तो वह भी दिल्ली टीम के साथ ही है, इसलिए मैं बहुत खुश हूं।

मुम्बईकी लगातार दूसरी जीत

रणजी ट्राफी
हिमाचल प्रदेशको पारीसे हराया

बिलासपुर (एजेन्सियां)। मुम्बई ने बुधवार को यहां रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप डी मैच में हिमाचल प्रदेश को पारी और ९७ रन से हराकर बोनस अंक के साथ लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहली पारी आठ विकेट पर ५२८ रन पर घोषित करने के बाद मुंबई ने पहली पारी में हिमाचल को १४० रन पर ढेर करके फालोआन के लिए मजबूर किया और फिर दूसरी पारी में भी टीम को २९१ रन पर ढेर करके आसान जीत दर्ज की। दूसरी पारी में मुंबई की ओर से तेज गेंदबाज मोहित अवस्थी ने ४४ रन देकर पांच विकेट चटकाये जबकि तुषार देशपांडे और शम्स मुलानी को दो-दो विकेट मिले। तेज गेंदबाज सिलवेस्टर डिसूजा ने एक विकेट हासिल किया। हिमाचल की ओर से कप्तान पुखराज मान ने ५० जबकि वैभव काल्टा ने ६३ रन का योगदान दिया। हिमाचल की टीम अंतिम दिन तीन विकेट पर १४४ रन से आगे खेलने उतरी जिसके बाद मान और काल्टा ने अर्द्धशतक पूरे किये।



पहले मैच में चंडीगढ़ को पारी और १५५ रन से हराने वाली मुम्बई की टीम दो मैच में १४ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। जयपुर में मेजबान राजस्थान को रेलवे ने ड्रा पर रोका। राजस्थान ने हालांकि पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किये। राजस्थान ने पहली पारी में ४९७ रन बनाये थे और फिर रेलवे को ३३८ रन पर समेटकर १५९ रन की बढ़त के आधार पर मेहमान टीम को फालोआन दिया। रेलवे ने जब दूसरी पारी में दो विकेट पर १७४ रन बनाये थे जब मैच ड्रा घोषित किया गया। दूसरी पारी में रेलवे के लिए मोहम्मद सैफ ने नाबाद १०३ जबकि ईशान गोयल ने नाबाद ५७ रन बनाएये। इससे पहले ग्रुप के अन्य मुकाबलों में तमिलनाडु ने उत्तराखंड को पारी और ६६ रन जबकि हरियाणा ने चंडीगढ़ को पारी और २४ रन से हराया।

ओलम्पियन चिक्कन पहलवान की पत्नी मिथिला पाण्डेय का निधन

हरहुआ। ओलम्पियन लक्ष्मीकांत पांडेय उर्फ चिक्कन पहलवानकी धर्मपत्नी मिथिला पाण्डेय (९६ वर्ष) का बुधवार को उनके आवास कोइरीपुर खुर्द में निधन हो गया। मिथिला पाण्डेय ने सामाजिक कार्यकर्ताके रूपमें महिलाओं, बालिकाओंके सशक्तीकरण, स्वरोजगार, पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण, गरीबों, असहायों, दिव्यांगोंकी सेवा क्षेत्रमें सराहनीय कार्य किया। यही नहीं वह कुश्ती व खेल आयोजन को बढ़ावा देने का आजीवन लड़ाई लड़ती रहीं। वह अपने पीछे नाती-पोतों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयीं। उनके निधन की खबर पर सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, भाजपा ने नेताओं कारमाइकल लाइब्रेरी से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ता सहित क्षेत्रीयग्रामप्रधान, जिलापंचायत सदस्य, पहलवान, शिक्षक, वकील और महिला संगठनों ने पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शव यात्रा में हर क्षेत्र से सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर अंतिम विदाई दी। मिथिला पांडेय का अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर सम्पन्न हुआ। मुखाग्नि छोटे पुत्र कपिल नारायण पांडेय ने दी।

भुवी पूरा करेंगे गेंदबाजीमें अनुभव की कमी-श्रेयस



क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। भारतीय टी-२० कप्तान श्रेयस अय्यर ने बुधवार को कहा कि हाल के दिनों में टीम के गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव की कमी रही है और अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की वापसी से इसे दूर करने में मदद मिलेगी। भुवनेश्वर ने चार साल बाद भारतीय टी-२० टीम में वापसी की है। इस ३६ वर्षीय तेज गेंदबाज को न्यूजीलैण्ड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-२० शृंखलाके लिए टीम में शामिल किया गया है। अय्यर ने पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि भुवी की वापसी से भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण को काफी अनुभव मिला है। आईपीएल के बाद हमें इसकी कमी खल रही थी क्योंकि टीम में काफी नये तेज गेंदबाजों को शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर ने पिछले दो वर्ष में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए वह जानते हैं कि इस प्रारूप में दबदबा बनाने के लिए क्या करना होता है।

सूर्यवंशी को रोकना मुश्किल होगा-सैंटनर

क्राइस्टचर्च (एजेन्सियां)। न्यूजीलैण्ड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने स्वीकार किया कि अगर वैभव सूर्यवंशी गुरुवारसे यहां शुरू होने वाली पांच मैचोंकी टी-२० शृंखला में भारतकी अंतिम एकादशमें जगह बनाते हैं तो उन्हें रोकना मुश्किल होगा लेकिन हमने इस युवा बल्लेबाज के लिए कुछ रणनीति तैयार की है। सूर्यवंशी को इस साल की शुरुआत में ब्रिटेन दौरे के लिए चुने जाने के बाद से बहुत कम मौके मिले हैं, क्योंकि नियमित सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। सैंटनर ने कहा कि वह (सूर्यवंशी) वेस्टइण्डीज के खिलाफ पिछली शृंखला में नहीं खेले थे लेकिन हमने आईपीएल में देखा है कि वह कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। लेकिन सूर्यवंशी की भूमिका भी काफी बड़ी है। अगर उन्हें इस शृंखला में खेलने का मौका मिलता है तो हम जानते हैं कि वह क्या कर सकते हैं।

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026


मेष- सुसमाचार की प्राप्ति, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।
वृषभ- आर्थिक उन्नति, कुछेक समस्याएं हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, विरोधी परास्त।
मिथुन- व्यक्तित्व का विकास, परिजन अनुकूल, सुसंदेश, विरोधी पराभूत, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।
कर्क- उत्साह में कमी, शत्रु प्रभावी, सम्बन्धों में कठोरता, प्रतिष्ठा पर आघात, यात्रा कष्टकर।
सिंह- कार्य में विस्तार, संयम से सिद्धि, कार्यों में वृद्धि, सम्बन्धों में सुधार, मान-प्रतिष्ठा भी।
कन्या- संकल्प सिद्धि, पदोन्नति, जिम्मेदारियों में व्यय, व्यक्तित्व का विकाय, यश-वृद्धि।
तुला- योजना साकार, सामाजिक रुचि, दायित्व पूर्ति, मन में शांति, नवस्थलों की यात्रा।
वृश्चिक- लाभ में कमी, अशांति का वातावरण, विवाद की आशंका, मित्रों से तनाव, यात्रा कष्टकर।
धनु- आर्थिक सुधार, नवीन योजना की शुरुआत, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, यात्रा सार्थक।
मकर- निराशा समाप्त, लाभ, आयोजन में सम्मिलित, बुद्धि का विकास, सामाजिक कृत्य संपन्न।
कुम्भ- जनसंपर्क का लाभ, आर्थिक सुधार, सुसंदेश की प्राप्ति, यात्रा का प्रसंग, दाम्पत्य सुख।
मीन- आंशिक सफलता, लाभ में कमी, सुख में बाधा, व्यर्थ भ्रमण, धनहानि की आशंका।

आज है जिनका जन्मदिन 22 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 22 का मूलांक 4 का स्वामी ग्रह राहु एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। आधुनिक विचारों वाले व्यक्ति होंगे। किसी भी विषय पर विचार करें लेकिन अपना विचार कब बदल देंगे कोई निश्चित नहीं रहेगा। जीवन संघर्षों से भरा रहेगा। कोई भी कार्य दूसरों से सलाह लेकर ही करेंगे। लेकिन स्वयं निर्णय नहीं ले पायेंगे। आपके जीवन में अप्रत्याशित घटनाएँ घटित होंगी। प्रेम प्रसंगों में विफलता हाथ लगेगी। लेकिन दाम्पत्य जीवन संतोषजनक रहेगा। कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान या विलम्ब पसन्द नहीं करेंगे। बाहरी आडम्बर एवं तड़क-भड़क की ओर झुकाव अधिक रहेगा। रचनात्मक गतिविधियों में भी आपकी रूचि रहेगी। इष्ट देवी-देवता की आराधना नियमित रूप से करें। जीवन में चित्र-विचित्र चमकीले रंगों से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग करें। शनिवार के दिन काले रंग की वस्तुओं का दान करें। हित के लिए असत्य बात का सहारा न लेवें। अहिंसा का पालन करें। सुख-समृद्धि व सफलता के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ
मन्त्र : ॐ रां राहवें नमः
व्रत : शनिवार
दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
दिनांक : 4, 13, 22, 31
अंक : 1, 2, 7
माम : फरवरी, अक्टूबर एवं अक्टूबर
वर्ष : 4, 13, 22, 31, 40, 49, 58, 67
रंग : काला, भूरा एवं स्लेटी
जन्मरत्न : गोमेद उपरत्न : काला अकीक
जड़ी : सफेद चन्दन की जड़ दिशा : आग्नेय
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 मार्च से 28 अक्टूबर, 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर

यन्त्र
13 8 15
14 12 10
9 16 11



सुडोकु ४०९१

8	7	6	4	5	9	2	3	1
5	3	1	6	7	2	4	8	9
4	2	9	3	1	8	5	7	6
1	6	4	7	2	5	8	9	3
9	5	3	1	8	4	7	6	2
2	8	7	9	3	6	1	4	5
3	4	2	8	6	1	9	5	7
6	1	8	5	9	7	3	2	4
7	9	5	2	4	3	6	1	8

४०९०

मना दशहरा,भरत मिलाप आज

मऊ। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा पर दशई पोखरा के बाद बुधवार को रेलवे मैदान में रावण जलाया गया। जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आये थे। भरत मिलाप गुरूवार की भोर में शाही कटरा के मैदान में 4.45बजे मनाया जायेगा। जब अजान का वक्त होगा और भरत मिलाप का विमान शाही कटरा के मैदान में स्थित मस्जिद के चैनलगेट में तीन बार टक्कर मारेगा। अतिसंवेदनशील स्थिति के चलते बुधवार की रात में ही डीएम,एसपी सहित तमाम आला अधिकारी मौके पर डट गये और भरत मिलाप देखने के लिए नागरिकों ने अपना-अपना जगह ले लिया।

गोंठा में लगा मेला, जला रावण

दोहरीघाट(मऊ)। गोंठा रामल. ीला समिति के तत्वावधान में गोंठा बाजार मंण्डी के प्रांगण में विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को विशाल मेला लगा। जिसमे कुम्भकर्ण वध ,अहिरावण, मेघनाथ बध समेत आदि लीलाओं के मंचन के पश्चात अंत में राम -रावण का युद्ध हुआ और रावण बध हुआ। मेले में अपार भीड़ रही तथा कुम्भकर्ण को जगाने की लीला आकर्षण का केंद्र रही । युद्ध का जयघोष होते ही राम व रावण के

मस्जिद के चैनलगेट में तीन बार टक्कर मारने के बाद ही गले मिलेंगे चारो भाई



बीच युद्ध होता है। जहां रावण मारा जाता है। सत्य की असत्य पर जीत होते ही गगन भेदी नारों के बीच मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र की जय उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठता है। रावण के विशाल पुतले को श्रीराम ने धनुष के बाण से आग लगाते हैं। आग लगते ही रावण का पुतला धूं-धू कर जलने लगा पटाखों की आवाज से पूरा वातावरण गूंज उठा। वहीं राम लक्ष्मण सीता व हनुमानजी को प्रसाद चढाने व दर्शन करने की महिलाओं व पुरूषों में होड़ लगी रही। वहीं मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की । मान्यता है कि राम को रसभरी जिलेबी बहुत पसंद थी उसी को प्रसाद मानकर लोग मेले में गुड़ की बनी जलेबी लोग खरी. दते हैं मेला दो भागों में बंटा रहा । एक तरफ पुरूषों का मेला तो दूसरी तरफ महिलाओं का मेला लगा रहा । जिसमें पुरूषों को जाने की मनाही रही। मेले को लेकर भारी फोर्स तैनात रही। थानाध्यक्ष रामायण सिंह मय फोर्स के साथ मेले में चारो तरफ चक्रमण करते रहे ।आस्था के आगे मंहगाई दूर-दूर तक नजर नहीं आई। दोहरीघाट में भी विशाल मेला लगा रहा ।शांति पूर्वक मेला संपन्न होने से रामलीला समिति के लोगों ने राहत की सांस ली।

चुनाव कल, तैयारियां पूरी

मऊ। जिला निर्वाचन अधिक. ारी आनन्द वर्द्धन द्वारा बताया गया कि गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 का मतदान 23 अक्टूबर को प्रात: 08.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक जनपद मऊ में निर्धारित 10 मतदेय स्थलों पर संपन्न कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के पश्चात पीठासीन अधिकारियों द्वारा सीलबंद मतपेटिकाओं तथा संबंधित अभिलेखों को जिला निर्वाचन कार्यालय, मऊ के बगल में स्थित निर्धारित कक्ष में सुरक्षित रखा जाएगा। इसके उपरांत सभी पोलिंग पार्टियों की वापसी के पश्चात सील. बंद मतपेटिकाओं एवं गोपनीय अभिलेखों को पीठासीन अधिका. रियों तथा नियुक्त मजिस्ट्रेट की अभिरक्षा में सशस्त्र पुलिस बल की सुरक्षा के साथ निर्धारित स्थल पर भेजा जाएगा। निर्धारित आदेश के अनुसार, गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 की मतपेटिकाएं 23 अक्टूबर 2026 को

गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन के लिए दस मतदान केन्द्र

गोरखपुर स्थित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय भवन में जमा कराई जाएंगी। उक्त निर्वाचन कार्य के दृष्टिगत जिला निर्वाचन कार्यालय, मऊ के बगल में स्थित चिन्हित कक्ष को 23 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक स्ट्रांग रूम घोषित किया गया है।

चाकू के हमले से दो सगे भाई जख्मी

मऊ। कोतवाली थाना क्षेत्र के सलाहाबाद मोड़ के पास पुरानी रंजिश को लेकर दूसरे पक्ष चाकू से हमला कर दो भाईयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जाता है कि विशाल चौहान पुत्र बिरजू चौहान उम्र 19 वर्ष तथा छोटा भाई मिथुन चौहान 17 वर्ष निवासी बचौना सलाहाबाद थाना सरायलखंसी बुधवार की सुबह लगभग 4.00 बजे दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन से लौट रहे थे। तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने दोनों भाइयों पर चाकू से हमला कर दिया । जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानक. ारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया । जहां दोनों की हालत को गंभीर देखकर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया । वहीं फोन पर परिजनों से बात हुई तो उन्होंने बताया कि पुराने रंजिश को लेकर धन्नु, कृष्णा और रोशन ने चाकू से दोनों युवकों पर प्रहार कर दिया था । जिसमें घायल युवकों को जिला अस्पताल भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया । जहां इलाज जारी है।

सर्पदंश से छात्रा की मौत

मऊ। चिरैयाकोट थाना क्षेत्र की सीमा से सटे गांव हथौटा निवासी पत्रकार एवं विद्यालय प्रबन्धक संजय यादव की पुत्री छात्रा की सर्प दंश से मौत हो गयी। जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गयी। संवेदना प्रकट करने वालों का तांता लग गया।

घायल ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

मऊ । मधुबन थाना क्षेत्र से एक अज्ञात व्यक्ति को होमगार्ड द्वारा दो दिन पूर्व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था । जिसकी बुधवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई । जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को 18 अक्टूबर को दोपहर 1.00 बजे गंभीर अवस्था में होमगार्ड समझ मौर्य द्वारा मधुबन थाना क्षेत्र से मऊ जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था । जिसकी बुधवार सुबह लगभग 7.30 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई । अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना सरायलखंसी को दिया । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । वहीं थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है । ज्ञात न होने पर 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

दुबारी चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

मऊ। मधुबन क्षेत्र के दुबारी चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश सिंह के लाइन हाजिर होने की खबर मिली है। बताया जाता है कि वे एक सप्ताह भी यहां ठीक से चौकी इंचार्ज के रूप में नहीं रह पाये।

मोटर साइकिलों में टक्कर, एक की मौत

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना-घोसी मुख्य मार्ग पर स्थित कोतवाली क्षेत्र के नसोपुर के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार अजय और उनके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद गोहना पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक आजमगढ़ जनपद के बिलरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम जयराजपुर निवासी असफर खान अपने ननिहाल जोगरी से बाइक से घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वह नसोपुर ग्रामसभा के पास पहुंचे, तभी भातकोल की तरफ से कोईरियापार की ओर जा रही दूसरी बाइक से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आस-पास के लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी केके वर्मा और उपनिरीक्षक आदर्श दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने असफर खान को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार अजय और उनके साथियों का उपचार कराया गया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में को. हराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रोजगार मेला तीस को

मऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सहादतपुरा, मऊ में 30 अक्टूबर को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।













खड़ी ट्रेलर में पीछे से टकरायी बाइक, एक की मौत

मऊ। विजयादशमी की रात पकवाइनार रेलवे क्रासिंग के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार आईडीएफसी बैंक के फाइनेंस अभिकर्ता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा मंगलवार की रात करीब 11 बजे हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं, मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय बलिया भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हलधरपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत निवासी प्रकाश सिंह उम्र 24वर्ष पुत्र मनोज सिंह अपने ही गांव के सोनू कन्नौजिया उम्र 18वर्ष पुत्र अनिल कन्नौजिया को बाइक पर बैठाकर रसड़ा का मेला देखने जा रहे थे। पकवाइनार रेलवे क्रासिंग पार करने के बाद ब्रेकर के बगल में खड़े एक ट्रेलर से उनकी अनियंत्रित

एक अन्य घायल, हालत गंभीर

बाइक पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रकाश सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे सोनू कन्नौजिया घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर पकवाइनार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल सोनू को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय बलिया भेज दिया गया। बताया जाता है कि प्रकाश सिंह आईडीएफसी बैंक से संबद्ध फाइनेंस अभिकर्ता के रूप में कार्यरत थे और रतनपुरा स्थित टीवीएस एजेंसी में बाइकों की फाइनेंस कराने का काम करते थे। विजयादशमी के दिन वह अपने गांव मुस्तफाबाद में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के बाद बाइक से रसड़ा के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया।प्रकाश सिंह दो भाइयों में छोटे थे, जबकि उनकी एक बहन की शादी हो चुकी है। युवा अभिकर्ता की असामयिक मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रतनपुरा प्रखंड के दक्षिणांचल स्थित मुस्तफाबाद ग्राम पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई। गांव के लोगों के लिए यह हादसा विजयादशमी की खुशियों के बीच एक बड़ी त्रासदी बन गया।

शक्ति सिंह भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में

मऊ। दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष शक्ति सिंह को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान मिलने पर अब उनके मऊ सदर विधान सभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारियों की चर्चा तेज हो गयी है। समर्थक उत्साहित हैं। हालांकि पार्टी के तरफ से इस तरह के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

विसर्जन घाटों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार मिश्रा के साथ स्थित रामघाट तथा मुहम्मदाबाद गोहना में तमसा नदी के तट पर स्थित अतरारी घाट का निरीक्षण कर मूर्ति विसर्जन हेतु की गई तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अर्चना अग्निहोत्री पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह अधिशासी अधिकारी देवेश मिश्रा प्रभारी निरीक्षक कमल. कांत वर्मा गुंजन श्रीवास्तव अजय बहादुर सिंह सहित संबंधित अधिक. री एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

किसान दिवस का आयोजन

मऊ। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं को त्वरित निस्तारित करने पर जोर दिया गया।

मोटरसाइकिलों में टक्कर, दो घायल

मऊ। रामपुर थाना क्षेत्र के मधुबन बेल्थरा रोड मुख्य मार्ग स्थित फतहपुर बाजार में बुधवार की दोपहर दो बाइकों के आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये । आनन -फानन में उपस्थित लोगों ने दोनों घायल बाइक सवार को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मण्डाव में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार रामपुर थाना क्षेत्र के ढिलई फिरोजपुर गांव निवासी ईशान पुत्र इकबाल उस्मानी उम्र 22 वर्ष अपनी बाइक लेकर मधुबन से घर की तरफ जा रहा था कि ज्यों ही फतहपुर बाजार के समीप पंहुचा था कि विपरीत दिशा से आ रहे रामपुर थाना क्षेत्र के छतहरा निवासी एक व्यक्ति की बाइक से आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई । जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन -फानन में उपस्थित लोगों ने दोनों घायल बाइक सवारों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतहपुर मण्डाव में भर्ती कराया। जहाँ दोनों की स्थिति को गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया।

अवकाश कल

मऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी आनंद वर्द्धन ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 के अंतर्गत मतदान दिवस दिनांक 23 अक्टूबर को संबंधित शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के बोनाफाइड मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया गया है।

ट्रेलर पर पेड़ की डाल गिरने से एक घंटे बाधित रहा गमनागमन

मऊ। मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के अतरारी चुगी आशिक हुसैन रोड से मंगलवार को गुजर रहे एक ट्रेलर पर अचानक पेड़ की डाल गिरने से मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। करीब एक घंटे तक रास्ता बाधित रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को कफी परेशानी का सामना करना पड़ा।जानकारी के अनुसार, एक ट्रेलर सड़क से गुजर रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे स्थित पेड़ की एक बड़ी डाल टूटकर ट्रेलर पर गिर गई। अचानक हुई इस घटना से आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पेड़ की डाल सड़क पर फैल जाने के कारण अन्य वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया। देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

एफएलसी कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

मऊ। जिलाधिकारी आनंद वर्द्धन ने बुधवार को ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस में चल रहे एफएलसी (प्रथम स्तरीय जांच) कार्य का निरीक्षण किया।

झारखण्डेय राय और जयबहादुर सिंह की प्रतिमाएं उपेक्षित

मऊ। पूर्व सांसद विधायक मंत्री क्रांतिकारी झारखंडे राय एवं पूर्व सांसद क्रांतिकारी जयबहादुर सिंह की प्रतिमा धूप बरसात से खराब हो रही है । ज्ञापन देने में हिमांशु राय ,अरविंद कुमार, शुभम कुमार ,आलोक सिंह आदि लोग रहे। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कम्युनिस्ट नेता एवं झारखंडेय राय के नाती विवेक राय गोलू ने कहा कि बहुत समय से मांग कर रहा हूं अगर नहीं हुआ तो प्रतिमा के नीचे आमरण अनशन पर बैठूंगा ये क्रांतिकारी द्वय लोगों का अपमान है और ये बर्दाश्त नहीं करेंगे।

मतदान केन्द्रों का लिया जायजा

घोसी(मऊ)। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए एसडीएम घोसी अशोक कुमार सिंह ने खंड विकास कार्यालय घोसी और बड़राव में बनाए गए मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

घोसी में मारा गया रावण

घोसी(मऊ)। घोसी के रामलीला मैदान में मंगलवार रात रावण दहन के साथ दशहरा मेला संपन्न हो गया। प्रभु श्रीराम द्वारा रावण वध के जीवंत मंचन के दौरान पूरा रामलीला मैदान 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा।

२४ को विशेष अभियान, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए लगेंगे कैम्प

घोसी(मऊ)। निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से छूटे लोगों और पहली बार मतदान के लिए पात्र युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से 24 अक्टूबर को विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। अभियान को सफल बनाने के लिए बुधवार को घोसी तहसील सभागार में एसडीएम अशोक कुमार सिंह ने सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

संक्षिप्त समाचार

छात्रा का अपहरण, एफआईआर दर्ज

मऊ। मधुबन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 18 वर्षीय लड़की को अपहरण करने का आरोप एक युवक और उस के कुछ दोस्तों पर लगाते हुए थाने मे तहरीर देकर सम्बंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि मेरी लड़की सिपाह स्थित एक विद्यालय में पढ़ती थी बीते 2 अक्टूबर को रोज की भांति विद्यालय गई थी देर शाम तक विद्यालय से घर नहीं लौटी तो मैं परेशान हो गई और उसके मोबाइल पर फोन किया तो मोबाइल बंद बता रहा था । इधर-उधर तलाश किया मगर मेरी लड़की का कहीं पता नहीं चला,कुछ दिन बाद लोगों से मालूम हुआ कि मेरी लड़की को विद्यालय से घर आते समय रास्ते से रेहान अहमद पुत्र गुड्डू निवासी गोला थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर अपने दोस्तों के साथ उसका अपहरण कर लिया। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर रेहान और उस के अन्य दोस्तों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त,चालक घायल

मऊ। दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के मिर्जाहादीपुरा में बाइक को बचाने में अनियंत्रित होकर एक ई रिक्शा पलट गया। जिसमें ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि मोहम्मद सुफियान पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद अली उम्र 30 वर्ष निवासी मुंशीपुरा थाना कोतवाली ई रिक्शा चलाता था । बुधवार की सुबह लगभग 8.00 बजे अपना ई रिक्शा लेकर खुरहट की तरफ से मऊ के लिए आ रहा था इसी दौरान गलत दिशा से मिर्जाहादीपुरा की तरफ से जा रहा बाइक सवार सामने आ गया । उसी को बचाने में अनियंत्रित होकर ई रिक्शा पलट गया । जिसमें चालक का दाहिना हाथ बुरी तरह से फ्रैक्चर हो गया । स्थानीय लोगों ने उसे आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डा. प्रदीप यादव द्वारा प्राथमिक उपचार कर हालात को गंभीर देख हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

चलती ट्रेन से फेंके गये पत्थर से युवक घायल

मऊ। रतनपुरा पश्चिम रेलवे क्रासिंग 24बी के पास मंगलवार की शाम करीब छह बजे ट्रेन गुजरने के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने पत्थर फेंक दिया, जिससे रतनपुरा कस्बा निवासी अनुराग राजभर उम्र 24वर्ष, पुत्र चंद्रिका राजभर, गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुरा ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। उपचार के बाद अनुराग घर लौट आया है।

राम बारात का जगह-जगह स्वागत

मऊ। चिरैयाकोट की रामलीला के चौथे दिन सोमवार को नगर दर्शन, मीना बाजार, फुलवारी, धनुष यज्ञ तथा परशुराम लक्ष्मण संवाद की रोमांचक लीला का मंचन हुआ। जिसमें विशिष्ट अतिथि विनय सिंह अध्यक्ष व्यापार मण्डल चिरैयाकोट ने श्री रामलीला समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद मौर्य तथा अतिथि जयप्रताप यादव भावी ब्लाक प्रमुख रानीपुर को अंगवस्त्रम के साथ राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। राम बारात देखने भीड़ उमड़ पड़ी।बारात का जगह-जगह स्वागत किया गया।

विश्व में सबसे कम समय का सबसे बड़ा मेला

गले मिले जब चारों कुमार, नयनों से बही अश्रुधार





काशी का सांसद होने के नाते मुझे इस परंपरा को लेकर विशेष गर्व की अनुभूति हो रही है। इस पोस्ट के साथ ही प्रधानमंत्री ने भरत मिलाप के लक्खा मेला की चार तस्वीरें भी संलग्न की हैं। विश्व में सबसे कम समय का सबसे बड़ा मेला है। परंपराओं की एक समृद्ध और गौरवशाली गाथा समेटे महज 15 मिनट के इस आयोजन में लाखों की भीड़ उमड़ती है और महज चार मिनट के नयनाभिराम दृश्य के लिए अपनी संपूर्ण संवेदना, आस्था उड़ेल कर रख देती है। आज से 480 वर्ष पूर्व जब गोस्वामी तुलसीदास यहां श्रीरामचरित मानस की रचना कर रहे थे, उसी समय 1543 ईस्वी में उनके शिष्य संत मेधा भगत ने इस मेले का शुभारंभ किया था। मेले के साथ जुड़ी परंपराएं भी आश्चर्य से कम नहीं। यहां प्रभु श्रीराम को लेकर आने वाले पुष्पक विमान का वजन 5000 किलोग्राम है, जिसे लगभग 100 यादव बंधु परंपरानुसार अपने कंधों पर उठाकर लगभग चार किमी की दूरी तय करते हैं। हालांकि प्रभु की पालकी उठाने के लिए 500 यादव बंधुओं का दल तैयार रहता है और अपना कंधा लगाता रहता है। यादव बंधु इस कार्य के लिए नई धोती, नई बनियान व नई पगड़ी धारण करते हैं, आंखों में काजल लगाते हैं और पूरे भक्ति भाव से प्रभु की पालकी उठाते हैं। अपने पूर्वजों की परंपरा का पालन करते हुए काशीराज परिवार के कुंवर अनंत नारायण सिंह हाथी पर सवार होकर लीला स्थल पहुंचते हैं, हाथी पर से ही प्रभु श्रीराम के साथ सबका अभिवादन करते हुए उनके विमान के पास पहुंच प्रसाद स्वरूप तुलसी दल और पुष्प पंखुड़ियां ग्रहण कर सोने की गिन्नी आयोजकों को प्रदान करते हैं। परिक्रमा करते हुए निकलते समय सशस्त्र पुलिस बल उन्हें गार्ड आफ आनर प्रदान करता है। विमान के जाते ही श्रीराम व भरत चबूतरे पर बिखरे तुलसी दल व पुष्प पंखुड़ियों को प्रसाद रूप में पा लेने तथा चबूतरों पर मत्था टेकने की होड़ मच जाती है। एक ओर अस्ताचल में डूब जाने को कुछ ही शेष बचा था सूर्य का अंश, तो दूसरी ओर भ्रातृ प्रेम का अनुपम आदर्श गढ़ रहा था सूर्यवंश। बुधवार की शाम संपूर्ण ब्रह्मांड मानो ब्रह्मांडनायक की अनोखी भावलीला और आदर्श का सर्वोत्कृष्ट स्वरूप देखने को ठहर सा गया था। श्रीराम-भरत मिलाप की विश्वप्रसिद्ध लीला नाटीइमली के मैदान में आयोजित हुई तो शिव की काशी में त्रेता का वह पावन क्षण सजीव हो उठा। इस लक्खा मेले में चारों भाइयों के भावपूर्ण मिलन को देख लाखों श्रद्धालुओं की पलकों से खुशियों के अनगिन मोती छलक उठे। गले मिल चारों भाइयों संग जनकनंदिनी सीता मैया ने भक्तों को दर्शन दिया। चारों भाइयों के मिलन की दुर्लभ छवि को हमेशा के लिए सहेज लेने को आतुर काशीवासियों की सजल आंखों ने गीले नयन के कोरों से समूचे दृश्य को अपने हृदय में बसाया तो सहज ही जुड़ उठे दोनों हाथ और लाखों कंठों से फूट पड़ा चारों भइयन की जय का उद्घोष वातावरण को अपनी सरस गरिमा में आच्छादित कर लिया। परंपरानुसार काशिराज परिवार के अनंत नारायण सिंह ने भी लीला स्थल पहुंच इस भावपूर्ण दृश्य को निहारा तो गिन्नियां भेंट कर तुलसीदल व पुष्प प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर के एक बजे से ही हर पग नाटीइमली की ओर बढ़ चले थे। बांस-बल्लियों से घिरा मैदान जब लोगों से पट गया तो आसपास की सड़कें, छतें सभी लोगों से अट गईं। युवा, बुजुर्ग व बालमन सभी ने पलकों में प्रभु की मूरत बसाए, लीला मंच पर नजरें गड़ाए एक झलक पा लेने का हर प्रकार से जतन किया। घड़ी की सुइयों के 4.35 बजने का संकेत देते ही हृदय की धड़कनें बढ़ गईं। रामदूत हनुमान से हृदयप्रिय बड़े भैया के आगमन का समाचार पाकर अयोध्या (बड़ा गणेश) से नंगे पांव दौड़ते चले आए भरत-शत्रुघ्न प्रभु चरणों में साष्टांग दंडवत हुए। गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई परे भूमि नहि उठत उठाए, बल करि कृपा सिंधु उर लाए। श्यामल गात रोम भये ठाढ़े, नव राजीवनयन जल बाढ़े गूंज के बीच दौड़कर पहुंचे भक्तवत्सल प्रभु ने श्रीभरत को उठा कर गले से लगा लिया। चारों भाई बारी-बारी से गले मिले, हर ओर से पुष्पवर्षा होने लगी और 'हर-हर महादेव', 'जय श्री राम' तथा 'चारों भइयन की जय' के उद्घोष से मैदान गूंज उठा। हाथ की अंगुलियां उठ कर भावातिरेक से गीले हो चुके नयन के कोरों को पोंछतीं फिर हाथ परस्पर जुड़ जाते और भाव भरे हृदय से निकल जयकारों की ध्वनि वातावरण में आच्छादित हो जाती। चारों भाइयों ने प्रत्येक दिशाओं में घूमकर श्रद्धालुओं को दर्शन दिया और विभोर कर दिया तो दिव्य दृश्य से विह्वल अस्ताचलगामी सूर्य की किरणों ने भी प्रभु चरणों में लोटकर खुद को धन्य कर लिया। मिलन बाद विमान से चारों भाई, माता सीता व पवनसुत अयोध्या प्रस्थान किए। प्रभु के विमान पालकी के कहार बने यादव कुमार छलकती भक्तिरूपी सुधा का पान कर अघाए तो निहाल हो गए।







९९ साल की दादी का अनोखा कारनामा

बढ़ती उम्र के साथ जिंदगी पहले जैसी आसान नहीं रहती। कई बुजुर्गों को घुटनों में दर्द, चलने-फिरने में परेशानी और दूसरी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कुछ लोगों के लिए रोजमर्रा के छोटे-छोटे काम करना भी चुनौती बन जाता है। उम्र बढ़ने के साथ अकेलेपन और दूसरों पर निर्भर रहने की परेशानी भी महसूस हो सकती है। ऐसे में ज्यादातर लोगों के लिए कोई नया और जोखिम भरा काम करने के बारे में सोचना भी मुश्किल होता है. लेकिन ब्रिटेन में रहने वाली 99 साल की हेल्गा डफी ने ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। उन्होंने उड़ते हुए प्लेन के पंख पर खुद को बांधकर आसमान की सैर की और



दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला विंग वॉकर बन गईं। उनके इस कारनामे ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह बनाई है। हेल्गा डफी मूल रूप से जर्मनी की रहने वाली हैं. फिलहाल वह ब्रिटेन के विल्टशायर में डेविजेस स्थित एक केयर होम में रहती हैं। उन्होंने यह अनोखा कारनामा ग्लॉस्टरशायर के सिरेनसेस्टर स्थित आरएफसी रेंडकॉम्ब एयरफील्ड पर किया। इस चुनौती के लिए हेल्गा को एक छोटे विमान, जिसे बाइप्लेन कहा जाता है, के ऊपरी पंख पर खास सुरक्षा उपकरणों की मदद से मजबूती से बांधा गया. इसके बाद विमान ने उड़ान भरी और हेल्गा करीब आठ मिनट तक हवा में रहीं। रिकॉर्ड के लिए कम से कम पांच मिनट तक उड़ान में रहना जरूरी था. उन्होंने इस चुनौती को पूरा कर दिखाया. जिस उम्र में कई लोग लंबी दूरी तक चलने से पहले भी सोचते हैं, उस उम्र में हेल्गा का इस तरह आसमान में उड़ना अपने आप में खास उपलब्धि है.हेल्गा ने 16 अक्टूबर 2026 को यह रिकॉर्ड बनाया. उस दिन उनकी उम्र 99 साल और 21 दिन थी. गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने उन्हें दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला विंग वॉकर के रूप में मान्यता दी। इस कारनामे के पीछे एक दूसरी बुजुर्ग महिला की कहानी भी है. हेल्गा ने 97 साल की बेट्टी ब्रोमेज को विंग वॉक करते देखा था. बेट्टी की इस उपलब्धि से प्रेरित होकर हेल्गा के मन में भी ऐसा ही कुछ करने की इच्छा जगी. उन्होंने तय किया कि वह भी यह चुनौती पूरी कर सकती हैं. हेल्गा की उड़ान पहले उनके 99वें जन्मदिन यानी 23 सितंबर को होनी थी, लेकिन किसी वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया। आखिरकार अक्टूबर में उन्होंने अपना सपना पूरा कर लिया। उड़ान के बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अधिकारी विल मनफोर्ड ने उन्हें सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अब यह सर्टिफिकेट उनके केयर होम में रखा गया है।

ई-सिगरेट बदल डालता है आवाज

वेपिंग का मतलब 'ई-सिगरेट पीना' यानी इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट से स्मॉकिंग करना है. ये सामान्य धूम्रपान से ऐसे ही अलग है कि इसमें ई-सिगरेट का इस्तेमाल किया जाता है। वेपिंग एक बैटरी से चलने वाले उपकरण जैसे ई-सिगरेट, वेप पेन, या ई-हुक्का के जरिए किसी तरल पदार्थ को गर्म करके उसकी भाप या एरोसोल को सांस के जरिए अंदर लेने की प्रक्रिया है। कई लोगों को लगता है कि वेपिंग सामान्य स्मोकिंग से ज्यादा सुरक्षित है पर ऐसा बिलकुल नहीं है। दरअसल वेपिंग में तंबाकू नहीं जलता और इसलिए लोग इसे सुरक्षित या अच्छा समझते हैं लेकिन वेपिंग से निकलने वाला धुआं सिर्फ पानी का भाप नहीं होता। इसमें कई हानिकारक चीजें होती हैं जो सांस और दिल की सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है। वेपिंग के लिक्विड से निकलने वाले धुंए में निकोटीन, भारी धातुएँ जैसे लेड, निकेल और टिन, हानिकारक केमिकल्स, फ्लेवर देने वाले केमिकल हो सकते हैं जो साँस के साथ अंदर जाने पर नुकसान पहुंचाते हैं। ये चीजें गले और वोकल कॉर्ड्स को प्रभावित कर सकती हैं. इससे गला सूख सकता है, जलन हो सकती है और आवाज़ की क्वालिटी खराब हो सकती है. रिसर्च बताती है कि ई-सिगरेट का इस्तेमाल वोकल कोर्ड्स को प्रभावित कर सकता है। 2025 में एक अध्ययन में कहा गया कि 'ई-सिगरेट का इस्तेमाल आवाज़ की नली की ऊपरी परत में सूजन पैदा कर सकता है। इसमें मौजूद चीज़ें नमी कम कर देती हैं, जिससे खांसी और सांस लेने में तकलीफ हो सकती है।



इससे आवाज़ की नली खराब हो सकती है और आवाज़ की क्वालिटी बिगड़ सकती है।' वेपिंग के धुएं से आवाज़ की नली में जलन और सूखापन आता है। इससे आवाज़ कर्कश हो सकती है, खांसी आ सकती है और आवाज़ पर जोर पड़ सकता है. हालांकि अभी भी इस विषय पर और रिसर्च की जरूरत है कि वेपिंग कैसे आवाज को हमेशा के लिए बदलकर रख देती है। यह पहला मौका नहीं है जब सेलेना ने अपनी आवाज में आ रहे बदलाव के बारे में बात की है। दिसंबर 2025 में भी सिंगर ने अपनी आवाज के बदलाव पर बात की थी लेकिन तब सेलेना ने वेपिंग का जिक्र नहीं किया था। तब उन्होंने कहा था कि उनका गला अंदर से सूज रहा है, लेकिन अब सेलेना ने बताया कि कैसे उनकी आवाज का बदलाव वेपिंग की आदत से जुड़ा है. दरअसल सेलेना को ल्यूपस नाम की ऑटोइम्यून बीमारी है। ल्यूपस शरीर के कई हिस्सों को प्रभावित कर सकता है। कुछ मामलों में यह गले (लैरिंक्स) में सूजन पैदा कर सकता है। इससे आवाज़ कर्कश, भारी या थकी हुई लग सकती ह। ऐसे में पहले उनकी आवाज के बदलाव को इसी से जुड़ा माना गया था। पर अब सेलेना के इस नए खुलासे ने कई चीजें बदल दी हैं। जानीमानी सिंगर सेलेना गोमेज़ अपने फैंस से खुद कह रही हैं कि अगर उन्हें अब उनकी आवाज पसंद नहीं आ रही और वो उनके गाना नहीं सुनना चाहते तो लोग उनके गाने सुनना बंद कर सकते हैं. ये सेलेन का 'एटिट्यूड' या घमंड नहीं है, बल्कि उन्होंने लोगों के सामने अपनी 'निकोटीन वेपिंग' 'ई-सिगरेट' की लत के बारे में बात करते हुए ऐसा कहा है. सिंगर का कहना है कि उनकी आवाज इसकी वजह से पूरी तरह बदल गई है और अब वो इसे चाहकर भी नहीं बदल सकती हैं। सेलेना को यह भी डर है कि हो सकता है कि उनकी आवाज हमेशा के लिए बदल गई है।

व्हिसलिंग विलेज, जहां लोग एक-दूसरे को नामसे नहीं, बल्कि खास धुनसे बुलाते हैं

भारत में गांवों की अपनी अलग दुनिया है। कहीं लोग आज भी पुरानी परंपराओं को सहेजकर रखे हुए हैं, तो कहीं रहने-सहने और एक-दूसरे से बातचीत करने के तरीके लोगों को हैरान कर देते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले लोगों की भाषा, पहनावा,



खानपान और रीति-रिवाज भी अलग हैं. लेकिन क्या आपने कभी ऐसे गांव के बारे में सुना है, जहां लोग एक-दूसरे को नाम लेकर नहीं, बल्कि सीटी बजाकर या खास धुन गाकर बुलाते हैं? सुनने में यह बात थोड़ी अजीब लग सकती है, लेकिन भारत में एक ऐसा गांव है, जहां हर व्यक्ति की पहचान के लिए एक अलग धुन बनाई गई है। हैरानी की बात यह है कि यहां बच्चे के जन्म के बाद उसकी मां ही उसके लिए यह धुन बनाती है. इसी अनोखी परंपरा के कारण इस गांव को व्हिसलिंग विलेज, यानी सीटी वाला गांव के नाम से भी जाना जाता है। भारत के इस अनोखे गांव का नाम कोंगथोंग है, जो मेघालय के पूर्वी खासी हिल्स जिले में स्थित है। यह राज्य की राजधानी शिलांग से लगभग 55 से 60 किलोमीटर दूर है. पहाड़ियों और हरियाली के बीच बसा यह गांव अपनी खूबसूरत प्राकृतिक छटा के साथ-साथ एक अनोखी सांस्कृतिक परंपरा के लिए भी जाना जाता है।

रश्मिका मंदाना ने दिखायी कातिल अदाएं

बात की जाए साउथ सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्रियों के बारे में तो उनमें रश्मिका मंदाना का नाम भी शामिल होता है। हाल ही में सोशल मीडिया पर राणाबली एक्ट्रेस रश्मिका की लेटेस्ट तस्वीरें सामने आई हैं, जिनको लेकर फिलहाल एक्ट्रेस सिनेमाई गलियारे में छाई हुई हैं। एक दिन बाद रश्मिका मंदाना की अपकमिंग फिल्म राणाबली फिल्म को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाना है। इसकी रिलीज से पहले उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को शेयर किया है, उनके लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की हैं, जो अब चर्चा का विषय बन गई हैं। इस लेख में रश्मिका मंदाना की जिन तस्वीरों के बारे में जिक्र किया जा रहा है, उनमें वह साड़ी में नजर आ रही हैं। अब रश्मिका का सादगी से भरा हुआ ये अंदाज हर किसी का ध्यान का खींच रहा है और एक्ट्रेस की फोटोज सभी को बेहद पसंद आ रही हैं। अपनी लेटेस्ट फिल्म राणाबली की रिलीज से पहले रश्मिका मंदाना ने इन तस्वीरों के इंस्टा कैप्शन में लिखा है- राणाबाली जयम्मा, एक और दिन... उम्मीद है कि सब कुछ अच्छा रहे... और आप लोगों को यह फिल्म पसंद आए, और जयम्मा भी पसंद आए। बता दें कि जयम्मा फिल्म में रश्मिका के किरदार का नाम है। आलम ये है अब कि रश्मिका मंदान की ये लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर आग की तरह वायरल हो रही हैं। फैंस को उनके लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें काफी पसंद आ रही हैं, वे इन पर जमकर लाइक और कमेंट करके अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर रहे हैं। मालूम हो कि शादी के बाद रश्मिका मंदाना की अपने पति और साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा संग राणाबली उनकी पहली फिल्म है। इससे पहले ये कपल डियर कॉमरेड और गीता गोविंदम नाम की सुपरहिट फिल्में भी बतौर कलाकार नजर आ चुके हैं। रश्मिका मंदाना की राणाबली थिएटर्स में रिलीज हो रही है। इस ड्रामा पीरियड मूवी के बाद बतौर अभिनेत्री रश्मिका अन्य कई मूवीज में भी दिखाई देंगी, जिनमें से सबसे अधिक चर्चा फिल्म मायसा को लेकर हो रही हैं। इससे मूवी से एक्ट्रेस का इंटेंस लुक हर तरफ छाया हुआ है।



चेहरेमें छिपे हैं मौतके संकेत

क्या किसी कैंसर मरीज के चेहरे को देखकर ये बताया जा सकता है कि वो कितने दिन जिंदा रहेगा? वैज्ञानिकों का दावा है कि ऐसा हो सकता है। बोस्टन स्थित मैसाचुसेट्स जनरल ब्रिघम कैंसर इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं ने एक ऐसा मॉडल बनाने का दावा किया है जो तस्वीर देखकर चेहरे में छिपे मौत के संकेत पहचान लेगा। एआई आधारित इस मॉडल को 4 करोड़ से ज्यादा तस्वीरों से ट्रेंड किया गया है। इसका नाम FAHR-FaceAge रखा गया है जो चेहरे से किसी भी व्यक्ति की असल उम्र बता सकता है। ये मॉडल ये भी पता लगा सकता है कि शरीर में क्या दिक्कतें हैं और उनकी वजह से उसके जीवन को कितना खतरा है. वैज्ञानिकों की इस रिसर्च को द लैंसेज डिजिटल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित किया गया है। मैसाचुसेट्स जनरल ब्रिघम कैंसर इंस्टीट्यूट के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट रेमंड मैक ने इसे लीड किया है। उन्होंने दावा किया कि तस्वीर से किसी व्यक्ति की मौत का जोखिम पता लगाने वाला यह अपने तरह का पहला मॉडल है. मॉडल का कैंसर मरीजों पर रिसर्च किया गया. इसमें खतरे के हिसाब से 10-10 प्रतिशत मरीजों के 10 वर्ग बनाए गए. इनमें एआई मॉडल ने जिन 10 प्रतिशत मरीजों की मौत के बारे में सबसे ज्यादा खतरा जताया था उनमें से आधी की मौत 90 दिन के अंदर हो गई। जो 10 प्रतिशत मरीजों में मौत की संभावना बेहद कम थी उनमें से सिर्फ 2 प्रतिशत की ही मौत हुई। पिछले साल फेसएज अध्ययन में शुरुआती तौर पर ये साबित किया गया था कि किसी व्यक्ति के चेहरे की तस्वीर से उसकी उम्र का अनुमान लगाया जा सकता है। इस पर काम किया और मॉडल तैयार किया जो ज्यादा सटीक है। इसी का दूसरा पार्ट फेससर्वाइवल है जो कैंसर मरीजों में मृत्यु के जोखिम का सीधे अनुमान लगाता है। 30 हजार कैंसर



मरीजों की तस्वीरों और उनके इलाज तथा मेडिकल हिस्ट्री से जुड़ी जानकारियों का अध्ययन किया। इसमें ये जानकारी दी गई थी कि संबंधित मरीजों के जीने की संभावना कितनी है। इस डाटा में उन मरीजों की जानकारी भी शामिल थी जो अब इस दुनिया में नहीं है. डाटा में ये भी बताया गया था कि मरीज कितने समय तक जीवित रहे, कैंसर का पता चलने के बाद उनकी मृत्यु हुई या नहीं और अगर हुई तो कब हुई। मॉडल को ऐसे ट्रेंड किया गया जिससे ये आंखों के नीचे के हिस्से और नाक के ऊपरी हिस्से के आसपास चेहरे पर ज्यादा ध्यान देता है हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि एल्गोरिदम चेहरे के इन हिस्सों में वास्तव में किन संकेतों को पहचानता है और उन संकेतों के आधार पर निष्कर्ष तक कैसे पहुंचता है. रिसर्च में जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के मशीन लर्निंग एंड हेल्थकेयर लैब की प्रोफेसर और निदेशक सुची सारिया भी शामिल रहीं। अभी हमें यह नहीं पता कि चेहरे के इन हिस्सों में मौजूद कौन-सी शारीरिक विशेषताएं ऐसे संकेत दे रही हैं हालांकि मैक हिप्पेक्रेट्स की पुस्तक बुक ऑफ प्रोग्नोस्टिक्स का उदाहरण देते हैं जिसमें ये बताया गया है कि मौत का चेहरा कैसा होता है। इसके मुताबिक जब नाक नुकीली हो जाए, आंखें धंसी हों और कपटियां पिचकने लगें तो समझ लेना चाहिए की मौत नजदीक है। उन्होंने दावा किया कि मॉडल भी इसी से अंदाजा लगा रहा है। वैज्ञानिक मॉडल की कुछ सीमाओं को स्वीकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि इसकी विश्वसनीयता जांचने के लिए अलग-अलग देशों और अलग-अलक बैकग्राउंड वाले लोगां को रिसर्च की जरूरत है. इसी साल प्रकाशित एक अन्य अध्ययन में मैक और उनके सहयोगियों ने कई वर्षों के दौरान ली गई तस्वीरों का विश्लेषण किया था. इसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि समय के साथ जैविक उम्र के अनुमान में किस तरह बदलाव आता है और इन बदलावों का मरीजों के जीवित रहने की अवधि से क्या संबंध है।